ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण कृष्ण पक्ष 13 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 15 जुलाई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 162 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

आलिया करेंगी एक्शन सीन, स्पाई यूनिवर्स में ... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### बजरा मौजा की जमीन पर केस दर्ज करने के लिए ईडी ने लिखा पत्र

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमएलए की धारा 66 (2) के तहत झारखंड के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर हेहल अंचल के बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन पर एफआईआर दर्ज करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते 12 जून को बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन, जिसका बाजार मूल्य 32.87 करोड़ रुपये है, उसे अस्थाई तौर पर जब्त किया है। इसी मामले में ईडी ने चार्जशीट दाखिल किया है।

### लोहरदगा में रिश्वत लेते कर्मचारी गिरफ्तार

**लोहरदगा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भंडरा प्रखंड के बड़गांई पंचायत के रविंद्र कुमार साहू वीएलडब्ल्यू सह प्रभारी पंचायत सचिव को 16,500 रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. टीम उसे रांची ले गई। वह विकास गिरी और छेदी राम से पीसीसी योजना के फाइनल भुगतान के लिए 16500 रुपये घूस मांग रहा था। लाभुकों की शिकायत के बाद शुक्रवार को निगरानी ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### रांची में धारदार हथियार से मारकर युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** मांडर थाना क्षेत्र में एक युवक बबलू मुंडा उर्फ कृष्णा मुंडा की हत्या में शामिल आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। युवक की धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी गयी थी। वह चान्हो थाना क्षेत्र का रहने वाला था। थाना प्रभारी विनय यादव ने बताया कि मांडर के सोसई आश्रम के समीप बबलू मुंडा उर्फ कृष्णा कुछ दिनों से फूफा सूरज मुंडा के घर पर रह रहा था। उसका फूफा उसे वहां से अपने घर जाने के लिए कह रहा था लेकिन बबलू वहां से नहीं जा रहा था। वह वहीं पर घर बनाकर रहने की फिराक में था। इसी विवाद में उसके फूफा ने धारदार हथियार से मारकर उसकी हत्या कर दी।



# 'चंद्रयान-3' मिशन सफलतापूर्वक हुआ लॉन्च

**एजेंसी। श्रीहरिकोटा**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को चंद्रमा पर अपने तीसरे मिशन चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया। यहां सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चंद्रयान-3 के साथ 642 टन वजन वाले बाहुबली रॉकेट एलवीएम3 ने दोपहर बाद 2.35 बजे उड़ान भरी। लगभग 2.52 बजे धरती से करीब 179 किमी की ऊंचाई पर चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक रॉकेट से अलग हो गया। चंद्रयान को चंद्रमा पर पहुंचने में करीब 40 दिन और लगेंगे। इस दौरान चंद्रयान-3 लगभग 3.84 लाख किमी की लंबी चंद्रमा की यात्रा शुरू करेगा। लैंडर के 23 या 24 अगस्त को चंद्रमा की जमीन पर सॉफ्ट लैंडिंग करने की उम्मीद है। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान में ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### राष्ट्रपति ने चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई दी



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए भारत के तीसरे चंद्र मिशन-चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर शुक्रवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई दी और कहा कि यह अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति के प्रति राष्ट्र की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति मुर्मू के हवाले से ट्वीट किया, भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर है। इसके लिए इसरो, टीम और उन सभी को शुभकामनाएं, जिन्होंने इस कार्य को पूरा करने के लिए अथक परिश्रम किया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति के प्रति राष्ट्र की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

### देश की आशाओं को आगे बढ़ाएगा चंद्रयान-3 मिशन : पीएम मोदी



**पीएम** मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 14 जुलाई हमेशा के लिए स्मृति में अंकित हो जाएगा, क्योंकि इसरो का चंद्र मिशन चंद्रयान-3 शुक्रवार को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च होने वाला है। प्रधान मंत्री ने ट्वीट किया, चंद्रयान -3 मिशन के लिए शुभकामनाएं! मैं आप सभी से इस मिशन और अंतरिक्ष, विज्ञान और नवाचार में हमने जो प्रगति की है, उसके बारे में और अधिक जानने का आग्रह करता हूं। यह आप सभी को बहुत गौरवान्वित करेगा। मोदी ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा,जहां तक भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र का सवाल है, 14 जुलाई 2023 हमेशा सुनहरे अक्षरों में अंकित रहेगा। चंद्रयान-3, हमारा तीसरा चंद्र मिशन, अपनी यात्रा शुरू करेगा। यह उल्लेखनीय मिशन हमारे देश की आशाओं और सपनों को आगे बढ़ाएगा।

### सीएम ने स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक, कहा

# शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र करें

**विद्यालयों में बच्चों के लिए एक्टिविटीज हों**

**रीडिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करें**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के बच्चों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में सरकारी विद्यालयों की मजबूत किया जा रहा है। विद्यालयों में आधारभूत संरचना और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ पठन-पाठन की नवीनतम एवं आधुनिक तकनीक से संबंधित संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सीएम शुक्रवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए बोल रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्राथमिक, माध्यमिक और प्लस-टू विद्यालयों में शिक्षकों के खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज करें, ताकि विद्यालयों का संचालन बेहतर तरीके से हो।

विभाग के सचिव के रवि कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्लस-टू विद्यालयों में प्रधानाचार्य, शिक्षक और प्रयोगशाला सहायक के पदों पर नियुक्ति के लिए जेएसएससी ने अधियाचना जारी कर दी गई है। माध्यमिक विद्यालयों, मॉडल स्कूलों और अन्य श्रेणियों के विद्यालयों के लिए भी शिक्षक एवं प्रयोगशाला सहायक के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। सहायक आचार्य के 26 हजार पदों पर बहाली की प्रक्रिया भी जल्द शुरू हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए विद्यालयों में पठन-पाठन के अलावा खेल- संगीत जैसी एक्टिविटीज निरंतर चलनी चाहिए। बच्चों के बीच तरह -तरह की प्रतियोगिताएं हों, ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ने का बेहतर माहौल मिले, इसके लिए जिलों में रीडिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करें। यहां सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ वाईफाई की भी व्यवस्था होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को पठन-पाठन से संबंधित सामग्री और यूनिफॉर्म सत्र शुरू होने के समय ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। राज्य में सभी सरकारी विद्यालयों का फिजिकल मैपिंग कराएं। जो भी विद्यालय भवन जर्जर हों, उसकी मरम्मत कराई जाए और इसमें गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाए। इसके साथ हर तीन वर्ष पर विद्यालयों का मेंटेनेंस होना चाहिए। सरकार ने जिस मकसद से स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और मॉडल स्कूल खोले हैं, उसका सार्थक परिणाम सामने आना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-समय पर इन विद्यालयों का निरीक्षण कर यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए एक अलग आवासीय विद्यालय बनाने की कार्य योजना बनाएं। यहां बच्चों के पठन-पाठन के साथ-साथ खेल, संगीत, फिजिकल एजुकेशन देने आदि की भी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि दिव्यांग बच्चे-बच्चियों की जो प्रतिभा है से निखार कर सामने लाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सरकारी विद्यालयों के परिसर में पौधा लगाने का भी कार्य करें। इसके ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# संजय मर्डर केस में शूटर्स सहित पांच गिरफ्तार



**तीन डॉट मैसेज वाले की तलाश**

**जेल में रची गई साजिश**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के जाने-माने बिल्डर रहे स्वर्गीय कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या कांड का रांची पुलिस ने खुलासा कर लिया है। हत्याकांड में शामिल भाड़े के दो शूटर्स, एक महिला सहित कुल पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।संजय की हत्या के साजिश रांची जेल में रची गई थी।

रांची पुलिस ने संजय सिंह हत्याकांड में शामिल एक महिला सहित पांच अपराधियों को तो गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन संजय सिंह को गोली मारने वाले अपराधी आकाश ने पुलिस के पूछताछ में यह बताया है कि उसे राहुल ने एक वीपीएन नंबर दिया था जिसमें उसे 3 बार डॉट लिखकर भेजना था जिसके बाद उस शख्स को यह जानकारी हो जाती की संजय सिंह की हत्या कर दी गई है। रांची पुलिस से जानती है कि मैसेज पाने वाला शख्स भी हत्या की साजिश में शामिल है पुलिस उसका पता लगा रही है इसके लिए वह राहुल कुजुर सहित बाकी अपराधियों को जल्द रिमांड पर लेगी। तीन डॉट भेज कर किसी को जानकारी देना है कि मार दिए। संदीप ने किसी को भेजा था।वीपीएन नम्बर पर मैसेज किया गया था। अकाउंटेंट संजय सिंह की साजिश रांची जेल में बंद स्वर्गीय कमल भूषण के दमाद राहुल कुजूर ने रची थी। इस साजिश में राहुल के साथ-साथ उसकी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**कमल भूषण की हत्या भी राहुल ने ही की थी**

गौरतलब है कि राहुल कुजूर और कमल भूषण के बीच उस समय से दुश्मनी शुरू हो गई थी जब राहुल ने कमल भूषण की बेटी से शादी कर लिया था। दुश्मनी इतनी बड़ी कि राहुल ने अपने पिता और चाचा के साथ मिलकर पिछले साल मई महीने में कमल भूषण की दिनदहाड़े हत्या कर दी थी।

# प्रधानमंत्री मोदी को मिला फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान, 'लीजन ऑफ ऑनर'

**एजेंसी। पेरिस**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक एवं सैन्य सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया है। फ्रांस गणराज्य के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार देर रात पेरिस के एलिसी पैलेस में एक समारोह में मोदी को इस सम्मान से अलंकृत किया। भारतीय प्रधानमंत्री को पहली बार फ्रांस का सर्वोच्च सैन्य नागरिक सम्मान प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री ने भारत के लोगों की ओर से इस अद्वितीय सम्मान के लिए मैक्रोन को धन्यवाद दिया। पूर्व में, लीजन ऑफ ऑनर का ग्रैंड क्रॉस दुनिया भर के चुनिंदा नेताओं और प्रतिष्ठित हस्तियों को प्रदान किया गया है। इनमें दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला, वेल्स के तत्कालीन राजकुमार एवं ब्रिटेन के राजा किंग चार्ल्स, जर्मनी की पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल, संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बुतरस बुतरस घाली समेत कई हस्तियां शामिल हैं। फ्रांस द्वारा दिया गया यह सम्मान मोदी को विभिन्न देशों द्वारा दिए गए शीर्ष अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों और सम्मानों की श्रृंखला में एक और सम्मान है। इनमें जून 2023 में मिस्र द्वारा ऑर्डर ऑफ द नाइल, मई 2023 में पापुआ न्यू गिनी द्वारा कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू, मई 2023 में फिजी द्वारा कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी, मई 2023 में पलाऊ गणराज्य द्वारा एबाकल अवार्ड शामिल हैं।

### विष्णु अग्रवाल की पुगडु जमीन डील में 17 लोगों को ईडी का समन

**रांची।** जमीन घोटाले की जांच में झारखंड-बंगाल के चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल की मुसीबत बढ़ सकती है। अग्रवाल से ईडी जहां 17 जुलाई को पूछताछ करेगी, वहीं पुगडु में अग्रवाल के द्वारा खरीदी गई 9.30 एकड़ खासमहल जमीन की डील से जुड़े 17 लोगों को अब ईडी ने समन कर दिया है। 19 जुलाई से इन लोगों से रोजाना ईडी पूछताछ करेगी। ईडी ने जून महीने में ही पुगडु जमीन डील से जुड़े सारे दस्तावेज जिला प्रशासन से हासिल किए थे। लीज नवीकरण के लिए आवेदन दिया, फिर बेची जमीन, समन ईडी ने इस मामले में आशीष कुमार गांगुली समेत 17 को समन किया है।

### जन्म-मृत्यु निबंधन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अभियान का किया शुभारंभ

# हर बच्चे का बने जन्म प्रमाण पत्र : रामेश्वर उरांव

**14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक चलेगा अभियान**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा है कि जन्म-मृत्यु निबंधन कराना बहुत महत्वपूर्ण है। इसके नहीं होने से लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे लोग हैं, जिनकी जन्म तिथि अन्दाज पर उनके स्कूल आदि में दर्ज हो गया। वहीं उनका जन्म प्रमाण पत्र हो गया। इससे उनके 60 वर्ष पूर्ण होने से पहले ही स्कूल जन्म प्रमाणपत्र के आधार पर रिटायरमेंट मिल गया। वहीं कई जगह ऐसे भी उदाहरण मिल जाते हैं कि छोटे एवं बड़े भाई बहन दोनो का जन्म का दिवस एक ही है। सरकार द्वारा इन सभी तरह की समस्याओं के निराकरण हेतु इस अभियान को चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस हेतु हम सब को मिलकर लोगों को जागरूक करने का काम करना है, जिससे भविष्य में ऐसे एक भी बच्चे न हों, जिनका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना हो। वे शुक्रवार को झारखंड में जन्म-मृत्यु निबंधन के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने एवं निबंधन से संबंधित व्यापक जन-जागरूकता पैदा करने के तहत 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक चलने वाले विशेष अभियान कार्यक्रम का प्रोजेक्ट भवन, रांची से शुभारंभ कर रहे थे।

मंत्री ने कहा कि जन्म के साथ-साथ मृत्यु का भी निबंधन कराना बहुत महत्वपूर्ण है। यह पूर्वजों की सम्पत्ति प्राप्त करने, कोर्ट कचहरी के मामले में महत्त्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में काम आता है। साथ ही मृत्यु प्रमाण पत्र का बैंक एवं एलआईसी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट की चुनौतियों को सही ढंग से समझना जरूरी

# क्रिप्टोकरेंसी की फंडिंग संवेदनशील

**विनायक गोडसे। नई दिल्ली**



क्रिप्टोकरेंसी आधारित अर्थव्यवस्था का स्वरूप सही मायनों में वैश्विक है, और यह जरूरी नहीं है कि जिस भी देश में इसका लेन-देन होता है, वहां इसका संचालन या नियंत्रण बेहतरीन ढंग से हो। वैसे तो मुद्रा लिस्टिंग और ट्रेडिंग एक्सचेंज पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बढ़ाने और इसका आपराधिक इस्तेमाल होने से बचाने के लिए अपने-अपने नियंत्रण को सख्त कर रहे हैं, लेकिन संबंधित चेन में शामिल क्रिप्टो टोकन और अंतर्निहित विभिन्न लेन-देन का दुरुपयोग किए जाने की अभी भी व्यापक गुंजाइश है। कुछ टोकन ऐसे होते हैं जिनमें गोपनीयता और गुमनामी काफी अधिक होती है। यही कारण है कि ये टोकन स्वाभाविक रूप से अपराधियों को काफी लुभाते हैं।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 20% खतरनाक आपराधिक हमले अब क्रिप्टोकरेंसी की फंडिंग से जुड़े होते हैं। आम इंटरनेट उपयोगकताओं से संवेदनशील संवाद को छिपाने के लिए एक सीक्रेट नेटवर्क बनाने के प्रयास के रूप में जो कुछ भी शुरू हुआ था उसने अब एक पूर्ण डार्कनेट का रूप ले लिया है। यह दरअसल अंतर्निहित प्रौद्योगिकियां उन सीक्रेट नेटवर्कों को दे देता है, जहां मानक ब्राउजरों के माध्यम से नहीं पहुंचा जा सकता है और इनका सूचीकरण सर्च इंजनों द्वारा नहीं किया जाता है।

इसके तहत विभिन्न तरह के फोरम, चैट रूम, फाइलों और पिक्चर होस्ट के माध्यम से संवाद कराया जाता है। इतना ही नहीं, इसने वाणिज्यिक सुविधाएं भी विकसित कीं जिससे अवैध लेन-देन के लिए विभिन्न बाजार उभर कर सामने आ गए। क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट के बीच सांठगांठ होने के परिणामस्वरूप यह संदिग्ध लेन-देन एक नए स्तर पर पहुंच जाता है। बड़े पैमाने पर क्रिप्टोकरेंसी की चोरी करने या क्रिप्टोकरेंसी द्वारा वित्त पोषित अन्य कार्यों को अंजाम देने के प्रयासों के तहत साइबर अपराधी बड़ी तेजी से डार्क वेब की ओर रुख कर रहे हैं। इस तरह के माहौल में आपराधिक जांच करना बेहद कठिन हो गया है।

जो डार्कनेट होता है वहां वेबहोस्टिंग प्रदाताओं से संपर्क करने, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्राधिकरणों के माध्यम से काम करने, अदालती आदेशों की तामील करने एवं इनका अनुपालन सुनिश्चित करने, और संबंधित चीजों को हटाने के आदेश जैसे मानक कार्य नहीं हो पाएंगे। यूएनओडीसी की डार्कनेट खतरा आकलन रिपोर्ट 2020 के अनुसार, अवैध डार्कनेट बाजार में साइबरस्पेस और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग किया जाना दरअसल कानून पर अमल करने के मार्ग में एक बड़ी चुनौती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, टोर नेटवर्क में बाजारों की संख्या वर्ष 2011 के महज 1 से बढ़कर वर्ष 2019 में 118 हो गई। संबंधित उत्पादों की संख्या और विविधता भी बेहद ज्यादा बढ़ गई। उदाहरण के लिए, वल्हल्ला, जो कि एक डार्कवेब बाजार है, वर्ष 2015 के 5,000 से बढ़कर वर्ष 2018 में 13,000 हो गया। नशीली दवाओं (कोकीन, हेरोइन, एवं दर्द निवारक सहित), आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद, हैकिंग उपकरणों एवं सेवाओं, और कई अन्य वस्तुओं ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# बर्ड फ्लू से मानव संक्रमण का खतरा : डब्ल्यूएचओ

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी दी है कि स्तनधारियों के बीच बर्ड फ्लू के प्रकोप में हालिया वृद्धि से इस वायरस को मनुष्यों के बीच अधिक आसानी से फैलने में मदद मिल सकती है। एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस आम तौर पर पक्षियों के बीच फैलता है, लेकिन स्तनधारियों में एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा के बढ़ते मामले यह चिंता पैदा करते हैं कि इससे वायरस मनुष्यों के बीच अधिक आसानी से फैल सकता है क्योंकि पक्षियों की तुलना में स्तनधारी जैविक रूप से मनुष्यों के अधिक करीब हैं।

डब्ल्यूएचओ ने बुधवार को एक बयान में कहा कि इसके अलावा कुछ स्तनधारी इन्फ्लूएंजा वायरस के लिए मिश्रण वाहिकाओं के रूप में कार्य कर सकते हैं, जिससे नए वायरस उभर सकते हैं जो जानवरों और मनुष्यों के लिए अधिक हानिकारक हो सकते हैं। हाल में, स्तनधारियों में इन्फ्लूएंजा ए(एच5) के कारण घातक प्रकोप की खबरें बढ़ रही हैं-जिसमें इन्फ्लूएंजा ए(एच5एन1) वायरस भी शामिल है। 2022 से तीन महाद्वीपों के कम से कम 10 देशों ने विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूओएएच) को स्तनधारियों में प्रकोप की सूचना दी है।

### वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन

# 'इससे निपटने के लिए जागरूकता जरूरी'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्थायी मुद्दों और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए, स्विचऑन फाउंडेशन ने शुक्रवार को नॉलेज पार्टनर के रूप में सुकरातस और शिकागो विश्वविद्यालय में ऊर्जा नीति संस्थान (ईपीआईसी इंडिया) के सहयोग से वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन रिपोर्टिंग पर एक मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया। वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के विषय पर सार्थक चर्चा को सुविधाजनक बनाने और जलवायु परिवर्तन रिपोर्टिंग के लिए नवीन दृष्टिकोण सीखने के लिए आसपास के शहरों के लगभग 50 पत्रकार कार्यशाला में शामिल हुए।



कार्यशाला का उद्देश्य वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को सरल बनाना है। इसने वायु गुणवत्ता के बुनियादी सिद्धांतों को तोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया. इसने वायु गुणवत्ता के बुनियादी सिद्धांतों को तोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया. वायु गुणवत्ता डेटा को पढ़ना और व्याख्या करना, वायु प्रदूषण के मुकाबले स्वास्थ्य पर रिपोर्टिंग करना। कार्यशाला का समग्र उद्देश्य यह था कि वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर प्रभावी ढंग से रिपोर्ट कैसे दी जाए। स्विचऑन फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक, विनय जाजू ने कहा, झारखंड के शहरों में जनता के बीच वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कार्रवाई की तात्कालिकता और आवश्यकता को उजागर करने की आवश्यकता है। इसे बढ़ावा देने में मीडिया की केंद्रीय भूमिका है। परिवर्तन केवल जागरूकता, सहभागिता और संचार से ही संभव है। भारत सरकार का राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) बिगड़ती परिवेशी वायु गुणवत्ता की समस्या को हल करने की दिशा में एक कदम है। एनसीएपी ने देश भर में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए एक समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें 132 गैर-प्राप्ति शहरों पर ध्यान केंद्रित किया गया है जहां वायु प्रदूषण मानकों को पूरा नहीं किया जा रहा है। इसमें झारखंड के 8 शहर, रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद, बोकारो, देवघर, दुमका और गिरिडीह शामिल हैं।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने डिजिटल सर्विस आउटलेट का किया शुभारंभ

**रांची।** बैंक ऑफ बड़ौदा के रांची क्षेत्र की ओर से शुक्रवार को डिजिटलीकरण के दौर में एक नई पहल के रूप में डिजिटल सर्विस आउटलेट का शुभारंभ एसटीसी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बीएसएफ मेरु हजारीबाग में किया गया । उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डेनियल अधिकारी (इंस्पेक्टर जनरल ) एस टी सी, बी एस एफ, हजारीबाग एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख पटना, सोनाम टी भूटीया के द्वारा संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय, रांची के सहायक महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख शंकर महतो एवं हजारीबाग शाखा के मुख्य प्रबंधक एवं शाखा प्रमुख प्रेम कुमार साह एवं अन्य कार्यपालकगण और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित मंगल सिंह चंपिया पहुंचे सिल्ली

# तीरंदाजी आर्चरी सेंटर का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

आज के जीवन में हर कोई हर क्षेत्र में सफल बनना चाहता है। लेकिन जीवन में सफलता पाने का रास्ता बहुत ही कठिन होता है। परन्तु अगर आप कुछ करने की सोच रखते हैं तो यकीन मानिए आप उसे कर भी सकते हैं। उक्त बातें सिल्ली बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर में अपने दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे वर्ष 2009 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित तीरंदाज मंगल सिंह चंपिया ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे । आगे उन्होंने कहा कि अगर बीच में थोड़ी सी भी नकारात्मक बातें आ जाती है तो हम रास्ता भटक जाते हैं,आगे बढ़ने का हौसला टूट जाता है। परंतु अगर हम




सकारात्मक सोचते हैं तो हम जीवन में आगे प्रगति कर सकते हैं। सेंटर के तीरंदाज बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं परंतु समय के साथ साथ नये तकनीकों के साथ खिलाड़ियों को मैदान पर उतरना होगा इसके लिए इन्हें बेसिक जानकारियां उपलब्ध कराना होगा। मंगल सिंह चंपिया ने अपने दो दिवसीय दौरे पर आर्चरी के तीरंदाजों को गुरु मंत्र दिए। इस दौरान उन्होंने तीरंदाजों के प्रेक्टिस सैशन को देखा तथा उभरते तीरंदाजों को तीरंदाजी की बारीकियों, तकनीकी कौशल, तीरंदाजों के दौरान मानसिक क्षमता के महत्व के बारे में बताया। तकरीबन 60 प्रतिभागी बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर में प्रशिक्षण पा रहे हैं, जिन्हें इस कार्यशाला से लाभ हुआ। मंगल सिंह चंपिया ने

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अन्तर्गत सिल्ली रांगामाटी मार्ग के बंता चौक पर शुक्रवार की सुबह सोनाहातु थाना क्षेत्र के कोकाडीह निवासी राजकिशोर महतो जो सब्जी विक्रेता है वह सब्जी बेचने के लिए सिल्ली आ रहे थे इसी क्रम मे बंता चौक पर एक ट्रेलर की चपेट मे आ गया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा घायल को सिल्ली अस्पताल लाया गया जहाँ चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### सिल्ली पुलिस ने सड़क पर बैरिकेटिंग लगाया

**सिल्ली।** सिल्ली मुरी एवं आसपास के इलाके में हाल के दिनों में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण करने के लिए पुलिस ने शुक्रवार को सिल्ली बुंडू मार्ग पर बंता के निकट दो जगहों पर बेरिकेटिंग लगाए है। इस मौके पर थाना प्रभारी आकाश दीप, चंदन, पूर्व मुखिया सुशील कुमार सिंह मुंडा, रामजी आटोमोबाइल के राज कुमार सिंह, विद्या समेत कई लोग मौजूद थे।

### सिल्ली के बांसारुली में 74वां वन महोत्सव सम्पन्न

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के बाँसारूली मध्य एवं उच्च विद्यालय में शुक्रवार को सामाजिक वानिकी प्रमंडल रांची की ओर से 74 वां वन महोत्सव का आयोजन किया गया।सामाजिक वानिकी प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी गोरख नाथ यादव एवं सामाजिक वानिकी प्रक्षेत्र तमाड़ के रेंजर सुरेंद्र कुमार ने वनों के महत्व के बारे स्कूली बच्चों को जानकारी दी। इससे पूर्व अतिथियों ने पौधरोपण कर वन महोत्सव की शुरूआत की। वनरक्षी प्रवीन महतो ने बताया कि उच्च एवं मध्य विद्यालय में आरएसपी योजना के तहत 500 पौधे गैबियन के साथ लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में सिल्ली प्रखंड के प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, मुखिया लालू उराव, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू समेत विद्यालय के शिक्षक बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### रघुवर दास से औपचारिक प्रभार से पहले मिले बाबूलाल मरांडी

# आज पद्भार ग्रहण करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर बाबूलाल मरांडी शनिवार को औपचारिक तौर पर प्रभार ग्रहण करेंगे। इस दौरान भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी भी मौजूद रहेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता पद्मभूषण कड़िया मुंडा भी इस मौके पर उपस्थित रहेंगे। भाजपा के द्वारा आयोजित कार्याक्रम को स्नेह मिलन नाम दिया गया है। कार्यक्रम के पहले शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिलने उनके आवास पहुंचे। शनिवार को स्नेह मिलन कार्यक्रम में रघुवर दास शामिल नहीं हो पाएंगे। उन्हें पटना में जांच कमेटी का हिस्सा बनाया गया है, ऐसे में शुक्रवार की रात वह पटना के लिए रवाना हो गए।



**नए विधायक दल के नेता पर भी मंथन शुरू :** बाबूलाल मरांडी के औपचारिक पदभार के बाद नए विधायक दल के नेता के चयन को लेकर भी मंथन होगा। अबतक मिली जानकारी के मुताबिक, पार्टी कई नामों पर विचार कर रही है। 28 जुलाई से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के पहले पार्टी नेता विधायक दल का ऐलान कर सकती है। पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री सीपी सिंह, मांडू के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, विरंची नारायण का नाम नेता विधायक दल के पद के लिए चल रहा है। पार्टी किसी गैर आदिवासी चेहरे को ही नेता विधायक दल बनाएगी।

**एक सूत्र में पार्टी को जोड़ने का लक्ष्य :** प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बाबूलाल मरांडी गुटों में बंटी भाजपा को एक सूत्र में पिरोने में लगे हैं। प्रदेश अध्यक्ष की कमान संभालने के बाद उन्होंने दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मुलाकात की। वहीं शुक्रवार को रघुवर दास से भी बाबूलाल मरांडी ने मुलाकात की। वर्षों से बड़े नेताओं के बीच बनी दूरियों को पाटने की कोशिश बाबूलाल मरांडी के द्वारा की जा रही है।

### बेड़ो में संजय ईंटरप्राइजेज दुकान का हुआ भव्य शुभारंभ

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर पुराने पोस्ट ऑफिस के बगल में शुक्रवार को संजय ईंटरप्राइजेज दुकान का उद्घाटन किया गया। दुकान का उदघाटन मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व मंत्री सह सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर विधायक ने कहा बेड़ो अब तेजी से विकसित होने लगा है। अब बेड़ो में ही सभी सामग्री आसानी से उपलब्ध हो जा रही है। उन्होंने दुकान संचालक को बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही ग्राहकों के बीच मधुर सम्बन्ध बनाते हुए उनकी पसंद के अनुरूप बेहतर सेवा देने की बात कही। वही संचालक रंजीत गुप्ता ने कहा यह दुकान खुलने से यहां के लोगों को विवाह व घर की सजावट के लिए फर्नीचर व इलेट्रॉनिक्स समान आसानी से मिल जाएगा। इन सामानों को खरीदने के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा।

### मुख्यमंत्री से अडानी ग्रुप के प्रबंध निदेशक ने की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड मंत्रालय में अडानी ग्रुप के प्रबंध निदेशक राजेश अडानी ने मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। मुलाकात के क्रम में इस बात पर विचार-विमर्श हुआ कि झारखंड सरकार एवं अडानी ग्रुप द्वारा स्थापित गोड्डा पावर प्लांट के बीच एमओयू के शर्तों के अनुसार 400 मेगावाट बिजली राज्य सरकार को उपलब्ध करानी है, उक्त बिजली को सस्ते दर पर उपलब्ध कराने की दिशा में शीघ्र कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने निर्देशित किया कि ऊर्जा विभाग के अधिकारी एवं अडानी पावर प्लांट के प्रतिनिधि जल्द एक बैठक आयोजित कर इस दिशा में समाधान निकालते हुए राज्य को सस्ते दर पर बिजली उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही मुख्यमंत्री ने अडानी ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री राजेश अडानी से कहा कि पावर प्लांट के उपयोग हेतु गंगा नदी का पानी जिस क्षेत्र से होकर लाया जा रहा है, उन क्षेत्रों में कृषकों के खेतों तक पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई हेतु पानी पहुंचाए जाने की संभावनाओं पर कार्य योजना बनायी जाए।

### 1932 खतियान पर भाजपा का पलटवार, भाजपा बोली- हेमंत सोरेन का चुनावी स्टंट

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान पर पलटवार किया जिसमें उन्होंने कहा था कि 1932 का खतियान उनकी सरकार के लिए पहले भी, आज भी है और कल भी मुद्दा रहेगा। प्रतुल ने कहा की झामुमो आदिवासी मूलवासी के लिए सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाती है। प्रतुल ने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 2012 में अर्जुन मुंडा सरकार से 1932 के स्थानीय नीति को लागू करने के मुद्दे पर समर्थन वापस लेकर खुद मुख्यमंत्री बने थे। 14 महीने की उस सरकार में मुख्यमंत्री ने 1932 के खतियान को लागू नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा तृतीय चतुर्थ वर्ग की नौकरियों में स्थानीय युवकों के नियोजन की पक्षधर है। विधानसभा में भी राज्य सरकार के प्रस्ताव को पार्टी विधायकों ने स्पष्ट समर्थन किया। लेकिन कानूनी अड़चनों को दूर करने की जिम्मेवारी राज्य सरकार की ही है। लेकिन हेमंत सरकार ने इस मुद्दे पर कभी गंभीर पहल नहीं की। 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति को मुख्यमंत्री एक सरकारी संकल्प से लागू कर सकते थे। लेकिन नहीं किया। इन्होंने अपने विधि विभाग के विरोध के बावजूद विधानसभा में 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति को लाकर ड्रामेबाजी कर के नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए राज्यपाल को भेज दिया। मुख्यमंत्री को पता था कि इस विधेयक के प्रारूप में त्रुटियां हैं और यह कानून की कसौटी पर टिक नहीं पाएगा। लेकिन इन्होंने सिर्फ जनता का ध्यान भटकाने के लिए 1932 की स्थानीय नीति को फूल प्रूफ नहीं बल्कि त्रुटिपूर्ण बना दिया।

प्रतुल ने कहा कि प्रथम मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने तो 2002 में खतियान आधारित नियोजन नीति को लागू किया था। लेकिन अदालत ने उस पर रोक लगा दी थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अगर 1932 को लेकर गंभीर होते तो एक फूलप्रूफ 1932 की स्थानीय नीति लेकर आते हैं, लेकिन इन्होंने तो 60-40 की नीति लागू करके थर्ड-फोर्थ ग्रेड की नौकरियों के द्वार भी झारखंड के बाहर के लोगों के लिए खोल दिया। यही इनकी कथनी और करनी के बीच का अंतर है।

# शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक विकास होना सबसे ज्यादा जरूरी : बंधु तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

विद्यार्थियों को केवल पारम्परिक एवं कम जोखिम वाले क्षेत्रों की शिक्षा प्राप्त करने, केवल परीक्षा पास करने एवं अधिकतम अंक प्राप्त करने को प्राथमिकता देने की बजाय नये क्षेत्रों में चुनौती स्वीकार करनी चाहिये। उक्त बातें मुख्य अतिथि मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर स्थित विवाह मंडप में आयोजित ग्रामीण मेधा सम्मान का संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट के साथ ही व्यावसायिक शिक्षा की प्राप्ति, ज्ञान के अनन्त सागर से ज्ञान अर्जन के साथ ही अपने अच्छे समय का सही उपयोग भी बहुत जरूरी है। कहा कि बहुत सारे लोगों के दृष्टिकोण में पढ़ाई के लिये पैसा बहुत जरूरी है और एक हद तक ये बात सही भी है, लेकिन जिस प्रकार से जैक, मैट्रिक, इंटरमीडिएट आदि की



परीक्षाओं में निम्न-मध्यम आय वर्ग के बच्चे शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं या यूपीएससी की सिविल सर्विस या अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में परिणाम आ रहे हैं उसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि पैसे और अपनी सोच या दृढ़ इच्छाशक्ति के मामले में हमें अपनी सोच को बदलने की आवश्यकता है। वही पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने समारोह में उपस्थित छात्रों व अभिभावकों को कहा कि बेड़ो प्रखण्ड सहित सम्पूर्ण मांडर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षण संस्थान, सम्पूर्ण शिक्षा क्षेत्र और मानव संसाधन का गुणात्मक विकास सबसे ज्यादा जरूरी है, और यही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता भी है। बंधु तिर्की ने कहा कि केवल शिक्षित-प्रशिक्षित लोगों अर्थात कुशल मानव संसाधन में ही यह क्षमता है कि आनेवाले समय में वे न केवल अपना बल्कि अपने परिवार, समाज, गांव, प्रदेश और देश के चेहरे में भी सकारात्मक बदलाव कर सकें। शीर्ष स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# बेड़ो प्रखंड सभागार में साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जहां मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15 वे वित्त सहित अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। मनरेगा की समीक्षा के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने 4 सूत्री एजेंडे पर कार्य करने की हिदायत देते हुए कहा कि मनरेगा के तहत अधिक से अधिक मजदूरों को काम उपलब्ध कराकर मानव दिवस सृजन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गांव में कार्य उपलब्ध कराने के लिए अगर पुरानी योजनाएं पर्याप्त नहीं है तो मौसम के मुताबिक नए योजनाओं की शुरूआत कर मजदूरों को काम उपलब्ध कराया जाए। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि नई योजनाओं की शुरूआत के साथ यह जरूरी है कि लंबित योजनाओं को पूर्ण कर एमआईएस में बंद किया जाए। उन्होंने योजनाओं को पूर्ण कर एमआईएस में बंद करने की सख्त हिदायत भी देते हुए कहा कि



योजनाओं का पूर्ण होना ही विकास की निशानी है। उन्होंने आधार सीडिंग की प्रतिशत को बढ़ाने की भी सख्त हिदायत दी साथ ही एबीपीएस के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत मजदूरी भुगतान में एबीपीएस के महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शत-प्रतिशत डिमांड हर पंचायत में किया जाना सुनिश्चित किया जाए और भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण कर एमआईएस में योजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर बंद करने की हिदायत भी दी। प्रधानमंत्री आवास योजना में वैसे लाभुक जो आवास नहीं बना रहे हैं या इसमें उदासीन बने हुए हैं पंचायत वार वैसे लाभुकों की सूची जन सेवकों के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास जमा कर दिया गया है।

### प्रदर्शन | झारखंड के जनसेवकों की हड़ताल जारी

# मांग पूरी नहीं हुई तो आन्दोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में कृषि और अन्य क्षेत्र में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने में सहयोग करने वाले राज्यभर के 1500 के करीब जनसेवक पिछले 67 दिन से हड़ताल पर हैं। इस दौरान राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन के बाद उन्होंने अपना आंदोलन नेपाल हाउस सचिवालय के पास शिफ्ट कर दिया है। रांची के डोरंडा स्थित नेपाल हाउस सचिवालय के सामने टेंट तंबू लगाकर जनसेवक धरना दे रहे हैं। उन्होंने मांगें पूरी होने तक यहीं दिन रात धरना पर बैठने की घोषणा कर दी है। मुख्य रूप से राज्य के अन्नदाताओं और अधिकारियों के बीच कड़ी का काम करने वाले इन जनसेवकों का आरोप है कि 10 साल सेवा देने के बाद हर किसी का वेतन बढ़ता है। जबकि यहां वेतन ही घटा दिया गया। आंदोलित जनसेवकों ने कहा कि हैरत की बात यह है कि जो दलिल सरकार और विभाग दे रही है, वह भी हास्यास्पद




है। कृषि विभाग ने सेवा के 10 साल बाद यह कहकर पे स्केल को घटाया है कि जब 2012-13 में वैकेंसी निकली थी, उस समय विज्ञापन में ही गलत पे स्केल का जिक्र आ गया था, जिसे अब सुधारा गया है।ग्रेड पे तय करने में 2012 में हुई थी भूलः किसानों और कृषि अधिकारियों के बीच सेतु का काम करने में जनसेवक अहम भूमिका निभाते हैं। गौरतलब है कि राज्य के कृषि निदेशक ने 2012 में बहाल जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटा कर दो हजार रुपए कर दिया है। कृषि निदेशक की दलील है कि जनसेवक के पद के अनुसार ग्रेड पे तय करने में 2012 में भूल हुई थी, जिसे सुधारा गया है। कृषि विभाग के करीब 1500 जनसेवकों का आरोप है कि सरकार उनके साथ नाइंसाफी कर रही है। 10 साल तक जो वेतन मिलता था। उससे अब वेतन 08 से 10 हजार रुपए कम हो गया है। ऐसे में हर जनसेवक आज परेशानी में है। बढ़ती महंगाई, होम लोन, बच्चों की पढ़ाई तक कराने में दिक्कत हो रही है। इस दौर में कोई वेतन में आई इस कमी को बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है।जनसेवकों के आंदोलन का असरः आंदोलन कर रहे जनसेवक आलोक कुमार सिंह ने कहा कि जनसेवकों के आंदोलन की वजह से कृषि प्रसार, केसीसी निर्माण, खाद एवं बीज वितरण सहित कृषि और अन्य विभागों की योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। बावजूद इसके सरकार उनकी मांगों पर चुप्पी साधे बैठी है।

### बेड़ो पंचायत में हुआ सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब का गठन

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पुरियो, जामटोली व नेहालु पंचायत भवन में शुक्रवार को विशेष ग्रामसभा कर सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब का गठन किया गया। जिसमें पुरियो पंचायत के सेमरा ग्राम से अध्यक्ष जतरू उरांव, उपाध्यक्ष बासु उरांव,सचिव सुखराम उरांव, एवम पुरियो ग्राम से अध्यक्ष अल्बिश टोप्पो,उपाध्यक्ष प्रमोद बैठा,सचिव सोमरा टोप्पो का चयन ग्रामसभा द्वारा किया गया। इस मौके पर मुखिया नीरज कुजूर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पूरे मेहनत से अपनी जिम्मेदारियों का वहन करते हुए पंचायत का नाम रोशन करें। इस मौके पर सभी वार्ड सदस्य सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान जयराम कच्छप तथा समापन उपमुखिया विजय उरांव के द्वारा किया गया।

## जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा

**सिमडेगा जिला के कुरडेग प्रखण्ड अवस्थित मत्स्य विभाग के राजस्व जलकरों की मत्स्य पालन हेतु अल्पकालीन बंदोबस्ती खुला डाक द्वारा करने हेतु सूचना :-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला के कुरडेग प्रखण्ड में अवस्थित वित्तीय वर्ष 2023–24 में मत्स्य विभाग के बंदोबस्ती मुक्त राजस्व जलकरों की मत्स्य पालन हेतु अल्पकालीन बंदोबस्ती वित्तीय वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक के लिए खुला डाक द्वारा दिनांक– 21.07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा/जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा के कक्ष में किया जाएगा।

बंदोबस्त मुक्त राजस्व जलकरों की विवरणी :-

| क्र0 सं0 | तालाब का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा (एकड़ में) | सुरक्षित जमा राशि (रु0 में) | बंदोबस्ती अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लबडेरा तालाब | लबडेरा | बड़कीबिउरा | कुरडेग | 277 | 842 | 0.60 | 3500.00 | 2023–24 से 2025–26 |
| 2 | खिण्डा बाँध | खिण्डा | खिण्डा | कुरडेग | 205 | 2636, 2715, 2638, 2637 | 3.60 | 7000.00 | |

डाक की शर्तें :– डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को डाक बोली के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 20 प्रतिशत, प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्त होने पर उच्चतम डाक वक्ता को छोड़कर बाकी प्रतिभागियों की प्रतिभूति राशि वापस कर दी जाएगी एवं उच्चतम डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि उच्चतम डाक की राशि में समायोजित की जाएगी तथा डाक वक्ता द्वारा प्रत्येक वर्ष उक्त डाक राशि तीन वर्षों तक कार्यालय में भुगतान की जाएगी। डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। अल्पकालीन बंदोबस्ती की अवधि तालाब/जलकर के अभ्युक्ति कॉलम के अनुसार होगी। डाक की स्वीकृति के पश्चात उच्चतम डाक वक्ता को संबंधित एकरारनामा करना अनिवार्य है एवं अधोहस्ताक्षरी से परवाना प्राप्त किए बिना उक्त जलकर में उच्चतम डाक वक्ता कोई कार्य नहीं करेंगे। बंदोबस्त तालाब का निबंधन, निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित राशि का स्टांप शुल्क देकर निबंधन कराना अनिवार्य है। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी समय किसी भी बोली को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 302323 Fish (23-24)_D

### 16 जुलाई से झारखंड कांग्रेस शुरू करेगी 'भारत जोड़ो की बात

# राहुल गांधी की बातों को घर-घर पहुंचायें कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड कांग्रेस ने शुक्रवार को एक बड़े कार्यक्रम की घोषणा की है। राहुल गांधी की बात को घर-घर पहुंचाने के लिए राज्यभर में 16 जुलाई से 'भारत जोड़ो की बात, आमजनों के साथ' कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। इस कार्यक्रम का समापन 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर किया जाएगा। शुक्रवार को झारखंड कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इस बात की जानकारी दी। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस तरह से नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली है, जिन मुद्दों को उन्होंने उठाया है, उससे अब लोगों को यह महसूस होने लगा है कि देश की तरक्की का रास्ता अमन चैन और प्यार मोहब्बत का रास्ता ही है झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस तरह से भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों में मिले, उनसे प्रेम और मोहब्बत से बात की, उसके बाद भी वह आम लोगों से मिल रहे हैं, उनके विचार जान रहे हैं। ऐसे में झारखंड कांग्रेस ने भी फैसला लिया है कि 16 जुलाई से 05 सितंबर तक हर कांग्रेस पदाधिकारी हर दिन पांच-पांच आमलोगों से मुलाकात करेंगे और उनके विचार जानेंगे इसके बाद उन्हें राहुल गांधी के विचार से भी अवगत कराएंगे। 05 सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में इस कार्यक्रम का समापन गुरुजनों के सम्मान के साथ होगा। कांग्रेस के विधायक दल के नेता और संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि मौन सत्याग्रह की सफलता के बाद पीसीसी झारखंड ने इस कार्यक्रम की योजना बनाई है। इसके तहत जहां कांग्रेस के पदाधिकारी आमजनों से मिलकर राहुल गांधी और कांग्रेस की विचारधारा से अवगत कराएंगे। वहीं, मोदी सरकार के 2014 में किये झूठे वादे से भी अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली महागठबंधन की सरकार ने जनता से किए वादे पूरे किए हैं, इसकी भी जानकारी आम जनता को दी जाएगी। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि हर दिन जितने आमलोगों से कांग्रेसजन मुलाकात करेंगे, वह सभी इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर डालेंगे।



### रांची में आवारा कुत्तों का आतंक, 3 महीने में 4349 लोगों को बनाया शिकार

**रांची।** राजधानी में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि हर रोज करीब 50 लोगों को अपना शिकार बन रहे हैं। कुत्तों के आतंक का मुद्दा झारखंड विधानसभा में मार्च के महीने में उठ चुका है, बावजूद इसके व्यवस्था में बदलाव नहीं हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में 1304, मई में 1499 और जून में 1546 लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा है। ये सभी लोग एंटी रैबीज का इंजेक्शन लेने के लिए सदर अस्पताल के डॉग बाइट सेंटर पहुंचे। बता दें कि आवारा कुत्तों को पकड़ने, बंध्याकरण और वैक्सीनेशन की जिम्मेवारी मेसर्स हॉप एंड एनिमल ट्रस्ट को सौंपा गया है। मेसर्स हॉप एंड एनिमल ट्रस्ट के नंदन शर्मा ने कहा कि एक साल में 4672 कुत्तों को पकड़ा गया है। जिन्हें शहर से बाहर ले जाकर छोड़ दिया गया। वहीं 313 कुत्तों की नसबंदी की गई है। बता दें कि ट्रस्ट के द्वारा औसतन हर रोज 15 कुत्ते पकड़े जाते हैं।

### बीआईटी मेसरा का स्थापना दिवस समारोह आज

# इंडियन आईडल फेम शगुन पाठक बिखेरेंगी अपनी आवाज का जलवा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बीआईटी मेसरा का 68वां स्थापना दिवस समारोह 15 जुलाई शनिवार को जीपी बिरला सभागार में होगा। वहीं, समारोह की पूर्व संध्या पर 14 जुलाई को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। इसमें इंडियन आइडल फेम शगुन पाठक शामिल होंगी। इसके बाद पारंपरिक पाइका नृत्य होगा। यह जानकारी बीआईटी लालपुर एक्सटेंशन में डीन एलुमनाई एंड इंटरनेशनल रिलेशन डॉ रितेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 15 को समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। इस मौके पर राज्यपाल कैंपस में लगी फोटो प्रदर्शनी और विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे। इसके बाद पुरस्कार समारोह का आयोजन दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक होगा। डॉ रितेश ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह में छह पूर्व विद्यार्थी और पांच शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। इनके नाम की घोषणा 15 जुलाई को ही की जायेगी। स्थापना दिवस पर यह अवार्ड प्रत्येक वर्ष दिया जाता है। कार्यक्रम में देश और विदेश से संस्थान के पूर्ववर्ती विद्यार्थी शामिल होंगे। स्थापना दिवस की रात में जीपी बिड़ला ऑडोटोरियम में सूफी गजल गायिका पूजा गायतोंडे अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगी। वह पहली बार रांची आ रही हैं। उन्हें महाराष्ट्र सरकार सुर ज्योत्सना राष्ट्रीय संगीत पुरस्कार प्रदान कर चुकी है। उस्ताद मासूम सैयद खान उनके गुरु रहे हैं। वे आगरा घराने के नामचीन शास्त्रीय गायक पंडित एससीआर भट्ट और राजा उपसानी, सुनीति गांगुली से भी संगीत की शिक्षा प्राप्त कर चुकी हैं।



# लाइट हाउस के लाभुकों का विरोध प्रदर्शन, गुणवत्ता पर उठाये सवाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एचईसी के धुर्वा आनी मौजा में पंचमुखी मंदिर के समीप बन रहे लाइट हाउस की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को दिन में नगर निगम में विरोध प्रदर्शन किया। आनी टोला और इसके आसपास के दर्जनों लाभुकों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाया। सभी उनके द्वारा फ्लैट आवंटन को लेकर भुगतान की गई रकम को वापस करने की मांग कर रहे थे। लाभुकों का कहना था कि तीन दिन पहले लाइट हाउस की एक यूनिट में नौवें तल पर लिफ्ट के लिए लगाया जा रहा ढांचा भरभरा कर नीचे गिर गया था। ऐसे में इस बात की क्या गारंटी है कि वहां नौ ब्लॉक में जो 1008 फ्लैट बन रहे हैं, वह गुणवत्तायुक्त है। मामले की जानकारी मिलने के बाद निगम के मुख्य द्वार के पास जमे लोगों को इन्फोर्समेंट टीम ने समझा-बुझाकर शांत कराया। टीम में शामिल कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को बताया कि लाइट हाउस का निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तृतीय घटक में हो रहा है। इसमें रांची नगर निगम लाइट हाउस के फ्लैटों के आवंटन की जिम्मेवारी का निर्वहन कर रहा है। कर्मियों ने लाभुकों को बताया कि लाइट हाउस का निर्माण केंद्रीय आवासन मंत्रालय की ओर से अत्याधुनिक व्यवस्था और प्री-कास्ट थ्रीडी वॉल्यूमेट्रिक तकनीक से कराया जा रहा है। इस कारण गुणवत्ता के मामले में किसी भी दृष्टिकोण से निर्माण पैमाने पर खरा उतरेगा। इधर विरोध प्रदर्शन के बाद स्थानीय लोगों और लाभुकों ने रांची नगर निगम के प्रशासक को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निमार्णाधीन लाइट हाउस में प्रयुक्त निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच कराने और वहां भविष्य में रहने वाले लोगों के जानमाल की सुरक्षा को लेकर मानदंड के मुताबिक फ्लैटों का निर्माण कराने की मांग की गई है।

### एनआईबीएम में एसटी-एससी छात्र-छात्राओं को फीस में 50 फीसदी की छूट

# एनआईबीएम कोचिंग सेंटर रांची में होगा शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरकारी नौकरी, बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, जेपीएससी की तैयारी करवाने वाली कोचिंग संस्थान एनआईबीएम रांची में जल्द नई बैच शुरू होने वाली है। यह संस्थान 25 वर्षों से विद्यार्थियों को सरकारी नौकरी प्राप्त करवाने में सहयोग करता आ रहा है। एनआईबीएम के द्वारा कंबाइंड कोर्स की फीस में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। इसके लिए विद्यार्थियों को जाति, आय प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की फोटोकॉपी के साथ कार्यालय में और फोन नंबर 9334726278 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रत्येक वर्ष सैकड़ों विद्यार्थी एनआईबीएम की सुनियोजित पढ़ाई की नई तकनीक का लाभ उठाकर अंतिम रूप से चयनित हो रहे हैं। वर्ष 2021-22 में बैंकिंग में अनेकों विद्यार्थी चयनित होकर ज्वाइन भी कर चुके हैं, और रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में इनकम टैक्स ऑफिसर, सीबीआई और अनेक सेंट्रल और स्टेट लेबल के कार्यालयों में कार्यरत हैं। इस माह भी कर्मचारी चयन आयोग की कंबाइंड ग्रेजुएट लेबल की परीक्षा का रिजल्ट आया। संस्थान के निदेशक एमके गुप्ता ने बताया कि यहां के शिक्षकगण 25 वर्षो से अधिक के अनुभवी हैं और निदेशक खुद मैथ और रिजनिंग की क्लास लेते है। यहां हजारों पुस्तकों और मैगजीन से सुसज्जित लाइब्रेरी है, जहां विद्यार्थी ग्रुप बना कर पढ़ते हैं, संस्थान में नई पैटर्न पर ऑनलाइन टेस्ट के लिए कंप्यूटर लैब है, जहां ट्रेनर विद्यार्थियों को अच्छी और सही गाइड लाइन देते हैं। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जाता है, और तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सफल विद्यार्थियों से और विशेषज्ञों द्वारा कैरियर काउंसिलिंग कर मोटिवेट करवाया जाता है। जिससे विद्यार्थी मात्र 6 से 12 माह में ही अंतिम रूप से चयनित हो जाते हैं। एनआईबीएम में बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल से विद्यार्थी आकर पढ़ते हैं। संस्थान काफी बेहतर प्रदर्शन लगातार 25 वर्षों से करते आ रहा है। निदेशक ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान भी बेहतर तैयारी का परिणाम है कि अनेकों युवाओं का अंतिम रूप से चयन हुआ। इस वर्ष भी बेहतर रिजल्ट के लिए सभी शिक्षकगण और विद्यार्थी मेहनत कर रहे हैं। इसके लिए मैट्रिक पास और स्नातक पढ़ रहे स्नात्तक, बी-टेक पास विद्यार्थियों के लिए बैंकिग के लिए सेपरेट और बैंकिंग, एसएससी रेलवे की सेपरेट/कंबाइंड बैच और आईबीपीएस की मुख्य परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों के लिए विशेष बैच 17 और 21 जुलाई 2023 से विधिवत लाइब्रेरी, रिडिंग के साथ सारी व्यवस्था के तहत जारी है।




### नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की राह पर : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को श्रीहरिकोटा से भारत के चंद्रयान के सफल प्रक्षेपण पर देश के वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत का तिरंगा चांद पर भी फहराएगा। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष में भी महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है। साथ ही कहा कि आज झारखंड की धरती भी गौरवान्वित हुई है। चंद्रयान प्रक्षेपण टीम में शामिल खूंटी जिला के तोरपा निवासी युवक सोहन यादव ने राज्य का मान बढ़ाया है। साथ ही लॉन्चिंग यंत्र का निर्माण भी रांची के एचईसी में हुआ। मरांडी ने सोहन यादव को भी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं में योग्यता और लगन की कमी नहीं। उन्हें सिर्फ अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि फ्रांस सरकार की ओर से प्रधानमंत्री को मिले सर्वोच्च सम्मान लिजन ऑफ ऑनर पर बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि यह देश के 125 करोड़ देशवासियों का सम्मान है।

### नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**रांची।** नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने एक बैठक किया प्रदेश कार्यालय में इसमें प्रदेश के सभी नेशनल पीपुल्स पार्टी के सदस्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर पंकज सिंह ने कहा कि प्रदेश में नेशनल पीपुल्स पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। आने वाला चुनाव में नेशनल पीपुल्स पार्टी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगा और सत्ता में अपना भागीदारी सुनिश्चित करेगा, वहीं कार्यकारी अध्यक्ष ने सभी सदस्यों व कार्यकर्ताओं को मजबूती से मेहनत कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में सदस्य बनाएं और पार्टी को एक मजबूत दिशा की ओर ले जायें। पार्टी का पहला काम है जनता की समस्याओं से रूबरू होकर उसके कठिनाईयों को दूर करना है। पंकज सिंह ने कहा कि पार्टी के सभी सदस्य हरगांव हर कस्बे में जाएं और जन मुद्दों को सुनें और इसे अपना मुद्दा बनाकर इसे सुलझाने का प्रयास करें। इस बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप सिंह, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रायमणि मुंडा, प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिंह और ढेर सारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

### रांची में धारदार हथियार से मारकर युवक की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

रांची। मांडर थाना क्षेत्र में एक युवक बबलू मुंडा उर्फ कृष्णा मुंडा की हत्या में शामिल आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। युवक की धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी गयी थी। वह चान्हो थाना क्षेत्र का रहने वाला था। थाना प्रभारी विनय यादव ने बताया कि मांडर के सोसई आश्रम के समीप बबलू मुंडा उर्फ कृष्णा कुछ दिनों से फूफा सूरज मुंडा के घर पर रह रहा था। उसका फूफा उसे वहां से अपने घर जाने के लिए कह रहा था लेकिन बबलू वहां से नहीं जा रहा था। वह वहीं पर घर बनाकर रहने की फिराक में था। इसी विवाद में उसके फूफा ने धारदार हथियार से मारकर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित फूफा को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

### प्रक्षेपण टीम में शामिल खूंटी के सोहन ने बढ़ाया झारखंड का मान

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन एवं पवित्रम सेवा परिवार झारखंड के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शुक्रवार को श्रीहरिकोटा से भारत के चंद्रयान के सफल प्रक्षेपण पर देश के महान वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि जिनके कठिन मेहनत एवं परिश्रम से यह परिणाम आया है। अब भारत का तिरंगा चांद पर भी फहराएगा। तथा भारत अंतरिक्ष में भी महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है। एवं विश्व में भारत का गौरव बढ़ा है चंद्रयान के सफल प्रक्षेपण मे झारखंड की धरती भी गौरवान्वित हुई है। चंद्रयान प्रक्षेपण टीम में शामिल खूंटी जिलांतर्गत तोरपा निवासी सोहन यादव ने झारखंड राज्य का मान बढ़ाया है। सोहन यादव को भी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आरयू: इंटर में नामांकन शुरू करने की मांग

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न अंगीभूत कॉलेजों के इंटरमीडिएट के शिक्षकों ने शुक्रवार को कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने मिलकर इंटर के सभी संकायों में पढ़ाई शुरू कराने की मांग की। शिक्षकों का कहना था कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से विश्वविद्यालयों में इस संबंध में पत्र जारी किया जा चुका है। लेकिन इसके बावजूद अंगीभूत कॉलेज इंटर में नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं कर रहे हैं। शिक्षकों के साथ आजसू के प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता भी थे।

### रांची विवि: शिक्षकेतर कर्मियों की कलमबंद हड़ताल जारी

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मियों की वेतन निर्धारण की मांग को लेकर कलमबंद हड़ताल 10वें दिन शुक्रवार को भी जारी रही। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के प्रदेश संयोजक नवीन चंचल व रांची विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री अर्जुन राम के नेतृत्व में कर्मचारियों ने दिन के 12 बजे से 2 बजे तक कार्यालय का सभी कामकाज ठप रखा और धरने पर बैठे रहे। कर्मचारियों की हड़ताल के बाद अबतक उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से 109 शिक्षकेतर कर्मियों का सातवें पुनरीक्षित वेतनमान में वेतन निर्धारण का अनुमोदन किया जा चुका है। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के प्रदेश संयोजक नवीन चंचल ने कहा कि अबतक जितने कर्मियों के वेतन निर्धारण पर अनुमोदन प्राप्त हुआ है, उनमें लगभग 40 कर्मियों का निधन हो चुका है। कर्मचारी महासंघ के महामंत्री अर्जुन राम ने कहा कि जब तक सभी कर्मियों का वेतन निर्धारण नहीं हो जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### चंद्रयान 3 मिशन में शामिल है ट्रक डाइवर का बेटा

# आज देश का नाम कर रहा है रोशन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ खूंटी**
आज चंद्रयान 3 को एलवीएम एम-3 रॉकेट के जरिये अंतरिक्ष में भेज दिया गया। चंद्रयान-3 मिशन में नक्सल प्रभावित खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड क्षेत्र के तपकरा गांव के रहने वाले वैज्ञानिक सोहन यादव भी जुड़े हैं। वह ऑर्बिटर इंटीग्रेशन और टेस्टिंग टीम में शामिल हैं। सोहन यादव मिशन गगनयान से भी जुड़े हैं। सोहन ने करीब 15 दिन पहले फोन कर अपनी मां देवकी देवी और भाई गगन से इसपर बात की थी। तब उन्होंने कहा था कि अब लॉन्चिंग के बाद ही बात हो पाएगी। मां देवकी देवी और भाई गगन यादव चंद्रयान-3 की सफला और बेटे की कामयाबी की कामना को लेकर मां वैष्णो देवी गये हैं। वहीं, भाजपा के जिलाध्यक्ष और तपकरा निवासी चंद्रशेखर गुप्ता ने इसे खूंटी ही नहीं बल्कि पूरा झारखंड गर्व कर रहा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सोहन के पिता घुरा यादव एक ट्रक ड्राइवर हैं। आर्थिक समस्या होने के बाद भी उन्होंने बेटी की पढ़ाई में कोई कमी नहीं होने दी। उन्होंने बेटे सोहन को जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा, डीएवी बरियातू पढ़ाई कराई। इसके बाद इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी केरल से इंजीनियरिंग करने के बाद 2016 में सोहन इसरो से जुड़ गए। तपकरा निवासी और पूर्व मुखिया सुदीप गुड़िया ने बताया कि एक गरीब का बेटा मेहनत और इच्छशक्ति से यहां तक पहुंचा है। इससे सिद्ध होता है कि अगर मन में लगन हो तो गरीबी राह में रोड़ा नहीं बनती है।



# महिला बाल विकास विभाग के जवाब के बाद याचिका निष्पादित

**प्रार्थी को पे स्केल वृद्धि की राशि दे दी जाएगी। सीडीपीओ के पे स्केल वृद्धि को लेकर कैबिनेट से अनुमति मिल गई है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की अदालत में खूंटी के कर्रा में पदस्थापित बाल विकास योजना अधिकारी (सीडीपीओ) के पे स्केल में वृद्धि को लेकर दाखिल अवमानना याचिका की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान महिला बाल विकास विभाग की सचिव कोर्ट में सशरीर हाजिर हुईं। उन्होंने कोर्ट में कहा कि प्रार्थी को पे स्केल वृद्धि की राशि दे दी जाएगी। सीडीपीओ के पे स्केल वृद्धि को लेकर कैबिनेट से अनुमति मिल गई है। रिवाइज पे स्केल के लिए विभाग में आवेदन देने पर उन्हें इसका लाभ मिल जाएगा। सचिव के आश्वासन के बाद अदालत ने मामले को निष्पादित कर दिया। इस संबंध में पद्मश्री कच्छप की ओर से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई है। प्रार्थी का वर्ष 2002 से वर्ष 2008 के बीच के पे स्केल में वृद्धि नहीं की जा रही थी। पूर्व में मामले में वित्त सचिव कोर्ट में हाजिर हुए थे, उन्होंने कोर्ट को आश्वस्त किया था कि अगर प्रार्थी पे स्केल वृद्धि के लिए अर्हता रखता है, तो उसे इसका लाभ मिलेगा।

### चंद्रयान-3 के लांचिंग पैड का डिजाइन और निर्माण करने वाला उपेक्षित : बंधु

**रांची।** कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा है कि चंद्रयान-3 की सफलतापूर्वक लांचिंग पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है, लेकिन झारखंड के परिप्रेक्ष्य में हमारी खुशियां बहुत ही खास है। चंद्रयान-3 को जिस एसएलपी-सेकेंड लॉन्चिंग पैड से अंतरिक्ष में सफलता के साथ भेजा गया है, उसका डिजाइन मेकॉन और निर्माण एचईसी ने किया है। इन्होंने अपनी सार्थकता और उपयोगिता साबित कर दी है। मगर ये दोनों ही उपेक्षित हैं। तिर्की ने कहा कि झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों के साथ ही झारखंड में अवस्थित सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के सभी उपक्रमों, उसके अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों, अभियंताओं के लिए भी यह बेहद खुशी का क्षण है, क्योंकि यह हमारे झारखंड की कर्मठता को साबित करता है। न केवल रांची एवं झारखंड के सार्वजनिक बल्कि निजी क्षेत्र के उद्योगों-उपक्रमों ने अनेक बार अपने कार्यों, गतिविधियों व उपलब्धियों से यह बताया है कि अनुसंधान एवं कर्मठता के साथ वे देश के खाते में अनेक उपलब्धियां जोड़ सकते हैं। पर सही नीति, भरोसा और संसाधन बहुत जरूरी है।

### लाभ | उपायुक्त की अध्यक्षता में जिलास्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित

# पेंशन योजनाओं के लाभुकों कार्य पूरा करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिलास्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सर्वप्रथम राज्य एवं केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित लाभुकों के खातों के आधार सीडिंग के संबंध में समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी बैंकों से पेंशन लाभुकों के खातों से आधार सीडिंग की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जिन खातों की आधार सीडिंग की प्रक्रिया अपूर्ण हैं, उन्हें निर्बाध रूप से पेंशन का भुगतान करने का निर्देश दिया। केसीसी, पीएम-किसान सम्मान निधि संबंधित खातों की समीक्षा के दौरान जिला में किसान क्रेडिट कार्ड एवं पीएम-किसान सम्मान निधि से सम्बंधित खाताधारकों के आधार सीडिंग में होने वाली समस्याओं के संबंध चर्चा गयी। विभिन्न बैंकों में किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-किसान सम्मान निधि से संबंधित वैसे लाभुक जिनका आधार मैपिंग नहीं हुआ है, वैसे लाभुकों को चिन्हित कर मैपिंग की प्रक्रिया को पूर्ण करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। उपायुक्त द्वारा बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदनों का त्रुटि निराकरण करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निदेश दिया गया। साथ ही विभिन्न कारणों से अस्वीकृत हुए आवेदनों की जांच कर लाभुकों से सीधे संपर्क करते हुए उनका खाता खोलने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए निरस्त हो रहे आवेदनों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया।



### सीआईपी में महिला मरीजों को मिलेगा निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन

**रांची।** सीआईपी में महिला मरीजों को संस्थान में उत्पादित गुणवत्ता युक्त निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराया जाएगा। शुक्रवार को महिमा सैनिटरी नैपकिन प्रोडक्शन यूनिट का विधिवत उद्घाटन किया गया। यूनिसेफ फील्ड ऑफिस की चीफ डॉ कनिका मित्रा, सीआईपी निदेशक डॉ बासुदेव दास ने संयुक्त रूप से प्रोडक्शन यूनिट का उद्घाटन किया। मौके पर डॉ कनिका मित्रा ने कहा कि इस यूनिट का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है। यूनिसेफ-सीआईपी के प्रयासों का यह परिणाम है कि आज सैनिटरी नैपकिन प्रोडक्शन यूनिट की शुरूआत हुई है। सीआईपी की किशोरियों- महिला के लिए सैनिटरी नैपकिन निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे उन्हें संक्रमण का खतरा नहीं होगा। साथ ही इन्हें नैपकिन बनाने और पैकिंग भी सिखाया जाएगा। सीआईपी के निदेशक डॉ। बासुदेव दास ने कहा कि इस साझेदारी के लिए यूनिसेफ का बहुत आभारी हूं। सैनिटरी नैपकिन यहां भर्ती महिला व किशोरी मरीजों के लिए मददगार साबित होगा।

**NEWS इन ब्रीफ**

### आरआईटी में बच्चे ने व बमार्माइंस में ऑटो चालक ने लगाई फांसी

**जमशेदपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आरआईटी थाना अंतर्गत मिरुडीह निवासी 12 वर्षीय बच्चे हरिओम झा ने शुक्रवार सुबह अपने घर पर फांसी लगा ली. जानकारी मिलने पर परिजन उसे तत्काल फंदे से उतारकर एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. हरिओम विश्व विकास विद्यालय में कक्षा 8वीं का छात्र था. पिता चंदन झा ने बताया कि सुबह को हरिओम अपनी मां से समान खरीदने के लिए रुपए मांग रहा था. मां ने रुपए नहीं दिए जिससे गुस्से में आकर उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगा ली. इधर, जमशेदपुर के बमार्माइंस थाना अंतर्गत कैरेज कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय विनोद शाह ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है. घटना गुरुवार शाम की है. परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. विनोद पेशे से ऑटो चालक था.

### कंपनी कमांड एरिया के सप्लाई वाटर में मिला कीड़ा, मचा हड़कंप

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआइएसएल द्वारा कंपनी कमांड एरिया में पाइप लाइन के माध्यम से घरों में किए जाने वाले सप्लाई वाटर में शुक्रवार को कीड़ा पाया गया. काशीडीह निवासी विजय गुप्ता ने बताया कि वो घर में नल से पीने का पानी भर रहे तभी बाल्टी के अंदर पानी में कई कीड़ों को चलते हुए देखा. दूसरे बर्तनों में भरे गए पानी में भी कीड़ा चल रहे थे. इसकी शिकायत टाटा स्टील यूआइएसएल से किया गया. वहीं साकची के विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई वाटर में कीड़ा पाए जाने की खबर मिलने से लोगों में हड़कंप मच गई है. लोगों द्वारा टाटा स्टील यूआइएसएल को लागातर इसकी शिकायत की जा रही है. वहीं टाटा स्टील यूआइएसएल कहा कि उसके द्वारा सप्लाई की जाने वाला पानी ट्रिपल फिल्टर की जाती है. उसके बावजूद सप्लाई वाटर में कीड़ा पाया जाना सामान्य घटना नहीं है. इस संबंध में टाटा स्टील यूआइएसएल का कहना है कि सप्लाई वाटर में कीड़ा मिलने की शिकायत लोगों से प्राप्त हुई है.

### छत से गिरकर घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी अंतर्गत डांगरडीह निवासी 38 वर्षीय इबरार अली शुक्रवार को अपने घर की छत से गिरकर घायल हो गया. घटना के बाद उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इबरार कपाली के ताजनगर का रहने वाला था पर वह अपनी पत्नी और चार बच्चों के साथ डांगरडीह में किराए के मकान में रह रहा था. बताया जाता है कि कुछ दिनों से उसका पत्नी के साथ विवाद चल रहा था. इसी क्रम में पत्नी से झगड़े के बाद वह छत पर चला गया जहां छत से गिरने के बाद वह घायल हो गया था. हालांकि पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच कर रही है.

## डीसी नैंसी सहाय ने पलाश आजीविका दीदी कैफे का किया उद्घाटन, बोलीं

# रियायती दर पर मिलेगा शुद्ध भोजन

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर अस्पताल परिसर में आमलोगों की सुविधा के लिए बने नवनिर्मित पलाश आजीविका दीदी कैफे का उद्घाटन डीसी नैंसी सहाय ने किया. इस दौरान डीसी ने कहा कि यह कैफे डीएमएफटी मद से बना है, जिसका संचालन जेएसएलपीएस की सखी मंडल की दीदियों की ओर से किया जाएगा. इस कैंटीन के खुल जाने से सदर अस्पताल में इलाज के लिए आए मरीजों, उनके परिजनों तथा आम नागरिकों को रियायती दर पर शुद्ध भोजन व पेयजल उपलब्ध होगा. इस कैफे में एक साथ करीब 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था है. सुदूर क्षेत्रों से आए मरीजों व उनके परिजनों को कम दर पर भोजन उपलब्ध कर उन्हें



आर्थिक राहत देने का प्रयास है. मौके पर उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने बताया कि इस कैंटीन का निर्माण डीएमएफटी मद से जिला परिषद् की ओर से किया गया है. इस कैफे में हर बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है. साफ-सफाई के साथ शुद्ध भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है.इस उद्घाटन कार्यक्रम में इस उद्घाटन कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, डीपीएम शांति मार्डी आदि मौजूद थे.

### डीसी ने सदर अस्पताल के ब्लड बैंक का किया निरीक्षण

डीसी ने सदर अस्पताल परिसर में संचालित ब्लड बैंक का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने ब्लड बैंक पहुंचकर ब्लड की उपलब्धता के साथ-साथ अन्य निर्माण संबंधी मामलों की जानकारी ली. ब्लड बैंक भवन तीन मंजिला होने के कारण लिफ्ट संचालन की तकनीकी खामियों को यथाशीघ्र दूर करने को कहा. उन्होंने मौके पर मौजूद जिला परिषद् अभियंता को अन्य निर्माण संबंधी जरूरतों का आकलन कर कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया.

## सीएम का डुमरी दौरा 19 को, तैयारी में जुटा प्रशासन



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 19 जुलाई को डुमरी आएंगे. यहां केबी उच्च विद्यालय मैदान में उनका कार्यक्रम प्रस्तावित है. जिला प्रशासन सीएम के कार्यक्रम की तैयारी में जोर-शोर से जुटा है. स्कूल मैदान में मंच व पंडाल बनाने का काम किया जा रहा है. एसडीओ प्रेमलता मुर्मू, सीओ धनंजय गुप्ता, बीडीओ सोमनाथ बंकिरा व रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार महतो ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया. साथ ही काम करा रहे अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए. वहीं, गुरुवार की रात मंत्री पुत्र अखिलेश महतो राजू ने केबी हाई स्कूल मैदान पहुंचकर जायजा लिया, उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री लाभुकों के बीच करोड़ों की परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे. साथ ही दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो द्वारा स्वीकृत योजनाओं का भी शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे. हैलीपैड का निर्माण कार्यक्रम स्थल के समीप ही किया जाएगा. मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

## इचाक में कुएं में मिला लापता मां-बेटे का शव



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के इचाक थाना क्षेत्र के मोकतमा गांव में शुक्रवार को मां और उसके चार साल के बच्चे का शव कुएं से बरामद किया गया है. मृतका मोकतमा गांव के ही शंभू मेहता की पत्नी सीमा देवी और उसका चार वर्षीय बेटा शिवांग गुरुवार की सुबह से ही गायब थे. परिजनों ने बताया कि दोनों की दिन से लेकर रात तक खोजबीन की गई, लेकिन जानकारी नहीं मिली. परिजनों ने सोशल मीडिया के जरिए बच्चे और उसकी मां की तस्वीर सार्वजनिक की थी. शुक्रवार को घर के बगल के कुएं में मां और उसके बेटे के शव को देखा गया. इसकी जानकारी महिला के मायके वालों और इचाक थाने को दी गई. इस घटना को लेकर महिला के मायकेवालों ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए हत्या की बात कही है. इधर मृतका के ससुराल के सभी सदस्य फरार हैं. परिजनों ने बताया है कि महिला के साथ दहेज प्रताड़ना को लेकर हमेशा पति शंभू मेहता मारपीट करता था. इसके लिए कई बार पंचायत भी हुई. लेकिन ससुराल वालों ने पंचायत की बात भी नहीं सुनी. मायकेवालों का कहना है कि ससुराल वालों ने इस घटना को अंजाम दिया. महिला के परिजनों ने ससुराल के सदस्यों और अन्य की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग पुलिस से कर रहे हैं. उन्होंने महिला के पति और ससुर को आरोपी बनाया है. इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग को भेज दिया है. साथ ही मृतकों के परिजनों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच की जाएगी और न्याय भी मिलेगा. घटना को लेकर गांव का माहौल काफी गमगीन है.

### चाईबासा : आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली




**जमशेदपुर।** कोल्हान प्रमंडल के विभिन्न प्रखंडों में स्थित आवासीय विद्यालय यथा एकलव्य बालिका विद्यालय मॉडल स्कूल आश्रम विद्यालय में नामांकन के लिए परीक्षा ली गई थी. इसमें सफल हुए छात्र-छात्राओं का नामांकन अभी तक नहीं हो पाया है. इसके विरोध में गुरुवार को छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ आयुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा. सभी अभिभावकों की मांग है कि उनके बच्चे विभिन्न आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए शैक्षणिक सत्र 2022-23 और 2023-24 में आयोजित प्रवेश परीक्षा में सफल हो गए हैं.

## राम अवतार कंपनी में मजदूरों ने मांगों को लेकर किया चक्का जाम

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** बीसीसीएस के सिजुआ क्षेत्र संख्या 05 अंतर्गत कनकनी कोलियरी में संचालित राम अवतार कंपनी के मजदूरों ने शुक्रवार 14 जुलाई को सुरक्षा में अनदेखी व श्रम कानून के उल्लंघन का विरोध करते हुए चक्का जाम आंदोलन चलाया. मजदूरों ने बताया कि कंपनी के प्रबंधन ने दो माह के अंदर सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था. परंतु आश्वासन पूरा नहीं किया गया. मजदूरों ने सभी का पहचान पत्र निर्गत करने, हाई पवार कमेटी द्वारा निर्धारित वेतन का भुगतान, बैंक खाते के जरिये भुगतान, फार्म वी ए व फार्म डी में हाजिरी बनाने, वीटीसी एवं



पीएमई समयानुसार करने, पी एफ कटौती सहित श्रम कानून के अंतर्गत अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की. मौके पर इकबाल चौहान, उमेश कुमार चौहान, मो सज्जाद अंसारी, सुकून महतो, दिलीप महतो, त्रिभुवन सिंह, राजेश प्रसाद, हरकु महतो, जितेन्द्र चौहान, आशीष कुमार, महेन्द्र सिंह, सुदेश्वर चौहान, राकेश चौहान , मदन चौहान, महेश सिंह, करमू रजवार, उपेन्द्र नोनियाँ, बिरजु सोनी, सूरज ठाकुर, सूरज ठाकुर, असगर खान, अजय चौधरी, दीपेंद्र चौहान आदि मौजूद थे.

### तोपचांची में पेड़ से रस्सी के सहारे झूल कर युवक ने की आत्महत्या

**धनबाद।** तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्राह्मणडीहा पंचायत के नेपईडीह गांव में एक युवक ने शुक्रवार 14 जुलाई को सुबह रस्सी के सहारे पेड़ से झूल कर आत्महत्या कर ली. युवक का नाम मनीष रजवार (23) है, जो नेपईडीह निवासी सुखदेव रजवार का पुत्र था. घटना के संबंध में बताया जाता है कि मनीष काम करने के लिए गुरुवार 13 जुलाई को खड़गपुर जा रहा था. ट्रेन छूट जाने के कारण वह नहीं जा सका. घर लौट कर रात में परिवार के साथ भोजन किया व छत पर सोने के लिए चला गया. सुबह जब परिवार के लोग उसे खोजते हुए छत पर पहुंचे तो वह नहीं मिला. उसके कुछ साथी फूल तोड़ने के लिए बाहर गए तो मनीष रस्सी के सहारे पेड़ से झूलता मिला. खबर पाते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई. परिजनों ने बताया कि घर में कोई लड़ाई-झगड़ा नहीं हुआ था. अचानक आत्महत्या की बात समझ में नहीं आ रही है. ग्रामीणों तथा पुलिस के मदद से शव को पेड़ से उतारा गया. तोपचांची पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है.

## बरवाअड्डा में 80 हजार नगद और 4 लाख के जेवरात लूटे



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद ज़िले में अपराधियों का तांडव जारी है. गुरुवार 13 जुलाई की रात दर्जनों की संख्या में हथियार से लैस अपराधियों ने बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के यादवपुर में एक घर में पूरे परिवार को बंधक बनाकर जमकर लूटपाट मचाया. अपराधियों ने घर की बुजुर्ग महिला तक से मारपीट की और 80 हजार नगद समेत लगभग 4 लाख के जेवरात लूट कर चलते बने. पीड़ित महिला बबली शर्मा ने बताया कि रात लगभग 12:30 बजे अपराधी घुसे और उनके बेटे को पिस्टल की नोक पर रखकर मारपीट करते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया. परिवार के लोग अपराधियों के आगे मिन्नत करते रहे, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी. कहा कि गांव की जमीन बेचकर घर बनाया था और बेटी की शादी के लिए गहने बनवा रखे थे. घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी अमर पांडेय घटना स्थल पर पहुंचे और पीड़ित अमित महाराज व उनके परिवार के सदस्यों से घटना की जानकारी ली. डीएसपी ने पुलिस टीम को अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी के लिए भेजा. उन्होंनें कहा कि पुलिस संभवित इलाकों में छापेमारी कर रही है. जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा. भुक्तभोगी अमित महाराज ने बताया कि पिस्टल, चाकू, फरसा और दूसरे हथियार से लैस होकर आठ लुटेरे घर में दाखिल हुए थे. सभी आपस में खोरठा भाषा में बात कर रहे थे.

### गिरिडीह : पेड़ से गिरे पोते को गोद में लेते ही दादा की हुई मौत, परिजनों में मातम

**गिरिडीह।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मियां टोली में सात वर्षीय दिलशान अंसारी आम तोड़ने के क्रम में पेड़ से गिर कर घायल हो गया. पोता के पेड़ से गिरने की खबर सुनते ही दादा घर पहुंचे और पोता को गोद में उठा लिया. इसके तुरंत बाद ही वे गिर पड़े और तुरंत उनकी मौत हो गई. घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. वहीं दादा के पोते के प्रति प्रेम को लेकर पूरे गांव में लोग चर्चा कर रहे हैं. और घटना से अचंभित भी हैं. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मृतक दादा मो. अब्बास (65 वर्षीय) 14 जुलाई की सुबह अपना खेत जोतने गए थे. लेकिन बैलों के साथ नहीं देने पर जुताई का काम छोड़कर घर लौटने लगे. इसी क्रम में गांव के एक व्यक्ति उन्हें पोते के पेड़ से गिर जाने की बात बताई. यह खबर सुनते ही मो. अब्बास दौड़ते-भागते घर पहुंचे. और आंगन में खाट पर सोए पोता को गोद में उठा लिया. इसी के साथ तुरंत गिर गए. परिजनों ने उन्हें उठाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं उठे. कयास लगाया जा रहा है कि हार्ट-अटैक से उनकी मौत हुई है.

### धनबादः धारदार हथियार से किशोर की हत्या

**धनबाद।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के हॉट तला ग्राउंड से शुक्रवार 14 जुलाई की अहले सुबह पुलिस ने एक किशोर को खून से लथपथ गिरा देखा. पुलिस उसे उठा कर चासनाला स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. किशोर की पहचान हॉट तला निवासी अंकित सिंह ( 17 वर्ष ) के रूप में हुई है. खबर सुन कर परिजन भी पहुंचे. रो रो कर उनका बुरा हाल है. परिजनों के अनुसार अंकित की हत्या धारदार हथियार से की गई और शव को ग्राउंड में फेंक दिया गया. परिजनों ने बताया कि उसे रात में फोन कर किसी ने बुलाया था. सुबह उसका शव हॉट तला ग्राउंड में मिला है. सुदामडीह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया है. थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है व दो युवकों को शक के आधार पर पकड़ा है. जांच के बाद मामला साफ हो पाएगा.

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जमशेदपुर।** घाटशिला थाना क्षेत्र के कसीदा स्थित रेलवे केबिन के पास शुक्रवार को ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान ऊपर पावड़ा गांव निवासी कमल पातर के रूप में हुई है. घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक फोन पर बात करते हुए स्टेशन की तरफ जा रहा था, तभी पीछे से एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया. इसमें युवक का एक पैर कट जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ एवं जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भिजवाया. बताया जाता है कि कमल पातर प्रत्येक दिन जमशेदपुर काम करने जाता था.

### मनोहरपुर : नदी टोला के समीप अज्ञात व्यक्ति का मिला शव, हत्या की आशंका

**चाईबासा।** मनोहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपीपुर, उर्किया गांव के बीच नदी टोला के समीप खेत में शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला. ग्रामीणों की सूचना पर मनोहरपुर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई है.मृतक व्यक्ति की फिलहाल पहचान नहीं हो पाई है. हत्या की आशंका जतायी जा रही है. मौके पर मनोहरपुर थाना प्रभारी अमित कुमार ने इस घटना को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर लक्ष्य कर जांच पड़ताल करने में लगी हुई है. साथ ही मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है.

**बेहतर प्रदर्शन** | जीसीजेडी हाईस्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतियोगिता में 110 प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुसाबनी के गिरीश चंद्र झुरो देवी हाईस्कूल में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण ओझा ने की. मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी अशोक अग्रवाल ने बच्चों में खेल के प्रति उत्साह भरते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में भी बच्चे हुनरमंद बनकर अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं, उन्होंने सचिन तेंदुलकर, धोनी सहित कई खिलाड़ियों का उदाहरण देकर



कहा कि उन्होंने पढ़ाई के साथ खेल को भी अपना कैरियर के रूप में चुना इसलिए उनका विश्व में डंका बज रहा है. खेल में लगाव रखने वाले बच्चे खेल के क्षेत्र में भी अपना कैरियर बना सकते हैं. विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक रामस्वरूप यादव ने बच्चों में खेल के प्रति ललक पैदा करने का आह्वान किया. प्रतियोगिता के 110 प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. वर्ग सप्तम से दसवीं तक के टॉप 3 छात्र-छात्राओं को भी वर्ग वार सम्मानित किया गया. इस अवसर पर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष हिमांशु पात्रो, विद्यालय के सचिव कुंदन कुमार सिंह, प्राचार्य शिवपूजन सिंह चौहान, निराकर साहू, रतन अग्रवाल, शिक्षक सोमेश्वर झा, बिनोद कुमार लाल, निमाई मार्डी, सुशील सोरेन, किरण कुमारी, अल्पना सिंह, विष्णु पातर, राहुल लामा, मो. जहीरुद्दीन अंसारी, रूपश्री पातर आदि उपस्थित थे.

### झरिया में दो दुकानों में लगी आग, लाखों की संपत्ति स्वाहा

**धनबाद।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के नुनूडीह मे गुरुवार 13 जुलाई की देर रात दो दुकानों में आग लगने से लाखो की संपत्ति जलकर खाक हो गई. आग में एक किराना और एक कपड़े की दुकान पूरी तरह स्वाहा हो गई. जानकारी के अनुसार नुनूडीह स्थित लक्ष्मी स्टोर नाम की किराना दुकान में अचानक आग लग गई. स्थानीय लोगों ने फौरन इसकी सूचना दुकान मालिक रंजीत रवानी को दी. रंजीत रवानी मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को इत्तिला किया. लेकिन दमकल के पहुंचने से पहले तक दुकान में रखा सारा सामान स्वाहा हो चुका था. दुकानदार रंजीत रवानी ने बताया कि आग पहले कपड़े की दुकान में लगी. जिसके बाद उनके किराना दुकान को भी चपेट में ले लिया. लाखों रुपए का नुकसान हुआ है.

## श्यामा प्रसाद विवि कैंपस में मारपीट और चाकूबाजी, एक छात्र घायल , अंगुली कटी



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को रांची के मोराबादी स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय कैंपस में छात्रों का दो गुटों में जमकर मारपीट हुई ,मारपीट के दौरान छात्रों के बीच चाकूबाजी भी हुई ,मारपीट और चाकूबाजी में पांच छात्र घायल हुए है. छात्रों के दो गुटों के बीच हुई मारपीट और चाकूबाजी में दोनों गुट के पांच लोग घायल हुए हैं. इसमें एक गुट छात्र आयुष को चाकू लगने से हाथ की अंगुली कट गई और सिर भी फट गया है.वहीं दूसरे गुट के रवि गुप्ता, सन्नी, अक्षत कुमार और अभिषेक को भी चोटें आयी है.घायल आयुष इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट का छात्र है. घटना की जानकारी मिलने के बाद लालपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची.पुलिस को देखकर छात्रों का एक गुट भागने लगा.इसी दौरान पुलिस के जवानों ने चार छात्रों को खदेड़कर दबोच लिया. चारों छात्रों को पुलिस थाने में लायी है ,चारो देर शाम तक पुलिस हिरासत में ही थे. वहीं घायल छात्र आयुष को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया है. मामले में आयुष और रवि गुप्ता दोनो ने एक-दूसरे खिलाफ लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है. लालपुर पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है. लालपुर थाना प्रभारी ममता कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आयुष और रवि गुप्ता के बीच पैसों की लेन देन को लेकर ले कर विवाद काफी दिनों से चल रहा था. इसी को लेकर शुक्रवार को दोनों गुटों के बीच मारपीट हुई है.उधर घायल छात्र आयुष का आरोप है कि वह यूनिवर्सिटी कैंपस में मौजूद था.

### बिजली विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान

# बिजली चोरी पर 17 के खिलाफ एफआइआर



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** बिजली विभाग ने विद्युत चोरी के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया. विभाग ने कुल 9,21,692 रुपए के राजस्व की वसूली करते हुए 17 विभिन्न लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई. इसमें 1,47,392 रुपए बकाया और 7,74, 500 रुपए क्षतिपूर्ति की राशि शामिल है. जानकारी के अनुसार छापेमारी टीम ने चौपारण क्षेत्र में छापेमारी करते हुए कुल 17 लोगो के घरों में टोका लगाकर बिजली का उपभोग करते पकड़ा. उन पर बिल बकाया होने के कारण पूर्व में ही उनके घरों की बिजली काट दी गई थी. पकड़े गए सभी लोगों के खिलाफ सहायक अभियंता के निर्देश पर चौपारण थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई.

#### इन लोगों पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी

दर्ज प्राथमिकी में पांडेबारा निवासी सत्येंद्र कुमार पांडेय, दिलीप कुमार, पवन भारती, मो. रिजवान, लोहड़ी निवासी जगनारायण कुमार, वृंदावन निवासी राजकुमार साव, राजू राम, राधेश्याम केसरी, चतरा मोड़ निवासी लखदेव यादव, योगेंद्र कुमार, रिंकू दास, मनोज कुमार यादव, गोलू कुमार, भुनेश्वर राम, मो दानिश, चौपारण के दीपक सिंह और नकीब खान के नाम शामिल हैं. उन्हें विधि सम्मत राशि जमा कर जमानत की प्रक्रिया अपनाते हुए केस खत्म करने के लिए लोक अदालत का इंतजार करना होगा.

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्रों को एसपी ने किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 14 जुलाई को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह विद्यालय के उन छात्र छात्राओं के लिए था जिन्होंने बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं । समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एवं स्कूल प्रबंधक कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि एसपी पीयूष पांडे को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत गान के साथ हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गान से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता भी शामिल हुए। मौके पर एसपी पीयूष पांडे ने बच्चों के मनोबल को बढ़ाया । उन्होंने बच्चों से कहा कि वह जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं उसी क्षेत्र को चुनें। कहा कि प्रकृति जीवन में सबको मौका देती है और जो उस अवसर को पहचानता है वह आगे बढ़ता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि असफलता से हारे नहीं क्योंकि असफलता सफलता की पहली सीढ़ी होती है । मनुष्य को कभी हार नहीं मानना चाहिए उसे हमेशा प्रयत्न करते रहना चाहिए। कठिन परिश्रम करना चाहिए। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रचार्य हरजाप सिंह ने कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि एसपी पीयूष पांडे एवं छात्रों के माता-पिता को बहुत-बहुत धन्यवाद कहा। उन्होंने भी बच्चों की प्रशंसा की और उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा , अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा आदि उपस्थित थे।

### बारिश की आस में

# किसानों के चेहरे पर छाई मायूसी



**रामकृष्ण पांडेय**

**बरकट्ठा।** सावन माह लगभग 2 सप्ताह बीतने को है ,लेकिन बूंदाबांदी को छोड़कर अब तक झमाझम बारिश नहीं हुई है। खेत-बाड़ी सब सूखे पड़े हैं । हालांकि एक सप्ताह पूर्व हल्की-फुल्की बारिश हुई तो किसानों ने धान के बीज को खेतों में डाल दिया। लेकिन इसके बाद लगातार लगभग सुखाड़ वाली स्थिति से किसानों के चेहरे पर मायूसी बरबस दिखाई देती है ।वैसे आसमान में बादल उमड़ते घुमड़ते अवश्य हैं, किसान भी आशा भरी निगाहों से इन बादलों को देखता है ।लेकिन कुछ ही देर बाद सारे बादल गायब हो जाते हैं और किसान को ठग कर चले जाते हैं। वहीं खेतों के सूखे होने के कारण मकई, मडुआ, घंघरा, बराई आदि पर भी असर पड़ रहा है। प्रखंड क्षेत्र के कई किसानों ने बताया कि बरकट्ठा में कई नदी है, बावजूद इसके सिंचाई का साधन नहीं होने से किसान वर्षा आधारित खेती करने को विवश हैं। वही जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी के द्वारा इस क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था को लेकर कई बार विभागीय पत्राचार किया गया लेकिन परिणाम सिफर रहा। शिलाडीह के कृषक भीम मंडल ने बताया कि हमारे प्रखंड की नदी में लिफ्ट इरिगेशन की सुविधा होती तो किसान खुशहाल होते और फसलों के उत्पादन में अधिक वृद्धि होती।

## मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल, पिता ने थाने में दिया आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के कोनहारा कला स्थित मदरसा ईदगाह के पास रोहित यादव को 10-12 लोंगो ने जमकर धुनाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका प्राथमिक उपचार बरकट्ठा सीएचसी में होने के बाद बेहतर इलाज के लिए डाक्टरों ने रेफर कर दिया। इस बाबत घायल युवक के पिता जीवन यादव ने पुलिस को लिखित शिकायत करते हुए मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा है कि मेरा पुत्र रामवतार यादव के साथ बरकट्ठा आ रहा था। इसी बीच ईदगाह के समीप रास्ते में रोककर उसे मारपीट किया गया। उसने गांव के ही मो ताज, मिनहाज अंसारी, तौफीक अंसारी, सेराज अंसारी, रेयाज अंसारी, शमशाद अंसारी, अख्तर अंसारी, आशिक अंसारी, इम्तियाज अंसारी समेत 10 अज्ञात लोंगो पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। साथ ही आपत्तिजनक नारे लगाते हुए जान से मारने की धमकी की बात कही गई है। वहीं आरोपियों के परिजनों के द्वारा भी थाना में आवेदन दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक मारपीट करने वाले सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। वहीं पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई है।

### चित्रांश परिवार का आज लगेगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**बरही ।** धनबाद रोड एनएचएआई आईबी परिसर में चित्रांश परिवार बरही की ओर से निःशुल्क स्वाथ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है. शिविर में नेत्र, दंत विशेषज्ञ आदि चिकित्सक मौजूद रहेंगे. जो पूर्वाहन दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक चलेगा. इसके लिए पूर्वाहन साढ़े दस बजे से पंजीकरण प्रारंभ किया जाएगा. शिविर की जानकारी वरिष्ठ चित्रांश शैलेंद्र सिन्हा ने दी. उन्होंने बताया कि शिविर अभाकाम की हजारीबाग जिला इकाई के समाज कल्याण प्रकोष्ठ तथा जिला महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में चित्रांश परिवार बरही के सौजन्य से किया जा रहा है. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष माननीय गिरिवर नंदन प्रसाद मौजूद रहेंगे. उन्होंने बरही वासियों से इस शिविर में पधारकर निःशुल्क सेवा लेने की अपील किया है.

## बिरहोर टोला में लगा सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर

### आधार और वोटर कार्ड का भी हुआ पंजीकरण

### अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजना पहुंचाने के लिए प्रशासन कटिबद्ध : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रखंड प्रशासन की ओर से खोड़ाहर पंचायत स्थित केवाल विरहोर कॉलोनी में प्रशासनिक शिविर लगाए गए. जिसमें विरहोर परिवार कॉलोनी के 50 लोगो का जन्म प्रमाण पत्र, 13 लोगो का समाजिक सुरक्षा पेंशन, 13 आधार पंजीकरण और 3 विरहोरो का नया मतदाता पहचान पत्र हेतु पंजीकरण किया गया. शिविर बीडीओ सी आर इंदीवर के निर्देशन और उपस्थिति में लगाया गया था. बीडीओ ने बताया कि आधार नही रहने के कर्ज कई विरहोर परिवार तक सरकारी लाभ नहीं पहुंचाए जा सक रहे थे. इसी उद्देश्य से प्रखंड की पूरी टीम सभी व्यवस्थाओं के साथ शिविर में पहुंचे है. जिससे सरकारी योजनाओ का लाभ इन परिवार को भी दिलवाया जा सके. एसडीओ पूनम कुजर ने भी शिविर का स्थल निरीक्षण किया और बीडीओ को हर संभव विरहोर परिवार तक सरकारी योजना पहुंचाने का निर्देश दिया. एसडीओ ने बताया कि सरकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है. शिविर सफल बनाने में पंचायत सेवक रामवृक्ष सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशांत कुमार आदि ने सार्थक भूमिका निभाई.

## जन्म-मृत्यु निबंधन को लेकर जागरूकता रथ रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो ने शुक्रवार को 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक चलने वाले जन्म-मृत्यु निबंधन अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय रामगढ़ परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने उपस्थित सभी सहायिकाओं और सहियाओं को संबोधित करते हुए जन्म-मृत्यु निबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस अभियान में उनकी भूमिका से अवगत कराया। वहीं, उन्होंने कहा कि जिले के सभी लोगों का जन्म-मृत्यु शत प्रतिशत हो सके इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है और यह जागरूकता रथ उसी उद्देश्य को पूरा करने के एक पहल है जो जिले के सभी प्रखंडों में जन्म-मृत्यु निबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ जन्म-मृत्यु से संबंधित महत्वपूर्ण बातों की जानकारी भी देगी।

### बाबूलाल मरांडी से मिले रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता

**रामगढ़।** रामगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने 13 जुलाई को बाबूलाल मरांडी के आवास पहुंचकर उनको भारतीय जनता पार्टी का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पुष्पुच्छ देकर शुभकामनाएं दी। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के बीच पार्टी और संगठनात्मक विषयों पर औपचारिक वार्ता हुई। जिसके बाद प्रवीण मेहता ने कहा की बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने न सिर्फ आदिवासियों का दिल जीता है बल्कि झारखंड को एक ईमानदार नेता भी दिया। जिनकी सुझबुझ भरे नेतृत्व से राज्य में पार्टी संगठन मजबूत होगा।

## 10 लाख की 370 पेटी शराब जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया की एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ द्वारा गठित टीम द्वारा 14 जुलाई को कुज्जू ओपी क्षेत्र के दिगवार एनएच-33 सड़क पर चेकिंग के क्रम में रांची की तरफ से आ रही है ट्रक नं० आरजे 52जीए4959 को रोका गया । जिसे चेक करने पर उसपर रूई लोड पाया गया। बताया की रूई के अंदर छुपाकर रखा गया 370 पेटी विदेशी शराब लदा पाया गया। मामले में गिरफ्तार चालक से वाहन पर लदा शराब के पेटी के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि उक्त शराब राउरकेला (उड़ीसा) से लोड कर सिलिगुड़ी (बंगाल) में खपाने के लिए जा रहे थे। ट्रक नं0 आरजे52जीए 4959 का जांच पड़ताल किया तो पाया कि उक्त ट्रक का नम्बर फर्जी है। तत्पश्चात ट्रक नं0 आरजे52जीए 4959 एवं उसपर लदा अवैध 370 पेटी शराब को आवश्यक जांच हेतू कुजू ओपी पर लाया गया। जांच के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि उक्त ट्रक पर लदा 370 पेटी शराब को अवैध रूप से बिना कोई वैध कागजात के अन्यत्र ले जाया जा रहा था। इस संबंध में माण्डू (कुज्जू) थाना कांड सं0 155/2023 दिनांक 14.07.2023 धारा-272/273/420/120 बी) भादवि एवं 47(ए) उत्पाद अधि. दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया । एसडीपीओ ने बताया की कुल 370 पेटी 11280 (ग्यारह हजार दो सौ अस्सी) बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। छापेमारी दल में पुनि रविन्द्र सिंह माण्डू अंचल , कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार, सअनि तालेवर महतो, आरक्षी अजय कुमार महतो शामिल थे।

### बरकट्ठा के मासीपीढ़ी की विधवा दलित महिला ने राज्यपाल से इच्छा मृत्यु की लगाई गुहार

**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम मासीपीढ़ी की एक दलित विधवा महिला सोहवा, दंबगों पुलिस प्रशासन और अंचलाधिकारी के कृत्य से तंग आकर राज्यपाल से इच्छा मृत्यु की मांग की है ।उन्होंने इसके लिए राज्यपाल और उपायुक्त हजारीबाग को पत्र लिखा है। जिसमें कहा है कि मेरी सास चोहनी देवी को भूमि उपसमाहर्ता कोडरमा द्वारा सरकारी बंदोबस्ती के तहत एक एकड़ भूमि दान दिया गया था और भूमिहीन पर्चा निर्गत किया गया ।जिसका खाता संख्या 69 और प्लाट न0 462 है। लेकिन पुलिस प्रशासन और अंचलाधिकारी के सहयोग से गांव के ही कुछ दबंगो द्वारा जमीन पर कब्जा किया जा रहा है ।गरीब दलित महिला समझकर प्रताड़ित किया जा रहा ।लंबे समय से पुलिस और अंचलाधिकारी को आवेदन देकर न्याय कि गुहार लगा रही हूं ।लेकिन अब मैं टूट चुकी हूं। मेरे जीविका का साधन यह जमीन का टुकड़ा है जो छीना जा रहा है। इसलिए मैं अब जीवित रहकर क्या करूंगी। उन्होंने इच्छा मृत्यु के लिए राज्यपाल से आदेश मांगा है।

### हजारीबाग : पेड़ से लटका मिला युवक का शव परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**हजारीबाग।** हजारीबाग के दारू थाना क्षेत्र स्थित घाघरा गंव में शुक्रवार को एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला. मृतक संदीप कुमार (27 वर्ष) दारू प्रखंड के मेढकुरी पंचायत स्थित घाघरा निवासी छातो मेहता का पुत्र था. इसकी सूचना लोगों ने दारू पुलिस को दी. घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया. वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है. घटना पर पुलिस फिलहाल कुछ नहीं बोल रही है. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के

### जिला गंगा समिति की बैठक



**रामगढ़।** उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों से ली। साथ ही उन्होंने योजना के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने एवं जिले के सभी जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने हेतु जन भागीदारी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने आगामी 12 अगस्त को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिले में कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल रामगढ़, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण पदाधिकारी रामगढ़, नगर परिषद के पदाधिकारी, समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

### बधाई दी | पहाड़पुर में सरना स्थल की घेराबंदी व मांझी हाउस का होगा निर्माण

# विधायक ने किया शिलान्यास, ग्रामीणों में खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत अंतर्गत जवार पहाड़पुर में विधायक अमित यादव के द्वारा आजादी के बाद पहली बार मांझी हाउस का निर्माण और सरना स्थल की घेराबंदी का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया गया। विधायक अमित यादव ने कहा जवार पहाड़पुर प्रकृति की गोद में बसा हुआ क्षेत्र है, यहां काफी मनोरम और मनमोहक दृश्य है। यहां आने से ऐसा लगता है कि स्वर्ग यही है। यहां आने से कुल्लू, मनाली के जैसा दृश्य महसूस होता है। लोगों को शुद्ध हवा मिलती है। वही रास्ते की समस्या पर विधायक ने कहा कि विभाग से जल्द ही इसकी मांग करूंगा एवं प्रयास रहेगा कि अगले वर्ष तक यहां की सड़क का निर्माण हो जाए। यहॉ के लोग अपने मेहनत से रास्ता बनाने में काफी हद तक सफल हुए हैं जो काबिले तारीफ है। वही शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने कहा यह क्षेत्र में कोई भी जनप्रतिनिधि जल्दी आना नहीं चाहते लेकिन हमारे विधायक अमित कुमार यादव यहां पर तीसरा बार पहुंच चुके हैं। आदिवासियों का निरंतर ख्याल विधायक के द्वारा रखा जा रहा है। वहीं भारत जकात मांझी परगना महल के अध्यक्ष रामजी बेसरा ने कहा पहली बार कोई जनप्रतिनिधि आदिवासियों की समस्याओं को लेकर इतनी तत्परता दिखाया।



इसके लिए हम सभी ग्रामवासी श्री विधायक को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। मौके पर पंसस प्रतिनिधि शमीम अंसारी, रीतलाल प्रसाद, शामिल टुडू, राजकुमार यादव, रामजी बेसरा, मनोज मुर्मू, जिला महामंत्री रमेश कुमार हेंब्रम, त्रिवेणी यादव, विनोद बॉस्के, मणिलाल मुर्मू, मोहन मुर्मू समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# झुमरी तिलैया में लोकपर्व मधुश्रावणी शुरू

## पति की लंबी उम्र के लिए 44 दिन सुहागिनें रखेंगी व्रत



नवीन मेल संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** मिथिलांचल के नव विवाहित महिलाओं का प्रसिद्ध मधुश्रावणी पर्व शनिवार से शुरू हो गया। व्रती महिलाओं ने अपने गांवों में फूल लोढ़ी शुरू कर दी। वहीं, वे एक दिन पूर्व नहा धोकर ससुराल से आये रंग-बिरंगे कपड़े और आभूषण पहनकर नाग देवता की पूजा-अर्चना की। सावन महीने के कृष्ण पक्ष पंचमी तिथि से शुरू होकर शुक्ल पक्ष तृतीया को संपन्न होने वाले मिथिला संस्कृति का लोकपर्व मधुश्रावणी व्रत इस बार आरंभ हो गया। इस व्रत में मुख्य रूप से गौरी और भगवान शिव की पूजा की जाती है। नवविवाहिताएं इस व्रत के दौरान आरवा भोजन ग्रहण कर पूजन आरंभ करती हैं। यह व्रत नव विवाहिता बड़े ही धूमधाम से करती हैं। पति के लंबी उम्र के लिए किए जाने वाले यह व्रत धैर्य और त्याग का प्रतीक है। पंडित जीवकांत झा ने बताया कि मधुश्रावणी व्रत इस बार 44 दिनों तक होगी। ये पर्व शुरू हो गया और 19 अगस्त को संपन्न होगी। 18 जुलाई से मलमास शुरू हो रहा है। जिसका समापन 16 अगस्त को होगा। मधुश्रावणी को पुरुषोत्तम मास के नाम से भी जाना जाता है। मलमास के दौरान नवविवाहिताएं व्रत के दौरान सेंधा नमक का उपयोग कर सकती हैं। नवविवाहिताओं ने बताया कि नव विवाहिता अपने मायके में यह व्रत करती हैं। जिसमें नमक नहीं खाती हैं और जमीन पर सोती हैं। शाम में पूजा के बाद ससुराल से आए भोजन सामग्री को ही ग्रहण करती हैं। इसके बाद पूजा के लिए मिट्टी के बने नाग-नागिन, हाथी, गौरी, शिव की प्रतिमा बनाई जाती है और फिर उनकी पूजा फलों, मिठाईयों और फूलों से की जाती है। आठवें और नौवें दिन प्रसाद के रूप में खीर, रसगुल्ला का भोग लगाया जाता है। प्रतिदिन संध्या में नवविवाहिता आरती, सुहाग गीत और कोहबर गीत गाकर भोले शंकर को प्रसन्न करती हैं। मायके ससुराल दोनों के सहयोग से होती पंडित जीवकांत झा ने बताया कि मधुश्रावणी पूजा में मायके तथा ससुराल दोनों पक्षों का सहयोग आवश्यक होता है। बता दें कि पूजन करने वाली नव विवाहिता ससुराल पक्ष से प्राप्त नए वस्त्र धारण करती हैं। परंपरा रही है कि नव विवाहिता के मायके के सभी सदस्यों के लिए कपड़ा, व्रती के लिए आभूषण, विभिन्न प्रकार के कपड़ा, भोजन के लिए सामान भी ससुराल से ही आता है। इस व्रत की खासियत यह है कि इसमें यजमान के साथ पुरोहित की भूमिका भी महिलाएं ही निभाती हैं। यही एक ऐसा पर्व है जिसमें महिला ही पुरोहित होती हैं। कहने का अर्थ है कि बुजुर्ग महिलाएं ही पूजा करने का विधि-विधान और तौर- तरीके बताती हैं। इसके अलावा कथा भी महिलाएं ही कहती हैं।

## विकास कार्यों को हर घर तक पहुंचाएं कार्यकर्ता: सुशील

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है इसी निमित्त भाजपा कुरडेग मंडल के कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह की अध्यक्षता में संपर्क से समर्थन अभियान चलाया गया, इसमें समाज के 21 वरिष्ठ एवं सम्मानित लोगों को अंग वस्त्र एवं मोदी सरकार की विकास कार्यों की पत्रिका भेंट कर सम्मानित किया गया।संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा की भारतीय जनता पार्टी समय-समय समाज के उन वरिष्ठ जनों का सम्मान करती है जिनका समाज के विकास में कहीं ना कहीं योगदान रहता है इसी क्रम में कुरडेग में वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया जा रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत विकसित देशों की श्रेणी में अव्वल रहे इसी सोच के तहत प्रधानमंत्री मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत किसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री आवास नल जल योजना जनधन खाता योजना सहित कई योजनाएं की शुरूआत की जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे।मौके पर कुरडेग प्रखंड सांसद प्रतिनिधि उमेश जायसवाल आदि मौजूद थे।

# 25 महिलाओं का 13 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** बैंक ऑफ इंडिया के द्वार संचालित आरसीटी मे जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित 25 महिलाओं के लिये साबुन,सर्फ और फिनाइल बनाने का 13 दिवसीय प्रशिक्षण ईडीपी माइक्रो एंटरप्रेन्योर के ट्रेनर के द्वारा शुरू किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अग्रिणी जिला प्रबंधक निवास कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा कि महिलाएं डिजिटल पाउडर सर्फ साबुन बनाने का गुर सीखेगी। और इस कार्य मे दक्ष होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्म निर्भर होना जरुरी हैं।ग्रामीण क्षेत्र मे इस उद्योग को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा हैं। ताकि महिलाएं सवाबलम्बन की दिशा मे आगे बढे। एलडीएम ने आगे कहा कि देश मे एक साल मे प्रति व्यक्ति के द्वारा औसतन लगभग 2.8 किलो पाउडर उपयोग मे लाया जाता हैं। वर्ष 2011 के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या का लगभग 69 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण इलाको मे निवास करती हैं। जिसका साफ मतलब होता हैं इस व्यवसाय को लेकर भविष्य मे ग्रामीण इलाको में बहुत बड़ा स्कोप हैं। इससे स्वक्छ भारत अभियान को भी गति मिलेगी। मौके पर आरसेटी संकाय सदस्य राजीव रंजन कुमार,अतिथि संकाय सदस्य सोहित कुमार झा,मंजीत यादव, रीना कुमारी एवम पिंकी देवी के आलावा डगरनवा से रेखा देवी, रूपायडीह से नीतू देवी, घाघडीह से संगीता देवी,करमा से काजल देवी,बेहराडीह से ललिता मेहता सहित 25 महिलायें शामिल हैं।

# 'अच्छी शिक्षा, स्वस्थ व रोजगार पहुंचना संस्था का मुख्य उद्देश्य'



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जलडेगा प्रखंड के लमडेगा पंचायत अंतर्गत हुटुटूवा गांव में 'जन भावना फाउंडेशन' के तत्वधान में सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को ग्रामीणों के समक्ष रखकर जनजागरूक कार्यक्रम किया गया। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास व बदलाव हो सके। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खुशीराम कुमार (सिमडेगा जिला हेड,जन भावना फाउन्डेशन ने कहा कि जब गांव के ग्रामीण जागरूक होगा और अपना हक और अधिकार को जानेगा साथ ही हक से मांगेगा तो निश्चित रूप से लोगों की विकास होगी। अच्छी शिक्षा, स्वस्थ व रोजगार पहुंचना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। जन भावना फाउंडेशन के माध्यम से आज सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों जाकर हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना संबंध में लोगों बताया जा रहा है। हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना हैं आप लोग जागरूक होकर इस योजना में पंजीकरण कराएं और इसका लाभ उठाएं।हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर आप स्वास्थ्य लाभ लें और बालिका समृद्धि योजना में बाल विवाह को रोकना बालिकाओं को सशक्त व समृद्ध बनाना है। आपका सहयोग हमारा प्रयास के साथ हर हाथ हुनर जन-जन को रोजगार है। पंचायत को स्मार्ट गांव बनाना है, इस फाउंडेशन के अंतर्गत स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट क्लिनिक,नशा मुक्ति, मशरूम ट्रेनिंग, मत्स्य पालन ट्रेनिंग, कंप्यूटर ट्रेनिंग, ब्यूटीशियन ट्रेनिंग, बालिका विकास योजना, माइक्रो फाइनांस, खेल कूद, मधुमक्खी पालन ट्रेनिंग सहित कौशल विकास का लाभ आने वाले दिनों में दिया जाएगा।

## डाक बंगला बानो में कांग्रेस पार्टी की बैठक

**बानो।** प्रखण्ड कांग्रेस पार्टी,बानो की औपचारिक बैठक डाक बंगला परिसर में प्रखंड अध्यक्ष अजीत कन्डुलना की अध्यक्षता में संपन्न की गई जिसमें पार्टी के वरिष्ठ सदस्य सिलास टेटे ,शफीक अंसारी, जगदीश बागेजिला महासचिव, सिमडेगा, अनिल कुमार बागे जेम्स कन्डुलना संजीव कैथवार मनुएल डांग ,लेवनी सुरीन, अमृत तोपनो, हर्षित सांगा, उपस्थित थे ।मौके पर उपस्थित कांग्रेसियों ने कहा राष्ट्रीय नेता केंद्र सरकार द्वारा साजिश के तहत राहुल गांधी के उपर मानहानि,संसद सदस्यता से बाहर किया गया इसका जवाब आगामी 2024 के चुनाव में जनता देगी इस मौके पर विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में अभी से ही तैयारी करने एवं इन संबंधित विषयों को धार देने हेतु 2 अगस्त को प्रखंड कांग्रेस पार्टी की बैठक आहूत करने की स्वीकृति इसी बैठक में ली गई।

# पौधरोपण कर पूर्व मंत्री ने लिया सुरक्षा संरक्षण का संकल्प



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा वन प्रक्षेत्र के एडेगा पंचायत में वन विभाग के नेतृत्व में वन महोत्सव एवं पौधारोपण कार्यक्रम हुआ, इसमें पूर्व मंत्री झारखंड सरकार एनोस एक्का, सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग झारखंड पार्टी युवा नेता संदेश एक्का शामिल हुए ।अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने शहीद अनिल तोपनो चौक के समीप पौधारोपण कर कार्यक्रम सुरक्षा संरक्षण का लिया संकल्प लेते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की अवसर पर उन्होंने वहां उपस्थित सभी जनसमूह से एक एक पेड़ लगाने की अपील की वही जंगल को संरक्षित करने की बात कही उन्होंने इनके लाभ गिनाए कि हमें जंगलों से ऑक्सीजन मिलती है वही वनउत्पाद से सिमडेगा जिला के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार के साथ आर्थिक सहयोग मिलता है* साथ ही उपस्थित लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा जहां रौपे गए पौधों के बड़े होने तक संरक्षण करने को कहा, यह पेड़ पूरे जीवन व्यक्ति को फल, छाया, लकड़ी, आक्सीजन इत्यादि देकर सहयोग करते रहेंगे। वही सिमडेगा में हाथी प्रभावित क्षेत्र को लेकर उन्होंने कहा जंगल की बचाव जरूरी है जंगल के कटने से हाथी ग्रामीण क्षेत्र में घुस रहे हैं और लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं हाथी भगाने की टीम जिले में रहनी चाहिए ताकि सारड़ा के जंगल तक उन्हें पहुंचाया जा सके ग्रामीण परेशान हैं अब हम आ गए हैं हमारी प्राथमिकता होगी इस काम से निजात दिलाने के लिए मैं सरकार तक भी इस बात को पहुंचऊंगा और जंगली हाथी से लोगों का निजात दिलाना मेरी प्राथमिकता होगी।अवसर पर मुख्य रूप से वन क्षेत्र पदाधिकारी राजेश्वर पासवान झारखंड पार्टी युवा नेता संदेश एक्का एडेगा ग्राम पंचायत मुखिया जीरेंन डांग फॉरेस्टर हेमन्त कुमार वन उपरिसर पदाधिकारी नीतीश कुमार वन कर्मी मनोज कच्छप सतेंदर कुमार प्रदीप कुल्लू के अलावे एडेगा पंचायत के ग्रामीण शामिल थे।

# विश्व आदिवासी दिवस को लेकर कमेटी का गठन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस के सफल आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में विभिन्न आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए जहां पर कहां गया कि सर्व समिति से विश्व आदिवासी दिवस इस बार भी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा वहीं इस को मनाने के लिए समिति का गठन किया गया जहां पर सर्व समिति से अध्यक्ष- हरिशचंन्द्र भगत,उपाध्यक्ष- दीपक मिंज,सचिव-अगुस्टीना सोरेंग सह सचिव- अजय मांझी,कोषाध्यक्ष-रोशन डुंगडुंग,उप-कोषाध्यक्ष-अमन नियेल सोरेंग को बनाया गया वहीं इसके अलावा सलाहकार-प्रदीप टोप्पो, अनुप लकडा, अजय एक्का जिप सदस्य ,सुमन कुल्लु, अमर समद,पाहन बिरसा मुंडा,पाहन बाबूलाल , दानियेल मिंज इधर आयोजन को सफल बनाने के लिए संरक्षक के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाडा,कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी,पूर्व मंत्री एनोस एक्का, पूर्व विधायक बसंत लोंगा,पूर्व मंत्री विमला प्रधान,पूर्व जीप अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, जीप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा,पूर्व नगर अध्यक्ष पुष्पा कुल्लु, एवं सभी जिला परिषद सदस्य को रखा गया है।

## सर्पदंश से 15 वर्षीय युवक की हुई मौत

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नवटोली पंचायत के सुंदराटोली गांव में सर्पदंश से एक युवक की मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक संदीप डांग गुरुवार रात्रि शौच के लिए घर से बाहर निकला था इसी क्रम में युवक को जहरीले सांप ने डस लिया। सांप के डसने की जानकारी मिलने के बाद परिवार वाले झाड़-फूंक करवाते रहें। जब झाड़ फूंक से कोई सुनवाई नहीं हुई तो कोलेबिरा स्थित शिवम अस्पताल ले गए। वंहा युवक के गंभीर स्थिति को देखते हुए वहां के चिकित्सकों द्वारा युवक को सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया। इस दौरान संदीप डांग की मृत्यु हो गई। संदीप डांस का उम्र 15 वर्ष पिता सुनील डांस संत जेवियर स्कूल बरवाडीह कक्षा 10वां का छात्र था।

# विधायक ने भवन का किया उद्घाटन



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड मे श्यामा मुखर्जी रूबन मिशन के द्वारा बहुउदेसीय भवन का उद्घाटन कर स्थानीय लोगों के बीच समर्पित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित कोलेबिरा विधायक नमन बिक्साल कोंगाड़ी ने कहा बहु उद्देशयीय भवन के शुरू होने से यहां के लोगों को सभी तरह के कार्यक्रम करने में सुविधा होगी और लोग इसे अपनी संपत्ति समझकर उपयोग करे और साफ सफाई पर विषेश ध्यान दे जिससे यहां आने पर लोगो को अच्छा लगे। वही जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग ने कहा सरकार की दी गई योजना का जन जन तक लाभ मिले और इसका निर्माण का उद्देश्य पुरा हो। इस मौके पर उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा ने कहा शहर के तर्ज पर गांव को रूरबन मिशन के तहत विकसित किया जा रहा है जिससे गांव मे शहर जैसी सुविधा मिल सके इसलिए सरकार की ओर से लचरागढ़ मे हर सुविधा दी जा रही है। जैसे कोल्ड स्टोरेज, इमली प्रोसेसिंग यूनिट, रागी सेंटर के साथ इंडोर स्टेडियम जिम सुवीधा दी जा रहीं है जिससे लोगों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम मे प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम के साथ जन प्रतिनिधी मुखिया पंचायत प्रतिनिधी मौजूद थे।

## झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के नवाटोली पावर हाउस में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव वकील खान के नेतृत्व में कई लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण किया इस दौरान उन लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा के नीति सिद्धांतों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि आने वाले दिनों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के माध्यम से इस राज्य का विकास होगा और सभी लोगों के सहयोग से हम आगे बढ़ेंगे सदस्यता अभियान कारण करने वालों में पौलिना देवी,सुरस लोहर,पूनम देवी,सका लोहर,छोटी देवी,रुनिमा देवी,सरेस लोहर,सरस्वति देवी,चविंद्द लोहर ,पूना नायक,करिया देवी,भुध्वा नायक, संचारी देवी, कर्मी देवी,बर्तू लोहर, रुक्मनी देवी, सावित्री देवी,संजीत नायक,एत्वरि देवी, सुन्दरी देवी,अनिल कुमार नायक, बैजनात लोहर, जोहान जोजो, सुलामी जोजो,सुमती देवी, मनु नायक, मानति देवी, छोटे लाल लोहर,संकर लोहर,मुनी देवी,सिबू नायक, सहबैत देवी,जस्बिंदर लोहर, संतोषी देवी, रोहित कुमार लोहरा एवं ममता देवी एवं मौके पर फूल कुंवारी समद भी मौजूद रहे।

## बानो पुलिस की ततपरता से दो नाबालिक बच्चियां मानव तस्करी का शिकार होने से बचीं

**बानो।** जिला प्रसाशन एवं न्याय प्रशासन द्वारा मानव तस्करी को लेकर बराबर जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को जागरूक कर मानव तस्करी रोकने का प्रयाश किया जाता रहा है, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से लोगो को मानव तस्करी से होने वाले ब्यक्तिगत क्षति के विषय मे जानकारी देते हुए जागरूकता अभियान चलाकर बताया जाता है,लेकिन लाख प्रयास के बाद भी मानव तस्कर सक्रिय है और मानव तस्करी बदस्तूर जारी है। इस विषय पर बानो पुलिस को बदु सफलता मिली और पुलिस की ततपरता से प्रखंड के बेडाइरगी पंचायत दो नाबालिक बच्चियां मानव तस्करी की शिकार होने से बचीं। जानकारी के मुताविक शंकरी कण्डुलना 14 वर्ष पुत्री टिडा कण्डुलना ग्राम गटीबान्दू एवं टेरेसा कण्डुलना 14 वर्ष पुत्री जार्ज कण्डुलना जितूतोली निवासी बानो रेलवे स्टेशन से दिल्ली जाने के लिए पहुची थी, इसकी गुप्त सूचना मिलने पर बानो थाना के एएसआई जुनास सोरेंग ने बानो स्टेसन पर जांच कर उक्त दोनों लड़कियो को बरामद कर बानो थाना लाये, जांच की दबिस देखकर मानव तस्कर मनोज सिंह फरार हो गया बानो पुलिस द्वारा दोनों बच्चियो को बानो स्टेशन से बरामद होने की सूचना उसके परिजनों को दी गई ,एएसआई जुनाथ सोरेंग एवं एएसआई सत्यनरायन प्रसाद ने बच्चियो को समझा बुझा कर दोनों बच्चियो को प्रीन्जो को सौप दिए इस मौके पर लीगल ऐड क्लिनिक बानो थाना में कार्यरत पीएलवी शेख मूस्तकीम एवं अशोक तिवारी उपस्थित थे।

जानकारी

## विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा की बैठक, बजरंग दल नगर कमेटी का गठन

# मानस प्रसाद बने बजरंग दल के नगर संयोजक



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा की आवश्यक बैठक देवराहा बाबा आश्रम में शुक्रवार को कार्यकारी अध्यक्ष नारायण दास की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक में विभिन्न प्रखंड एवं जिला समिति तथा बजरंग दल के पदाधिकारियों कार्यकर्ता शामिल हुए बैठक में बताया गया कि विगत 7 जुलाई 8 एवं 9 जुलाई को हजारीबाग में हुए प्रांत स्तरीय सम्मेलन बैठक में दिए गए दिशा निर्देश के आलोक में सभी लोगों को जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि पूरे जिले के 94 पंचायतों में खण्ड समिति की गठन करनी है ।इसके अलावा आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा से संबंधित जानकारी दी गई तथा सभी लोगों से गौ रक्षा ,धर्मांतरण रोकथाम, रक्तदान शिविर पौधारोपण कार्यक्रम सहित धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर सनातन सभ्यता और संस्कृति के बारे में लोगों के बीच जानकारी लेकर लगाने को लेकर चर्चा हुई। मौके पर बताया गया कि 15 दिनों के अंदर खंड समिति का गठन पूरी तरह से कर लेनी है और प्रांत की सूची भेजनी है। इस दौरान बजरंग दल नगर समिति का गठन किया गया जहां पर नगर संयोजक के रूप में मानस प्रसाद सहसंयोजक राहुल केसरी हरि कुमार मिलन प्रमुख रिकी वर्मा सुरक्षा प्रमुख आलोक प्रसाद गौरक्षा प्रमुख सुमित कुमार विद्यार्थी प्रमुख अग्निवेश कुमार चौबे बलोपास प्रमुख अंकित सिन्हा को बनाया गया साथ ही उनके कार्यों की दायित्वों के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताएं गई साथ ही कहा गया कि बजरंग दल पूरे वार्ड में बजरंग दल वार्ड समिति का गठन करेंगे इसके अलावा विश्व हिंदू परिषद की भी ग्राम समिति का गठन की जाएगी ताकि संगठन का विस्तार हो और संगठन मजबूत हो। बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष अघना खड़िया घनश्याम राम, मंत्री कृष्णा शर्मा ,सह मंत्री सुबोध महतो,कमल सेनापति , भुनेश्वर सेनापति, प्रचार प्रसार प्रमुख वीके साहू,बजरंग दल संयोजक आनंद जायसवाल ,सहसंयोजक राजेंद्र मेहर सत्संग प्रमुख प्रकाश दास सहित विभिन्न प्रखंडों से आए हुए विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लगातार तीसरे दिन सभी चिकित्सक डंडाई सीएचसी से रहे गायब, बैरंग लौटे मरीज

# सीएचसी के चिकित्सक बेलगाम

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

डंडाई सीएचसी अस्पताल में तीसरे दिन शुक्रवार को भी एक भी चिकित्सक नहीं पहुंचे। अस्पताल में पदस्थापित 4 चिकित्सकों में एक का भी लगातार तीन दिन नहीं आना पूरी तरह समझ से परे हो गया है। लगता है अस्पताल के सभी चिकित्सक बिल्कुल रूप से बेलगाम हो गए हैं ना तो उन्हें अपने सी वरीय अधिकारियों का डर है और ना ही पदस्थापित अस्पताल के 65000 ग्रामीणों से। जब उनकी मर्जी हुई तो वे सभी अस्पताल आए और नहीं हुयी तो नहीं आए। वहीं अपने अपने घर के वातानुकूलित कमरों में आराम फरमाते रहते रह गए।



बताते चलें कि बुधवार को पदस्थापित चार चिकित्सकों में सभी के सभी अस्पताल से गायब रह गए थे। उनमें चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, आयुष चिकित्सक डॉक्टर कुमुद रंजन, रीना भारती और मोनी कुमारी शामिल थे। उक्त चिकित्सकों को अस्पताल नहीं आने से उस दिन कई मरीजों को बिन इलाज कराए ही घर बैरंग लौटना पड़ा था। उसके बाद गुरुवार को चार चिकित्सकों में मात्र दो चिकित्सक मोनी कुमारी व रीना भारती का ही अस्पताल में आगमन हुआ था। उस दिन भी डॉक्टर कुमुद रंजन और चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी अस्पताल से गायब थे। शुक्रवार को जब तीसरी बारअस्पताल की पड़ताल की गयी तो अस्पताल में पदस्थापित चारों के चारों चिकित्सक दिनभर अस्पताल से गायब रहे।

प्रखंड क्षेत्र के कई मरीज अस्पताल गेट पर बैठ सुबह से शाम तक उनका इंतजार करते रहे लेकिन उक्त चिकित्सकों में किसी का भी अस्पताल में आगमन नहीं हुआ। नतीजतन सभी मरीजों को इलाज कराए बिना ही अपने-अपने घर लौटना पड़ा। पूछने पर चिकित्सकों द्वारा कोई दवा लाने के लिए अस्पताल आने की बात बतायी तो कोई किसी ने काम से घर पर रहने की बात कही। चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि किसी काम के कारण आज अपने घर पर रह गई। इसी तरह आयुष चिकित्सा पदाधिकारी होम्योपैथ रीना भारती ने बताया कि दवा लाने के लिए मेराल अस्पताल आ गई हूं।

अस्पताल पर इलाज कराने आये मरीज अजीत कुमार, वीरेंद्र कुमार, कलावती देवी ने बताया कि हम सभी सुबह से ही अस्पताल के गेट पर बैठ चिकित्सकों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उनका इंतजार करते करते सुबह से शाम हो गयी लेकिन अभी तक एक भी चिकित्सक का आगमन अस्पताल में नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हम सभी मौसमी बीमारी से काफी परेशान थे। सोचे कि अस्पताल जाएंगे तो चिकित्सकों को दिखाकर बीमारी से संबंधित दवा लेंगे। लेकिन यहां आए तो अस्पताल में एक भी चिकित्सक को नहीं देख उनका इंतजार करने लगे। लेकिन उक्त चिकित्सकों में किसी का अस्पताल में आगमन नहीं हुआ। मजबूरन हम सभी बिना इलाज कराए ही अपने अपने घर लौट आए।

## खरौंधी थाना क्षेत्र के करीवाडीह गांव में घर की दीवार गिरने से लड़की की दबकर मौत

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

खरौंधी थाना क्षेत्र के करीवाडीह गांव में घर की दीवार गिरने से एक 17 वर्षीय लड़की की दबकर मौत हो गयी। लड़की की पहचान सुचिता कुमारी, पिता ब्रजेंद्र पाल के रूप में की गयी है। घटना के विषय में बताया गया कि लड़की घर में चापाकल पर नहा रही थी। इसी दौरान घर की दीवार का बड़ा हिस्सा और छप्पर अचानक से धराशायी हो गया। इससे हैंड पंप टूट कर छात्रा के ऊपर जा गिरा और उसके ऊपर छप्पर सहित पूरा क्षतिग्रस्त दीवार गिर गयी। हैंड पंप और क्षतिग्रस्त मकान का मलवा से पूरी तरह दब चुकी लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण दौड़े। क्षतिग्रस्त मकान के मलबे को हटाया गया और लड़की के शव को मलवे से बाहर निकाला गया तो लड़की का चेहरा सहित शरीर का पूरा हिस्सा बुरी तरह से जख्मी एवं विकृत हो चुका था। परिजनों ने बताया कि जर्जर मकान में बारिश की वजह से पहले से ही सिड़न थी। तेज बारिश ने जर्जर मकान की दीवार के सिड़न को और बढ़ाने का काम किया।



पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए शव ले जाने की बात कही, लेकिन मुखिया मनसा देवी के नेतृत्व में छात्रा के परिजनों व स्थानीय ग्रामीणों ने सरकारी मुआवजा, अंबेडकर आवास और माता पिता की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की मांग को लेकर घटनास्थल पर प्रशासनिक पदाधिकारी को बुलाने पर अड़ गए। मुखिया मंशा देवी ने कहा कि छात्रा का परिवार एकदम गरीब है। पिताजी भेड़ चराते हैं। अगर पक्का मकान (प्रधानमंत्री आवास) मिला होता तो शायद घटना नहीं घटती। मुखिया ने कहा कि इस घटना के प्रति कोई पदाधिकारी संवेदनशील नहीं है। उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी को घटना के विषय में फोन लगाया गया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक पदाधिकारी के घटनास्थल पर आने और मुआवजा, पेंशन, अंबेडकर आवास सहित अन्य सरकारी लाभ देने की लिखित घोषणा के बाद ही अंत्यपरीक्षण के लिए शव उठेगा। यह सूचना पाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो ने घटनास्थल पर पहुंचकर सरकारी लाभ दिलाने की बात कही। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, मुखिया मनसा देवी सहित ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## शत-प्रतिशत जन्म-मृत्यु पंजीकरण को रथ रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला अंतर्गत शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय परिसर से जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर पर कोविड- 19 अवधि के दौरान छुटे हुए एवं अन्य छुटे हुए जन्म-मृत्यु के शत-प्रतिशत निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु राज्य के सभी निबंधन इकाईयों यथा सभी पंचायत निबंधन इकाई, सभी शहरी नगर निकाय निबंधन इकाई, सभी स्वास्थ्य निबंधन इकाई एवं अन्य निबंधन इकाई आदि में विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि इस अभियान में जन्म-मृत्यु पंजीकरण से छूटे हुए सभी बच्चों एवं नये जन्म लिये हुए सभी बच्चों और मृत व्यक्यिों का पंजीकरण अवश्य करायें। इस दौरान जिला अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, जिला योजना पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी संतोष कुमार भगत, अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## कार व बाइक में आमने-सामने की हुई टक्कर, तीन घायल

**मनिका।** थाना अंतर्गत स्थित सेमर चौक के समीप कार और बाइक में हुई आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार हजारीबाग से डालटेनगंज की ओर जा रही थी और बाइक वाले डाल्टेनगंज की ओर से डिग्री कॉलेज बीए का एग्जाम देने जा रहे थे। उसी बीच कार और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। घायलों मुजफ्फर अंसारी पिता कलाम अंसारी, आजम अंसारी पिता सुलेमान अंसारी ग्राम जरुआ के रहने वाले हैं और महफूज अंसारी पिता अलीमुद्दीन अंसारी ग्राम जगतु रहने वाला है। उन्हें मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सभी का स्थिति सामान्य है। इलाज के बाद तीनों छात्र एग्जाम के लिए डिग्री कॉलेज मनिका चले गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह को दी। घटना की सूचना मिलते ही एसआई प्रदीप राय दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों गाड़ी को अपने कब्जे में लिया।

## डीडीसी ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जन्म-मृत्यु निबंधन का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर आमलोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जन्म एवं मृत्यु निबंधन हेतु राज्यव्यापी विशेष जागरूकता प्रचार वाहन को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर शुक्रवार को रवाना किया।

जन्म एवं मृत्यु निबंधन हेतु राज्यव्यापी विशेष अभियान के तहत शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जागरूकता रथ 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक जिले के सभी प्रखण्ड अन्तर्गत आने वाले पंचायतों, हाट बजारों, शहरी क्षेत्रों में घुम-घुम कर जन्म-मृत्यु पंजीकरण के प्रति आम लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी। उक्त अभियान के तहत जन्म-मृत्यु पंजीकरण से छूटे हुए सभी बच्चों एवं नये जन्म लिये हुए सभी बच्चों और सभी मृत व्यक्तियों का पंजीकरण कराने के लिए जन जागरूकता हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनूप कुमार, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमणि कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## बारियातु में वज्रपात की चपेट में आने से दो मवेशी की मौत

**बारियातु।** थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत कटईटोला में वज्रपात के चपेट मे आने से टोला निवासी किसान धर्मदेव यादव उर्फ कालू यादव का दो खेतीहर बैल की मौत हो गई। घटना के संबंध में पीड़ित किसान यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार दोपहर मेरे दोनों बैल खेत मे चर रहे थे कि अचानक तेज वर्षा होने लगी और उसके दोनों बैल वर्षा से बचने के लिए पेड़ के नीचे चल गए। इसी दौरान वज्रपात हुई और दोनों बैल उसकी चपेट में आ गए, जिससे घटना स्थल पर ही दोनों की मृत्यु हो गई। दोनों खेतिहर बैल की मौत से किसान के परिवार में बड़ा संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित किसान ने खेती के समय को देखते हुए संबंधित विभाग से मुआवजा की मांग की है। मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह व डाढ़ा पंसस जया देवी एवं संतोष भगत पीड़ित परिवार से मिलने कटई टोला पहूंचे जहाँ पीडितों को ढाढस बंधाते हुए सरकार से मदद दिलाने का अशवासन दिया है।

## संक्षिप्त

### पति से विवाद पर महिला ने की आत्महत्या

**गढ़वा।** मजियाव थाना क्षेत्र के बुडीखाड़ गांव निवासी संतोष यादव की पत्नी 36 ललिता देवी कीटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पति ने बताया कि पत्नी को बच्चों को बासी खाना देने के लिए मना किया था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ था। बात इतनी बढ़ गई थी पत्नी ने कीटनाशक पदार्थ खा लिया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे उठाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मेराल।** पुलिस ने शुक्रवार को दो अभियुक्त वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि दो वारंटी अभियुक्त के ऊपर माननीय न्यायालय द्वारा वारंटी निर्गत किया गया था इसी आलोक में उए 2336/18 के वारंटी बसरिया गांव निवासी मानिकचंद साव पिता स्वर्गीय विश्वनाथ साव तथा सी 254/08 के वारंटी खोलरा गांव निवासी महेंद्र बुशहर के पत्नी अस्पतिया देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### पीकअप वैन व कार की टक्कर, एक घायल

**केतार।** केतार - खरौंधी मुख्य पथ पर शुक्रवार को चेचरीया गांव के समीप कार और पीकअप वैन की आमने सामने टक्कर में कार चालक युवक संतोष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कार पर सवार लोग कांडी अपने रिश्तेदार के यहां आये थे और अपने घर वापसी उत्तर प्रदेश के रावटर्सगंज जा रहे थे। इसी क्रम में चेचरीया गांव के समीप पीकप वैन और कार की आमने सामने टक्कर हो गई, जिसमें कार चालक संतोष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसके माथे में गंभीर चोट लगी है।

### तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के चांदडीह गांव निवासी विष्णु देव उरांव, वशिष्ट उरांव और आशीष उरांव को शुक्रवार को केतार पुलिस ने एक पुराने मामले गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त तीनों लोग वारंटी थे पुलिस को लम्बे समय से इन लोगों की तलाश थी। थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने बताया कि तीनों लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

### स्कूली बच्चों के बीच पठन सामग्री का वितरण

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-तुलसीदामर खदान के सामाजिक निगमित दायित्व(उरफ) के अंतर्गत शिक्षण सहायता का वितरण के अंतर्गत घाघरा स्कूल की 342 छात्राओं को स्कूल बेग, पेन, पेंसिल, कटर और रबर वितरण किए गए। मौके पर सेल, बोकारो स्टील प्लांट के भवनाथपुर-तुलसीदामर खदान के जीएम मनोज कुमार, डाक्टर विजय कुमार राम, एजीएम राजेश कुमार, एजीएम भगवान पाणिग्रही और पर्सनल मैनेजर बुलू दिगल, के.ओ.सु.ब के असिस्टेंट कमांडेंट आर के ठाकुर, इंस्पेक्टर एके सिंह उपस्थित थे। मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय एवं उप मुखिया वैश्य खान के अथक प्रयास से उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के 1 से 8 तक के सभी छात्र छात्राओं को उक्त सामग्रियां दी गयीं।

### बीडीओ ने प्रचार वाहन को किया रवाना

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को गढ़वा समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्रचार प्रसार हेतु प्रखंड स्तरीय प्रचार वाहन को बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी जयपाल महतो ने रवाना किया गया। मौके पर प्रखंड पर्यवेक्षिका रिंकी कुमारी, सुचिंता कुमारी, सेविका बीना चौरसिया बीडीसी चंदन ठाकुर मीना देवी सुनीता देवी अनीता देवी के अलावे अन्य कई लोग मौजूद थे।

### उच्च विद्यालय परिसर में किया गया पौधरोपण

**श्री बंशीधर नगर।** प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार को वन विभाग द्वारा बांस गेबियन के साथ पौधा रोपण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिरेंद्र पांडेय, वन कर्मी शशिकांत कुमार, अजित कुमार सहित विद्यालय के शिक्षकों व छात्रों द्वारा पौधरोपण किया गया। वनकर्मी शशिकांत कुमार ने बताया कि महोगनी, जामुन, नेम, अर्जुन, पीपल सहित 200 पौधारोपण किया गया। पांडेय ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिये पौधारोपण अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प हम सबको लेना होगा। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को पौधारोपण व उसकी देखभाल के लिये प्रेरित भी किया। मौके पर शिक्षक अमरेंद्र दास, दिलीप पाठक, सुमन रानी जायसवाल, राधाकृष्ण पांडेय, विजय कुमार, अभिषेक पाठक, दीपक मिश्रा, मो सुहैल अहमद, संतोष कुमार, प्रवेश टोप्पो धर्मेंद्र कुमार, अनंजय प्रसाद, प्रियरंजन स्निग्रहि, मो होमेदुल्लाह, बलि प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद, रमेश प्रसाद यादव सहित सभी शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



## सक्षम सेंटर का किया गया शुभारंभ



**चिनिया।** जेएसएलपीएस कार्यालय में आजीविका महिला संकुल संगठन में सक्षम सेंटर का शुभारंभ अंचलाधिकारी निषात अंजुम व प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अंचलाधिकारी निषात अंजुम ने सक्षम केंद्र से सभी दीदियों को लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक ओम प्रकाश कुमार ने बैंकिग से संबंधित विभिन्न सेवाओं, उत्पादों आदि की जानकारी दी। मौके पर बीपीओ सह एइ अनुज कुमार रवि, जेइ अनीकेश कुमार, सुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

## किराना दुकान में लगी आग लाखों रुपये का सामान राख

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**



प्रखंड मुख्यालय के सामने शुक्रवार की सुबह लगभग 10:30 उपेंद्र प्रसाद उर्फ गुड्डू प्रसाद की किराना दुकान में अचानक आग लग गई जो देखते ही देखते भयावह हो गई। इससे एक लाख रुपये से ऊपर का सामन दुकान के अंदर रखी हुई जलकर खाक हो गया। उपेंद्र प्रसाद ने बताया कि दुकान में हम ग्राहक को सामान दे रहे थे तभी पत्नी घर के अंदर से चिल्लाई की आग लग गई है। अगल-बगल के लोग दौड़कर आग बुझाने लगे लेकिन तब तक बहुत सारे सामान जल चुके थे। पत्नी बाल-बाल बच गई तथा आग की लपट से उसके पैर भी कई जगह पर जल गए। बच्चे स्कूल में चले गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही बिजली विभाग के कर्मी सीमंत चंद्रवंशी ने मौके पर पहुंचकर कनेक्शन को काटा व ग्रामीणों के अथक प्रयास से काफी देर बाद आग पर काबू कर लिया।

## बीडीओ ने की मनरेगा योजनाओं की समीक्षा

**धुरकी।** धुरकी प्रखंड मुख्यालय के सभागार मे शुक्रवार को बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने अपने प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मियों के साथ चल रहे मनरेगा योजना को लेकर समीक्षा बैठक की। बीडीओ ने सभी मनरेगा कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि 1 जुलाई से जो मनरेगा योजना में जिला स्तर से योजनाओं को लेकर टारगेट दिए गये हैं। उसके अनुरूप सभी कर्मी एक टीम बनाकर काम करें । पहले प्रखंड क्षेत्र में 35 एकड़ में आम बागवानी लगाने का लक्ष्य दिया गया था, जो जिला में सूखाड़ की स्थिति देखते हुऐ लक्ष्य बढ़ाकर प्रखंड के लिए 77 एकड़ कर दिया गया है। वहीं पीएम आवास की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने कहा कि जो भी आवास की राशि लाभुक निकाले हैं उनका आवास जल्द पूरा करवाया जाए।

## भू-माफियाओं पर सरकारी जमीन को बेचने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भवनाथपुर के सामाजिक कार्यकर्ता अख्तर अंसारी ने स्थानीय कपूर्री चौक के निकट तालाब के सामने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को आवंटित 5.95 एकड़ भूमि को भू-माफियाओं द्वारा औने-पौने दामों बेचे जाने का आरोप लगाते हुए दोषी पर कारवाई के लिए पीडब्ल्यूडी को आवेदन सौंपा है। अंसारी ने आवेदन में कहा है कि वर्ष 1973-74 में भू-अर्जन विभाग ने जमींदारों को मुआवजा देने के पश्चात 5.95 एकड़ भूमि अर्जित कर आपके विभाग को निरीक्षण भवन निर्माण के लिए दिया था, जिसकी भू-माफियाओं द्वारा गलत तरीके से स्टाम्प के माध्यम से बिक्री की जा रही है। उन्होंने विभाग से सरकारी जमीन की अवैध खरीद-



बिक्री पर तत्काल रोक लगाते हुए सरकारी भूमि को बचने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर अदालत का दरवाजा खटखटाने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी हमने कैलान गांव में सरकारी जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री के मामले में एसडीओ को आवेदन दिया था, जिसमें जांच में गड़बड़ी उजागर हुई थी। इसपर तीन अंचलकर्मी व एक कंप्यूटर ऑपरेटर को दोषी पाये जाने पर कारवाई की गई थी।

**धर्म-कर्म** ‘अनीति, अन्याय व छल- कपट से कमाई संपत्ति से नहीं होगा कल्याण’

# ‘मनुष्य को सदाचारपूर्वक जीना चाहिए जीवन’

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

शास्त्र, नीति और मयार्दा को छोड़कर हम अन्याय, अनीति और छल- कपट से जितना भी धन कमा लें, पद प्रतिष्ठा प्राप्त कर लें, उससे शुभ और कल्याण नहीं हो सकता परमगति की तो बात ही बहुत दूर है। इसलिए मानव को सदाचार, परोपकार के साथ कर्तव्य परायण होकर सदाचार पूर्वक जीवन यापन करना चाहिए। उक्त बातें जीयर स्वामी महाराज ने पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन में कहीं।



उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य की धरती पर आज से 6 हजार वर्ष पहले सूत जी महाराज ने 88 हजार ऋषियों को श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा सुनाई, तभी से इस कथा को सुनने-सुनाने का प्रचलन दुनिया में प्रारंभ हुआ। शास्त्रों में पृथ्वी पर आठ बैकुंठधाम बताए गए हैं, जिसमें चार उत्तर भारत में और चार दक्षिण भारत में हैं। उनमें से एक नैमिषारण्य भी बैकुंठ धाम की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई व्यक्ति जब अच्छा काम शुरू करता है तो उसमें विघ्न बाधा जरूर आती है, जिससे घबराने की जरूरत नहीं। यदि आप शुभ संकल्प के साथ कार्य का आरंभ करेंगे तो लाख विघ्न बाधाओं के बाद भी आपका कार्य संपन्न होगा। बिना मुहूर्त के भी अच्छा कार्य किया जा सकता है। इससे कोई नुकसान नहीं होता। मुहूर्त में करने से फल अधिक मिलता है, लेकिन बिना मुहूर्त के भी शुभ कार्य करने में कोई नुकसान नहीं है। जिस समय मन बुद्धि दिमाग अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित कर दें वही समय अच्छा है। कथा में स्वामी जी महाराज ने अर्जुन सुभद्रा विवाह का विस्तार से वर्णन सुनाया। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी मंदिर में, घर में, मूर्ति की स्थापना की गई है वहां पर देवी देवताओं को दिन में तीन बार भोग अवश्य लगाना चाहिए, नहीं तो कम से कम 24 घंटे में एक बार तो अवश्य ही भोग लगाना चाहिए। ऐसा नहीं होने से पुनः मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा करानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सनातनी को अपने मस्तक पर तिलक अवश्य लगाना चाहिए। ब्रह्म, जीव, माया का सूचक तिलक का संबंध भगवान से है। कहा कि घर- परिवार में अगर पुत्र पैदा नहीं हो रहा है तो इससे पितर नाराज हैं, घर परिवार में धन वैभव की कमी है तो भगवान नाराज हैं, लोगों में बुद्धि और ज्ञान की कमी है तो ऋषि मुनि गुरु नाराज होते हैं। इसलिए गुरु, ऋषि-मुनियों की सेवा के साथ ही अपने घर में हवन-पूजन के साथ अपने सामर्थ्य के अनुसार कुछ लोगों को भोजन अवश्य कराना चाहिए।

## गुजरात गए प्रवासी मजदूर की हुई मौत

**रमना।** ग्राम सिलिदाग करीमन टोला निवासी स्वर्गीय महावीर राम के 35 वर्षीय पुत्र जय राम की मौत गुजरात के मीठापुर में 12 जुलाई को हो गई। मृतक का शव 14 जुलाई को ग्राम पहुंचा। दाह संस्कार सिलिदाग के गड़गड़वा शमशान घाट में किया गया। जय राम मजदूरी के लिए गुजरात गया था। साथ काम करने वाले चाचा लक्ष्मण राम उर्फ सोहर राम ने बताया कि दोपहर 12 बजे के आसपास जयराम की मृत्यु होने की सूचना मिली। जयराम 10 बजे के करीब तबीयत ठीक नहीं लगने की बात कह कर कंपनी से बाहर निकला और कुछ दूर एक छायादार पेड़ के नीचे ग्रामीणों के साथ बैठ कर आराम करने लगा। तभी अचानक से गिर गया और उसकी तत्काल मृत्यु हो गयी। गांव में मृतक के शव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# नक्सल व शहीदी सप्ताह

**जब** कभी नक्सलवाद की बात आती है तो लोगों के मन में कयासों के बादल मंडराने लगते हैं। उन बादलों की छांव में कभी डर का साम्राज्य हुआ करता था। हालांकि पुलिस की चहलकदमी के आगे अब वह बात नजर नहीं आती है,लेकिन आज भी नक्सलियों के प्रभाव वाले क्षेत्रों में इनकी समानांतर सरकार चल रही है। इस बात से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। नक्सलियों के अभयारण्य बूढ़ा पहाड़ पर केन बम का मिलना यह दर्शाता है कि गाहे-बेगाहे लाख चौकसी के बाद भी वह अपनी धमक दिखा जा रहे हैं। बहरहाल नक्सलियों ने 28 जुलाई से 3 अगस्त तक भाकपा-माओवादी के संस्थापक चारू मजूमदार और कन्हैया चटर्जी की याद में शहीदी सप्ताह मनाने का ऐलान किया है। जानकारी के मुताबिक बस्तर में हर साल नक्सली 28 जुलाई से 3 अगस्त तक नक्सली संगठन के संस्थापक चारू मजूमदार और कन्हैया चटर्जी की याद में शहीद स्मृति सप्ताह मनाते आये हैं। साथ ही साल भर में पुलिस की गोलियों से मारे गये नक्सलियों को भी शहीद बताते हैं और उनकी याद में अंदरूनी क्षेत्रों में नक्सलियों की ओर से बनाये जाने वाले शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देते हैं। वहीं नक्सलियों के विज्ञप्ति में बताया गया है कि कोल्हान वन क्षेत्रों में सीआरपीएफ का एफओबी कैम्प जब तक रहेगा। तब तक माओवादी का बुबीट्रैप भी रहेगा। एफओबी नही हटेगा तो बुबीट्रैप नहीं हटेगा। दंडकारण्य, बिहार झारखंड पूर्वी बिहार पूर्वोत्तर झारखंड को आधार इलाका में विकसित करने के लक्ष्य से साथियों को आगे बढ़ने की बात दोहरायी गई। ऐसे में इन दिनों को हल्के में लेने की जरूरत नहीं है। कारण इनके मंसूबे आज भी खतरनाक हैं। नक्सलियों की तैयारी ऐसे समझी जा सकती है कि उनके शहीद स्मृति सप्ताह के कार्यक्रम की तैयारी की बाबत प्रचार अभी से जारी है। नक्सलियों ने 3 अगस्त तक देशभर में गावों, शहरों, नगरों में स्कूल कालेज, यूनिवर्सिटीयों में औद्योगिक व सेवा क्षेत्रों के तमाम कार्य स्थलों में भारत के क्रांतिकारी आंदोलन के एक प्रमुख नेता कामरेड आनंद की स्मृति सभायें आयोजित करने की बात कही जा रही है। उनका मानना है कि हिंदुत्व फासीवादी शासक वर्गों द्वारा भारत की जनता पर थोपा गया युद्ध को दीर्घकालीन लोकयुद्ध की रणनीति के तहत लेने की बात कही जा रही है। आंदोलन को आगे बढ़ाने का केंद्रीय कमेटी के इस संदेश को सरकार हल्के में लेते हुए इसके लिए कारगर कदम उठाये। गांव-गलियों, कस्बों व शहरों में वहां की ठोस परिस्थितियों के अनुसार खुला व गुप्त तरीकों में शहीदों की यादगार सभाओं का आयोजन करना पर जोर दिया गया है। स्पेशल एरिया स्पेशल जोन, राज्यवार जोन, डिविजन, जिलावार व इलाकावार भी शहीदों की जीवनिया प्रकाशित करने की योजना है। साथ ही जनता को आंदोलन से जोड़ने के लिए पर्चा, पोस्टर बोचर, बैनर, कविताएं, कहानियां, नाटक आदि बनाकर व छापकर व्यापक प्रचार कर फिर से नक्सली आंदोलन को खड़ा करने की योजना पर कार्य कर रहे हैं। ऐसे में प्रशासन और सरकार उनके मंसूबे को ध्वस्त करने की दिशा में कारगर कदम उठाये। ऐसा नहीं होने की स्थिति में फिर से उनका तांडव शुरू हो सकता है। कारण यह संगठन विशुद्ध रूप से अपराध का रूप ले चुका है। ऐसे तत्व किसी भी सभ्य समाज के लिए हानिकारक ही होते हैं।

**आंदोलन को आगे बढ़ाने का केंद्रीय कमेटी के इस संदेश को सरकार हल्के में लेते हुए इसके लिए कारगर कदम उठाये। गांव-गलियों, कस्बों व शहरों में वहां की ठोस परिस्थितियों के अनुसार खुला व गुप्त तरीकों में शहीदों की यादगार सभाओं का आयोजन करना पर जोर दिया गया है।**

# ऑनलाइन में तेजी से बढ़ रहे हैं साइबर ठगी





प्रह्लाद सबनानी

**यदि** साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी जानी चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा विशेष रूप से साइबर ठगी के मामलों के लिए अलग से साइबर सेल एवं पुलिस थाने बनाये गये हैं, जहां केवल साइबर ठगी के मामलों के सम्बंध में ही शिकायतें दर्ज की जाती हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में आर्थिक व्यवहार ऑनलाइन किये जा रहे हैं। मोबाइल फोन एवं लेपटॉप पर इंटरनेट के माध्यम से प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में इस तरह के आर्थिक व्यवहार किये जा रहे हैं। कई बार सामान्यजन इन व्यवहारों को करते समय सावधानी नहीं रख पाते हैं एवं साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। अर्थात, उनके जमा खातों से भारी भरकम राशि साइबर ठगों द्वारा निकाल ली जाती है। हालांकि इंटरनेट के माध्यम से देश विदेश के नागरिक एक दूसरे से सफलतापूर्वक बहुत आसानी से जुड़ पाते हैं परंतु जरा-सी असावधानी बहुत भारी नुक्सान का कारण भी बन जाती है। साइबर ठग इसी असावधानी का फायदा उठाकर आम नागरिकों को नुक्सान पहुंचाने में सफल हो जाते हैं। साइबर ठगी में कुछ असामाजिक तत्व आम नागरिकों के मोबाइल फोन एवं इंटरनेट पर कुछ विशेष प्रकार के सॉफ्टवेयर का उपयोग कर आम नागरिकों के मोबाइल फोन एवं लेपटॉप से व्यक्ति विशेष के समस्त प्रकार के निजी डाटा, बैंक सम्बंधी जानकारी, आदि को चुरा लेते हैं और इस जानकारी का उपयोग कर साइबर ठगी को पूर्ण करते हैं। साइबर ठगी इतनी सफाई से की जाती है कि कुछ लोगों को तो पता ही नहीं चलता कि उनके साथ साइबर ठगी हो चुकी है। यह सब साइबर ठगी के प्रति जागरूक न होने के चलता ही सम्भव हो पाता है। साइबर ठगी का शिकार अक्सर महिलाएं होती पाई जाती हैं। भारत की लगभग एक तिहाई महिलाएं किसी न किसी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हो चुकी हैं एवं इनमें से केवल 35 प्रतिशत महिलाओं ने ही इस सम्बंध में शिकायत दर्ज कराई है, जबकि लगभग 47 प्रतिशत महिलाओं ने इस सम्बंध में कोई शिकायत दर्ज ही नहीं कराई है। साथ ही, लगभग 18 प्रतिशत महिलाएं ऐसी भी हैं जिन्हें पता ही नहीं चला है कि उनके साथ साइबर ठगी हो चुकी है। यहां भी जानकारी का अभाव अधिक नजर आता है, क्योंकि आम नागरिकों को पता ही नहीं है कि उनके साथ साइबर ठगी होने के बाद उन्हें कहां एवं किस प्रकार शिकायत दर्ज कराना है। आम नागरिकों के जागरूक नहीं रहने के चलते भारत में साइबर ठगी अपने चरम पर पहुंच चुकी है। वैश्विक स्तर पर जारी की गई एक जानकारी के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2022 में साइबर ठगी के कुल 800,944 मामले दर्ज किये गये थे, इसमें लगभग 42.2 करोड़ नागरिक प्रभावित हुए थे तथा इन मामलों में 6 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि शामिल थी। ऐसा माना जाता है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिदिन लगभग 2,328 साइबर ठगी के मामले घटित होते हैं। वर्ष 2001 से वर्ष 2021 तक पिछले 21 वर्षों के दौरान, साइबर ठगी के मामलों में कुल 2,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। एक अन्य अनुमान के अनुसार, साइबर ठगी से साइबर ठगों को प्रति वर्ष 1.50 लाख करोड़ रुपए की कमाई होती है और प्रतिवर्ष लगभग 43 प्रतिशत साइबर ठगी के हमले छोटे व्यवसाईयों पर होते हैं। यह सही है कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में, विशेष रूप से महानगरों में, आम नागरिकों का इंटरनेट के बगैर गुजारा करना बहुत मुश्किल है। परंतु यदि इंटरनेट का उपयोग सावधानी पूर्वक किया जाये तो साइबर ठगी से बहुत बड़ी हद्द तक बचा जा सकता है। इस संबंध में कुछ विशेष सावधानियों पर ध्यान देना आवश्यक होगा। जैसे मुफ्त में प्राप्त हो रही इंटरनेट (वाई फाई) की सेवा के उपयोग से बचा जाना चाहिए, क्योंकि कुछ ऐसे वाईफाई भी होते हैं जिनके माध्यम से मोबाइल फोन एवं लेपटॉप से डाटा को चुरा लिया जाता है, अतः केवल सुरक्षित इंटरनेट की सेवा का ही उपयोग किया जाना चाहिए। आम नागरिकों को चाहिए कि वे इंटरनेट का उपयोग करने के पूर्व अपनी समस्त एप्लिकेशन पर मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें एवं मोबाइल फोन तथा लेपटॉप पर उपयोग किये जाने वाले ऑपरेटिंग सिस्टम एवं इंटरनेट के सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से समय समय पर अपडेट करते रहें, ताकि कोई भी हैकर सॉफ्टवेयर से निजी डाटा नहीं चुरा पाये। सोशल मीडिया खातों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में भी सावधानी बरतनी चाहिए। विशेष रूप से व्यापारी वर्ग को तो अपनी वेबसाइट को बहुत ही सुरक्षित तरीके से चलाना चाहिए एवं समय समय पर पासवर्ड को भी बदलते रहना चाहिए। किसी भी अनजान व्यक्ति से प्राप्त लिंक को क्लिक नहीं करना चाहिए, क्योंकि कई बार साइबर ठग इस प्रकार की लिंक भेजते हैं एवं इस लिंक को क्लिक कर खोलने से वे संबंधित मोबाइल एवं लैपटॉप की सारी जानकारी हैक कर लेते हैं और साइबर ठगी करने में सफल हो जाते हैं। इस पद्धति से की गई साइबर ठगी को फिशिंग कहा जाता है और आजकल अधिकतर इस प्रकार की कार्य प्रणाली से ही साइबर ठगी की जा रही है। पूर्ण सावधानी रखने के बाद भी यदि साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी जानी चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा विशेष रूप से साइबर ठगी के मामलों के लिए अलग से साइबर सेल एवं पुलिस थाने बनाये गये हैं, जहां केवल साइबर ठगी के मामलों के सम्बंध में ही शिकायतें दर्ज की जाती हैं। साइबर ठगी से जुड़े मामलों की शिकायत के लिए विशेष हेल्पलाइन फोन क्रमांक भी जारी किया गया है। यदि साइबर ठगी आपके क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड के माध्यम से की जा रही है तो इस सम्बंध में अपने बैंक से भी तुरंत सम्पर्क करना चाहिए तथा अपना क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड ब्लाक करवाने की कार्यवाही करनी चाहिए ताकि क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड के माध्यम से की जा रही साइबर ठगी को रोका जा सके।

**कई बार सामान्यजन इन व्यवहारों को करते समय सावधानी नहीं रख पाते हैं एवं साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। अर्थात, उनके जमा खातों से भारी भरकम राशि साइबर ठगों द्वारा निकाल ली जाती है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा*

**उसने** आरे से चीरकर अपने पुत्र की आधी देह भगवान विष्णु को अर्पित कर मोक्ष प्राप्त किया। महाराजा तुंगध्वज जन्मान्तर में स्वायम्भुव मनु हुए और भगवत्सम्बन्धी सम्पूर्ण कार्यों का अनुष्ठान करके वैकुण्ठलोक को प्राप्त हुए। जो गोपगण थे, वे सब जन्मान्तर में व्रजमण्डल में निवास करने वाले गोप हुए और सभी राक्षसों का संहार करके उन्होंने भी भगवान का शाश्वत धाम गोलोक प्राप्त किया।

**श्री मन नारायण-नारायण-नारायण। भज मन नारायण-नारायण-नारायण।**

**श्री सत्यनारायण भगवान की जय।**

इस प्रकार श्रीस्कन्दपुराण के अन्तर्गत रेवाखण्ड में श्रीसत्यनारायण व्रत कथा का यह पांचवां अध्याय पूर्ण हुआ।

**(समाप्त)**

**आईये सुने अश्वत्थामा की कहानी**

महाभारत ऐसा महाकाव्य हैं जो कि हिन्दू धर्म का आधार हैं। महाभारत महाकाव्य श्री गणेश के हाथो से लिखा गया था। इसे वेदव्यास ने बोला था। महाभारत में कौरव और पांडवो के बीच राज्य प्राप्ति के लिए युद्ध हुआ था। इस युद्ध में कौरवो की तरफ से गुरु श्री द्रोणाचार्य ने भाग लिया था। द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा ने भी कौरवो की तरफ से युद्ध लड़ा था। अश्वत्थामा एक महान योद्धा था। आज हम आपको महाभारत के अमर योद्धा अश्वत्थामा के बारे में बताएँगे। अश्वत्थामा द्रोणाचार्य का पुत्र था उसका जन्म महाभारत काल में यानि द्वापरयुग में हुआ था। द्रोणाचार्य को संतान प्राप्ति नहीं हो रही थी तो वे भटकते-भटकते हिमाचल की वादियों में पहुँच गए। वहां पर उन्होंने तेपेश्वर महादेव नामक स्वयंभू शिवलिंग की पूजा अर्चना कर एक पुत्र की प्राप्ति की। कहा जाता है की अश्वत्थामा भगवान शिव का ही अंश था।

*(क्रमशः)*

# मजबूत हुई भारत व फ्रांस की मित्रता



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**नरेन्द्र** मोदी के शासन में भारत और फ्रांस के सम्बन्ध बहुत मजबूत हुए हैं। आपसी विश्वास कायम हुआ है। फ्रांस ने अपने राष्ट्रीय दिवस के मुख्य समारोह में नरेन्द्र मोदी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। इसके पहले मोदी ने पेरिस में 'नमस्ते फ्रांस' के नाम से एक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया। उन्होंने अपना चालीस साल पुराने फ्रांस से जुड़े एक कार्ड का उल्लेख किया। तब अहमदाबाद में फ्रांस का एक सांस्कृतिक केंद्र शुरू किया गया था। नरेंद्र मोदी इसके पहले सदस्य थे। इसी तरह फ्रांस के राष्ट्रपति ने इमैनुअल मेक्रों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि वह महादेव और माँ विंध्यवासिनी की नगरी की यात्रा करेंगे। नरेंद्र मोदी की विदेश नीति में ऐसे तत्व भी शामिल रहते हैं। वह विंध्याचल के पास छानवे ब्लॉक गये थे। यहां विंध्याचल धाम की चुनरी से उनका स्वागत किया गया था। यहाँ से वह दुनिया की सबसे प्राचीन नगरी भोले बाबा की काशी पहुंचे। गंगा में नौका विहार किया। हर-हर महादेव का परंपरागत उद्घोष होता रहा था। नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा में ये प्रसंग भी चर्चा में रहे। यहां नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रपति ईमेनुअल, प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न और सीनेट अध्यक्ष जेरार्ड लार्चर के साथ बैठकें हुई। आर्थिक और व्यापार, ऊर्जा, पर्यावरण, शिक्षा, रेलवे, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और लोगों से लोगों के संपर्क जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। भारत और फ्रांस के बीच बहुआयामी सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की गई। पेरिस के प्रेसिडेंट पैलेस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार देर रात उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से नवाजा। वह यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गये हैं। नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस में बसे प्रवासियों से भारत में निवेश की भी अपील की। साथ ही ये भी बताया कि फ्रांस और भारत के बीच डिजिटल पेमेंट को लेकर करार हुआ है। इसके तहत फ्रांस में भारत के यूपीआई से पेमेंट की जा सकेंगी। उन्होंने कहा जल्द ही इसकी शुरूआत एफिल टावर से होगी। भारत इस समय 20 की अध्यक्षता कर रहा है। पहली बार किसी देश की अध्यक्षता में ऐसा हो रहा है कि उस देश के कोने-कोने में दो सौ से ज्यादा बैठकें हो रही हैं। पूरा 20 समूह भारत की सामर्थ्य को देख रहा है। दोनों के बीच इतना विश्वास और सहयोग का माहौल पहले कभी नहीं था। यह विस्तार भी अभूतपूर्व है। इसमें सुदूर मिर्जापूर के छानबे ब्लाक से लेकर हिन्द महासागर का इलाका भी शामिल हुआ था फ्रांस बड़ी मात्रा में निवेश पर सहमत है। जहाँ निवेश किया है, उस जगह जाना भी विदेशी राष्ट्रपति के लिए सुखद होता है। फ्रांस के राष्ट्रपति विंध्याचल यात्रा का यही उद्देश्य था। भारत और फ्रांस के बीच रक्षा और परमाणु ऊर्जा के अहम समझौते हुए थे। दोनों देश एक-दूसरे के जंगी जहाजों के लिए अपने नौसैनिक अड्डे खोलने के लिये राजी हुए थे। रक्षा और सामरिक जानकारी की उचित गोपनीयता भी कायम रखे जाने पर सहमति बनी थी। यह सहमति चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के मद्देनजर बनाई गई थी। सामुद्रिक और सामरिक समझौतों से चीन की विस्तारवादी चाल का मुकाबला किया जा सकेगा। दोनों देशों के सैनिक एक दूसरे के सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल और साजो-सामान का आदान प्रदान भी कर सकेंगे।

**नरेंद्र मोदी इसके पहले सदस्य थे। इसी तरह फ्रांस के राष्ट्रपति ने इमैनुअल मेक्रों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि वह महादेव और माँ विंध्यवासिनी की नगरी की यात्रा करेंगे।**

देश-विदेश

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# सरहद पार सीमा की प्रेमकथा में उलझी जांच एजेंसियां



डॉ. रमेश ठाकुर

***पाकिस्तानी*** महिला सीमा गुलाम हैदर और दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे के निवासी सचिन मीणा की प्रेम कहानी के चर्चे इस वक्त प्रत्येक इंसान की जुबान पर है। मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियों में सिर्फ यही सब कुछ चल रहा है। रबूपुरा में लोगों का तांता लगा हुआ, भीड़ इस कदर बढ़ रही है जिसे नियंत्रित करने को पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। सीमा के क्रियाकलापों पर नजर रखने के लिए जांच एजेंसियों को ऊपरी आदेश मिले हुए, इसलिए सादा वर्दी में कई दर्जन डेरा डाले हुए हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार से लेकर स्थानीय शासन-प्रशासन की भी फिल्डिंग लगी हुई। दरअसल, ये प्रेम कहानी अब दूसरा मोड़ ले चुकी है। प्रशासन को इस कहानी के पीछे कोई साजिश दिखती है। तभी, सीमा से दो मर्तबा विभिन्न जांच एजेंसियों ने अभी तक पूछताछ की है। हालांकि अभी ऐसा कुछ हाथ लगा नहीं, जिससे साबित हो कि सीमा वास्तव में पाकिस्तान जासूस है। साधारण इंसान की नजर से देखें तो पाकिस्तान का अगर कोई बेजुबान जानवर भी इस ओर आ जाए, तो उसे जितना प्यार करेंगे, उतना ही शक करेंगे। सीमा के साथ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही हो रहा है। बहरहाल, सीमा अपने प्रेमी सचिन के साथ ऑफिशियल शादी कर चुकी है नेपाल के किसी मंदिर में। अब वो उसके साथ यहीं भारत में ताउम्र जिंदगी बिताना चाहती है। लेकिन इसके साथ वह कानूनी पेचीदगी में भी फंसती जा रही है। फंसना लाजमी है क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान से भारत आने का जो रास्ता इख्तियार किया है, वह घोर गैरकानूनी है। उसने अवैध रूप से एक नहीं, बल्कि तीन-तीन अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को पार किया। कोई अन्य देश होता, जहां से सीमा आई होती, तो इतना बखेड़ा खड़ा नहीं होता। लेकिन बात पाकिस्तान की है। वहां के परिंदे से भी दोनों ओर नफरत की जाती है, शक की नजरों से देखा जाता है। सीमा हैदर के इस तरह हिंदुस्तान पहुंचने से कई सवाल उठ रहे हैं। सवाल उठने भी चाहिए, दोनों मुल्कों के रिश्ते इस वक्त बेहद तनावपूर्ण स्थिति में हैं। सालों बीत गए बातचीत बंद हुए। राजनीति, व्यापारिक, आपसी संबंध, एक-दूसरे के देशों में आने-जाने में तकरीबन प्रतिबंध ही है। ऐसे में अगर कोई उन बंदिशों को तोड़कर पहुंचे तो शक होना लाजमी है। हिंदुस्तान आकर सीमा हैदर हर वो कदम उठा रही है जिससे यहां के लोग भावनात्मक तौर पर उसके प्रति प्यार और सहानुभूति दिखाएं। उसने सबसे पहले हिंदू धर्म अपनाया, जिसके लिए उस पर न किसी ने प्रेशर डाला गया और न किसी ने कहा। अपने गले में राधे-राधे का पट्टा पहनना, हनुमान चालीसा पढ़ना, यहां के तौर-तरीकों में खुद को तेजी से रमाना सबकुछ उसने आरंभ कर दिया। पाकिस्तान के खिलाफ वह मुखर होकर बोल रही है। बताती है कि वहां कैसे हिंदुओं के साथ अत्याचार होता है। हालांकि ये सच्चाई तो जगजाहिर है। उनके ये बयान सुनकर पाकिस्तानी लोग काफी गुस्से में हैं। गुस्से का असर दिखना भी शुरू हो गया है। वहां के एक डाकू ने फरमान जारी कर दिया है कि सीमा तुरंत पाकिस्तान आएं, वरना उसकी सजा वो हिंदुस्तान को देंगे। दो दिनों से वह लगातार सोशल मीडिया के जरिए हिंदुस्तान को धमका रहा है। निश्चित रूप से सीमा के यहां पहुंचने से दोनों देशों के दरम्यान रिश्ते और खराब होने की संभावना बढ़ गई है। हालांकि अभी तक अधिकारिक तौर पर दोनों देशों की सरकारों ने कोई बयान जारी नहीं किया है।

**सीमा हैदर के इस तरह हिंदुस्तान पहुंचने से कई सवाल उठ रहे हैं। सवाल उठने भी चाहिए, दोनों मुल्कों के रिश्ते इस वक्त बेहद तनावपूर्ण स्थिति में हैं। सालों बीत गए बातचीत बंद हुए।**

प्रेम कहानी

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# यूएस ओपन : सिंधु, लक्ष्य आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी। काउंसिल ब्लफ्स**





स्टार भारतीय शटलर पी.वी. सिंधु और लक्ष्य सेन गुरुवार को यहां अपने-अपने राउंड 16 मैचों में सीधे गेम में जीत हासिल करने के बाद यूएस ओपन, बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने महिला एकल के राउंड16 में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन पर 21-14, 21-12 से आसान जीत दर्ज की। इस बीच, लक्ष्य ने पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में चेक गणराज्य के जान लौडा को 21-8, 23-21 से हराया। सिंधु ने धीमी शुरूआत की लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली। भारतीय स्टार ने जल्द ही सुंग शुओ युन को बैकफुट पर धकेल दिया और 13-5 की बढ़त बना ली। ताइपे शटलर ने थोड़ा प्रतिरोध किया लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि सिंधु ने पहला गेम खत्म कर बढ़त ले ली। पक्ष बदलने के बाद, सिंधु और शुओ यूं शुरू से ही आमने-सामने हो गईं और दोनों शटलर मुकाबले पर नियंत्रण हासिल करने की कोशिश कर रहे थे। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, शुओ युन सिंधु की तीव्रता का मुकाबला करने में असमर्थ रही क्योंकि भारतीय ने अच्छी बढ़त बना ली और लगातार पांच अंक जीतकर 37 मिनट में मैच जीत लिया।

आगामी क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना चीनी शटलर गाओ फांग जी से होने वाला है। अब तक, भारतीय खिलाड़ी ने अपने पिछले चार मुकाबलों में से केवल एक में जीत हासिल की है। इससे पहले दिन में, तीसरी वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने शुरूआत में ही लय पकड़ ली और पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कहीं अधिक बड़ी चुनौती साबित हुआ क्योंकि भारतीय खिलाड़ी से 19-14 से पीछे थे। 21 वर्षीय भारतीय ने वापसी करते हुए स्कोर 19 से बराबर कर लिया। मैच के रोमांचक अंत में, उन्होंने धैर्य बनाए रखा और अंततः 39 मिनट तक चले मुकाबले को जीत लिया। क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य का मुकाबला हमवतन एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम से होगा, जिन्होंने इजरायल के मिशा जिल्बरमैन को 21-18, 21-23, 21-13 से हराया।

# रोहित शर्मा-यशस्वी जायसवाल की शतकीय साझेदारी

## भारत को 162 रनों की लीड



**एजेंसी। डोमिनिका**

यशस्वी जायसवाल (143 नाबाद) के पदार्पण टेस्ट में शतक और कप्तान रोहित शर्मा (103) के साथ दोहरी शतकीय साझेदारी की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को दो विकेट पर 312 रन बना कर 162 रनों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। रविचंद्रन अश्विन के पांच विकेट की घातक गेंदबाजी के चलते वेस्टइंडीज की पहली पारी में महज 150 रन पर सिमट गयी थी। मुबंई के 21 वर्षीय खिलाड़ी का जादू विंडसर पार्क की पिच पर सिर चढ़ कर बोला जिसका मेजबान गेंदबाजों के पास कोई तोड़ नहीं था। दूसरे छोर पर कप्तान रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर को 10वां शतक बनाया। वेस्टइंडीज ने दूसरे सत्र में दो विकेट चटकाए मगर उनके गेंदबाज मेहमान टीम को बड़ी लीड हासिल करने से नहीं रोक सके। पहले सत्र में पिच से टर्न और उछाल मिलने के चलते वेस्टइंडीज के स्पिनरों ने रोहित और जयसवाल को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। भारतीय बल्लेबाज 32 ओवरों में केवल 66 रन ही बना सके। इस बीच जयसवाल केवल एक चौका लगाने में सफल रहे और उन्होंने अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। दूसरे घंटे में स्पिनरों का दबदबा रहा और उन्होंने टर्न और बाउंस से भारतीय सलामी बल्लेबाजों को परेशान किया। इस बीच राखीम कोरवाल की एक गेंद जायसवाल के बल्ले के बेहद करीब से गुजरी मगर डीआरएस ने मुंबईकर को राहत दी। राखीम एक बार फिर दुर्भाग्यशाली रहे जब रोहित ने एक उछाल लेती गेंद को बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर हवा में फेंका मगर वह कैच आउट होने से बच गये।

लंच के बाद जयसवाल ने मैदान के चारों ओर आकर्षक शाट्स लगाये और टेस्ट डेब्यू पर शतक बनाने वाले 17 वें भारतीय बल्लेबाज और तीसरे भारतीय सलामी बल्लेबाज बनने का गौरव हासिल किया। रोहित के साथ उनकी 229 रनों की साझेदारी भी वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ ओपनिंग साझेदारी थी। विदेशी जमीन पर एक ही पारी में दोनों भारतीय सलामी बल्लेबाजों द्वारा शतक बनाने का केवल छठा उदाहरण है।

## टेस्ट क्रिकेट में भारत के 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने विराट कोहली



**भारत** के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ा है। कोहली ने गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ डोमिनिका टेस्ट के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। सहवाग ने 103 टेस्ट मैचों में 49.43 की औसत से 8503 रन बनाए, जिसमें 23 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं। डोमिनिका में दूसरे दिन स्टंप्स तक कोहली के नाम 8515 रन थे। अपना 110वां टेस्ट खेलते हुए उन्होंने 28 शतक और इतने ही अर्द्धशतक लगाए हैं और उनका औसत 48.93 है। दूसरे दिन स्टंप्स के समय, कोहली 96 गेंदों पर 36 रन बनाकर खेल रहे थे, भारत का स्कोर 312/2 था। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर टेस्ट क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर हैं। वह निश्चित रूप से कुल मिलाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। मास्टर ब्लास्टर ने 200 टेस्ट मैच खेले, और 53.78 की औसत, 51 शतक और 68 अर्द्धशतक की मदद से 15,921 रन बनाए। मौजूदा टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 163 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 52.63 की औसत से 13265 रन बनाए। द्रविड़ ने 36 शतक और 63 अर्द्धशतक लगाए हैं। उनके बाद भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर हैं - जो टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। गावस्कर ने 125 टेस्ट मैचों में 51.12 की औसत से 10,122 रन बनाये हैं। उन्होंने 34 शतक और 45 अर्धशतक लगाए हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### स्कॉटिश ओपन गोल्फ : शुभंकर शर्मा संयुक्त 26वें स्थान पर

**नॉर्थ बेरविक (स्कॉटलैंड)।** भारत के शुभंकर शर्मा स्कॉटिश ओपन गोल्फ चैंपियनशिप में पहले दौर के अंत में दो अंडर 68 का कार्ड खेलकर संयुक्त 26वें स्थान पर हैं। शर्मा ने 68 के कार्ड के साथ ठोस शुरूआत की और इस आयोजन के लिए होम ऑफ गोल्फ में एक मजबूत एशियाई उपस्थिति सुनिश्चित की, जो कि रोलेक्स सीरीज के हिस्से के रूप में गोल्फरों के लिए अगले सप्ताह होने वाले ब्रिटिश ओपन के लिए अर्हता प्राप्त करने का आखिरी मौका है।

### जाबौर-वोंड्रोसोवा में होगा खिताबी मुकाबला

**लंदन।** नंबर 6 सीड ओंस जाबौर ने सेंटर कोर्ट पर नंबर 2 सीड आर्यना सबालेंका को गुरुवार को यहां 6-7(5), 6-4, 6-3 से हराकर अपने तीसरे करियर ग्रैंड स्लैम फाइनल और विंबलडन फाइनल में लगातार दूसरी बार जगह पक्की की। जाबौर 2018-19 में सेरेना विलियम्स के बाद विंबलडन में लगातार फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला हैं। जाबौर 2012 में विलियम्स के बाद विंबलडन में तीन शीर्ष 10 खिलाड़ियों को हराने वाली पहली महिला बन गयी हैं। दूसरी ओर, वोंड्रोसोवा ने विंबलडन सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना पर 6-3, 6-3 से जीत के साथ अपने करियर के दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनायी।

# यश धुल-हर्षित राणा चमके

## भारत-ए एसीसी इमर्जिंग कप के पहले मैच में 8 विकेट से जीता

**एजेंसी। कोलंबो**



तेज गेंदबाज हर्षित राणा के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान यश धुल की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत भारत ए ने शुक्रवार को यहां एसीसी पुरुष इमर्जिंग कप के शुरूआती मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ए पर आठ विकेट की दमदार जीत दर्ज की। धुल (नाबाद 108 रन) ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। दायें हाथ के तेज गेंदबाज राणा (41 रन देकर चार विकेट) ने इस फैसले को सही साबित किया जिसमें आंध्र के तेज गेंदबाज नीतिश कुमार रेड्डी (32 रन देकर दो विकेट) और बायें हाथ के स्पिनर मानव सुथार (28 रन देकर दो विकेट) ने भी उनका बखूबी साथ निभाया।

इससे यूएई ए की टीम निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर महज 175 रन ही बना सकी। भारतीय टीम के लिए यह लक्ष्य कोई मुश्किल खड़ी करने वाला नहीं था और उन्होंने जीत की औपचारिकता केवल 26.3 ओवर में दो विकेट पर 179 रन बनाकर पूरी कर ली। ग्रुप बी के इस मैच में बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद यूएई के खिलाड़ियों को भारत की सटीक और धारदार गेंदबाजी के खिलाफ रन जुटाने में काफी मुश्किल हो रही थी।

अश्वंत वालथापा (46 रन), सलामी बल्लेबाज आर्यंश शर्मा (38 रन) और मोहम्मद फराजुद्दीन (35 रन) ही यूएई टीम के लिये योगदान करने वाले तीन खिलाड़ी रहे। जीत के लिए 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (08 रन) और अभिषेक शर्मा (19 रन) के विकेट छठे ओवर के अंदर गंवा दिये, तब स्कोर 41 रन था।

धुल और निकिन जोस (नाबाद 41 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी कर आसान जीत सुनिश्चित की। धुल ने बेहतरीन टाइमिंग से आक्रामक पारी खेली। उन्होंने 84 गेंद की नाबाद पारी के दौरान 20 चौके और एक छक्का जड़ा। जोस ने जोड़ीदार की भूमिका अच्छी तरह निभायी और उनकी 53 गेंद की पारी में पांच चौके शामिल रहे। यूएई के लिए अली नसीर ने 14 रन देकर और मोहम्मद जवादुल्लाह ने 47 रन देकर एक एक विकेट झटका। भारत ए की टीम अब 17 जुलाई को नेपाल ए से भिड़ेगी जिसे बाद 19 जुलाई को अंतिम ग्रुप मैच में उसका सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान ए से होगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 21 जुलाई को होने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। फाइनल 23 जुलाई को खेला जायेगा।

# आईसीसी ने बीसीसीआई का रेवेन्यू शेयर 72 फीसदी बढ़ाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खेल के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के राजस्व से विश्व संचालन संस्था के रणनीतिक कोष में पर्याप्त राशि आवंटित करने की वकालत की है। वार्षिक राजस्व से 2024-27 तक 23 करोड़ डॉलर की बड़ी हिस्सेदारी की मंजूरी मिलने के बाद बीसीसीआई ने हाल में आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक में रणनीतिक कोष को बढ़ाने की जरूरत की वकालत की है क्योंकि इसका इस्तेमाल टेस्ट क्रिकेट को बचाने और महिलाओं के खेल के विकास के लिए भी किया जायेगा। एमसीसी विश्व क्रिकेट समिति का मानना है कि पूर्ण सदस्य और एसोसिएट देशों के लिए जरूरत के आधार पर आईसीसी रणनीतिक कोष से पर्याप्त राशि आवंटित की जा सकती है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को राज्य संघों को लिखे एक पत्र में कहा, राजस्व वितरण में हमारी हिस्सेदारी के अतिरिक्त हमने आईसीसी के रणनीति कोष में पर्याप्त राशि आवंटित किये जाने की वकालत भी की है क्योंकि यह कोष खेल के विकास और अगले मीडिया अधिकार चरण में खेल के विकास में निवेश के लिए अहम होगा। उम्मीद के अनुरूप भारत की संशोधित राजस्व हिस्सेदारी को डरबन में आईसीसी बोर्ड में मंजूरी मिल गयी थी। इसका मतलब है कि उन्हें करीब 72 प्रतिशत का फायदा होगा। बीसीसीआई को 2024 से 2027 तक प्रत्येक साल करीब 23 करोड़ डॉलर की कमाई होगी जो आईसीसी के अनुमानित सालाना राजस्व का 38.5 फीसदी है। शाह ने कहा, बीसीसीआई की हिस्सेदारी में यह शानदार बढ़ोतरी है। यह उपलब्धि हमारे सामूहिक प्रयासों और हमारे राज्य संघों तथा बीसीसीआई में मेरे सहयोगियों के एकजुट प्रयास की बदौलत मिली है। उन्होंने कहा, आईसीसी के साथी सदस्यों के साथ हमारे मजबूत राजनयिक और रणनीतिक रिश्तों ने भारत को यह हिस्सेदारी हासिल करने में अहम भूमिका अदा की है।

## टी10 अंततः खेल को बदल देगा : क्लूजनर

**हरारे।** जिम एफ्रो टी10 में केप टाउन एसएएमपी आर्मी टीम के कोच और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के दिग्गज लांस क्लूजनर का कहना है कि खेल का सबसे छोटा प्रारूप अंततः खेल को बदल देगा क्योंकि यह उन खिलाड़ियों को मौका देता है जिन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बड़ी प्रतियोगिताओं में नहीं चुना गया है। क्लूजनर, जो कई वर्षों से टी10 प्रारूप से जुड़े हुए हैं, ने बताया कि कैसे खेल के सबसे छोटे प्रारूप ने खेल को और ऊपर उठाने में मदद की है।

## बार्सिलोना ने ब्राजीलियाई सनसनी विटोर रोके के साथ अनुबंध किया

**एजेंसी। मैड्रिड (स्पेन)**

ला लीगा चैंपियन बार्सिलोना ने दक्षिण अमेरिका के एक और प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी को साइन करके अपने प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बना ली है, इस प्रकार इस उम्मीद में निवेश किया गया है कि ब्राजीलियाई किशोर दूसरा लियोनल मैसी बन सकता है। बार्सा ने इस सप्ताह 18 वर्षीय ब्राजीलियाई सेंटर-फॉरवर्ड विटोर रोके के साथ अनुबंध की आधिकारिक घोषणा की। होनहार युवा ब्राजीलियाई 2024/25 सीजन से पहले क्लब में शामिल होंगे - ब्राजीलियाई फुटबॉल में एक और सीजन रहकर - और 2031 तक एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विटोर ने एथलेटिको पैरानेंस और ब्राजीलियाई अंडर-20 राष्ट्रीय टीम पर एक बड़ी छाप छोड़ी है, जिससे पूरे यूरोप और स्पष्ट रूप से एफसी बार्सिलोना का ध्यान आकर्षित हुआ है। टीम के शीर्ष स्कोरर बनने के साथ-साथ शुरूआती एकादश में नियमित खिलाड़ी बनने के बाद उन्हें प्रतिष्ठित नंबर 9 जर्सी भी सौंपी गई।

**रणनीति**

## एशियाई खेलों की तैयारी में जुटीं मनिका बत्रा, बोलीं-

# खेल को बेहतर बनाने में मदद मिली

**एजेंसी। पुणे**



एशियाई खेलों और अगले साल होने वाले ओलंपिक की तैयारियां कर रही भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का मानना है कि अपना दृष्टिकोण बदलने और प्रत्येक मैच के लिए व्यापक रणनीति बनाने से उनके खेल को बेहतर बनाने में मदद मिली है। भारतीय दल इस सितंबर में एशियाई खेलों के लिए हांगझोउ के लिए उड़ान भरेगा तब मनिका टेबल टेनिस में पदक के लिए देश की सबसे बड़ी उम्मीदों में से एक होंगी। मिश्रित युगल में उनके जोड़िदार जी साथियान के मुताबिक इस जोड़ी से ओलंपिक में पदक की उम्मीद की जा सकती है। पिछले नवंबर में एशियाई कप में कांस्य पदक जीतने वाली 28 साल की मनिका ने कहा कि कोच अमन बाल्गु के साथ काम के दौरान उनके खेल में बदलाव आया है।

मनिका अल्टिमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के इतर कहा, कोच की भूमिका काफी अहम होती है। अमन शानदार मेंटोर और कोच है। वह मेरे साथ यात्रा करते हैं और रणनीति बनाने पर काम करते हैं। यूटीटी में बेंगलुरु स्मैशर्स का प्रतिनिधित्व करने वाली इस खिलाड़ी ने कहा, मैं इससे पहले योजना बनाने पर ज्यादा काम नहीं करती थी लेकिन अब हर मैच से पहले हम योजना बनाते है। मुझे लगता है कि इससे मुझे काफी मदद मिल रही है।

मनिका ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में निराशाजनक अभियान के बाद अमन बाल्गु की सेवाएं ली थीं। वह इन खेलों में पदक जीतने में असफल रही थी। राष्ट्रमंडल खेलों में 2018 में महिला एकल में स्वर्ण सहित चार पदक जीतने वाली मनिका ने कहा, मैच के दौरान वह मेरी हौसलाअफजाई करते है, मेरे हर अंक के बाद वह मुझे प्रेरित करते हैं।

खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित इस खिलाड़ी ने कहा, एक कोच का समर्थन वास्तव में महत्वपूर्ण है, जो मेरी मदद कर रहा है और हम टेबल पर कुछ चीजों पर काम कर रहे हैं। हम खेल में विविधता लाने और आक्रमण करने पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह शारीरिक और मानसिक दोनों पहलुओं पर काम कर रही हैं, लेकिन एशियाई कप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उन्होंने कहा, हम दोनों वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और निश्चित रूप से ऐसी कई चीजें हैं जिन पर हम अभी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, टेबल के अंदर और बाहर। हम शारीरिक और मानसिक पहलुओं और 'ऑन-टेबल' (मामलों) पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज मनिका ने कहा कि वह एकल वर्ग में अपनी रैंकिंग में सुधार करने पर ध्यान दे रही हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं, लेकिन संतुष्ट नहीं हूं क्योंकि मुझे और पदक जीतने हैं, मुझे अपनी रैंकिंग में सुधार करना है। मुझे रैंकिंग में शीर्ष 20 और फिर शीर्ष 10 में शामिल होना है।

एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमारे पास एक बेहतरीन टीम है. हमारे पास अयहिका (मुखर्जी), सुतीर्था (मुखर्जी), दीया (चितले), मैं और श्रीजा (अकुला) हैं। हमारी टीम में बहुत अच्छा मिश्रण है। उन्होंने कहा, टीम में युवा खिलाड़ी हैं, एशियाई खेलों में उनके साथ खेलना शानदार होगा। मैं हर टूनार्मेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करती हूं। खिलाड़ियों को टीम का समर्थन भी मिलेगा।



# सरकार का 2030 तक 100 मिलियन टन कोयला गैसीकरण का लक्ष्य



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोयला मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन (एमटी) कोयले का गैसीकरण हासिल करने का लक्ष्य रखा है। यह कोयला गैसीकरण की क्षमता का उपयोग करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस महत्वाकांक्षी प्रस्ताव को पेश करने के साथ कोयला मंत्रालय का लक्ष्य देश की प्रगति को आगे बढ़ाना है। इस प्रस्ताव में उपायों का एक व्यापक श्रृंखला में प्राकृतिक संसाधनों का लाभ उठाना शामिल है और कोयला गैसीकरण की वित्तीय एवं तकनीकी व्यवहार्यता प्रदर्शित करता है। यह पहल अन्य क्षेत्रों को प्रोत्साहन देते हुए देश की भविष्य ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के प्रति प्रतिबद्ध है। भारत में गैसीकरण प्रौद्योगिकी को अपनाने से कोयला क्षेत्र में क्रांति आ जाएगी। इससे प्राकृतिक गैस, मेथनॉल, अमोनिया और अन्य आवश्यक उत्पाद के आयात पर निर्भरता कम हो जाएगी। वर्तमान में, भारत घरेलू मांग को पूरा करने के लिए अपनी प्राकृतिक गैस का लगभग 50 प्रतिशत, कुल मेथनॉल खपत का 90 प्रतिशत से अधिक और कुल अमोनिया खपत का लगभग 13-15 प्रतिशत आयात करता है। यह भारत के आत्मनिर्भर बनने के दृष्टिकोण में योगदान देगा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि करेगा। कोयला गैसीकरण के कार्यान्वयन से 2030 तक आयात को कम करके देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद है। यह पहल कार्बन उत्सर्जन को कम करके और दीर्घकालिक कार्यप्रणालियों को बढ़ावा देकर, हरित भविष्य के प्रति हमारी वैश्विक प्रतिबद्धताओं में योगदान करते हुए पर्यावरणीय बोझ को कम करने की क्षमता रखती है। मंत्रालय कोयला गैसीकरण परियोजनाओं के विकास में तेजी लाने के लिए नवीन उपाय अपना रहा है। इस उद्देश्य के अनुरूप, मंत्रालय 6,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) और निजी क्षेत्र दोनों के लिए कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक योजना पर विचार कर रहा है। कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण योजना के लिए संस्थाओं का चयन प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। इसके अलावा, सरकार पात्र सरकारी सार्वजनिक उपक्रमों और निजी क्षेत्र को कोयला गैसीकरण परियोजनाएं प्रारंभ करने में सक्षम बनाने के लिए बजटीय सहायता प्रदान करने पर विचार कर रही है। इसके अंतर्गत पहले खंड में, सरकार सरकारी सार्वजनिक उपक्रमों को सहायता प्रदान करेगी। दूसरे खंड में निजी क्षेत्र और सरकारी सार्वजनिक उपक्रम दोनों शामिल हैं, प्रत्येक परियोजना के लिए बजट आवंटन दिया गया है। इस खंड के तहत कम से कम एक परियोजना का चयन टैरिफ-आधारित बोली प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित किया जाएगा, जिसमें नीति आयोग के परामर्श से मानदंड तैयार किए जाएंगे। अंत में, तीसरे खंड में स्वदेशी प्रौद्योगिकी और/अथवा छोटे पैमाने के उत्पाद-आधारित गैसीकरण संयंत्रों का उपयोग करने वाली प्रदर्शन परियोजनाओं के लिए बजटीय सहायता का प्रावधान शामिल है। उपर्युक्त योजना के अलावा, मंत्रालय वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओडी) के बाद 10 वर्ष की अवधि के लिए गैसीकरण परियोजनाओं में उपयोग किए गए कोयले पर माल और सेवा कर (जीएसटी) मुआवजा उपकर की प्रतिपूर्ति के लिए प्रोत्साहन पर भी विचार कर रहा है, बशर्ते कि जीएसटी मुआवजा उपकर वित्तीय वर्ष 2027 से आगे बढ़ाया गया है। इस प्रोत्साहन का उद्देश्य संस्थाओं की इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने में असमर्थता को दूर करना है। अक्टूबर 2022 में, रणनीतिक द्विपक्षीय समझौते निष्पादित किए गए, जिसमें बीएचईएल और सीआईएल के बीच एक समझौता ज्ञापन साथ ही आईओसीएल, जीएआईएल और सीआईएल के बीच एक समझौता ज्ञापन शामिल है। इन सहयोगों का उद्देश्य एससीजी परियोजनाओं के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाने में सहयोग और विशेषज्ञता को बढ़ावा देना है। सीआईएल बोर्ड ने तीन परियोजनाओं के लिए पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है जिसमें ईसीएल, एमसीएल और डब्ल्यूसीएल शामिल हैं और स्थलाकृति सर्वेक्षण, मिट्टी की जांच और जल उपलब्धता अध्ययन जैसी पूर्व-परियोजना गतिविधियों की शुरूआत को स्वीकृति दे दी है। संबंधित परियोजनाओं के लिए विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट (डीएफआर) तैयार करने के लिए आवश्यक निश्चित कीमतों पर पहुंचने के लिए निविदा गतिविधियां भी की जा रही हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### जल्द ही भारत से निर्यात होंगे शाओमी के फोन

**नई दिल्ली।** अब शाओमी के भारत में बने स्मार्टफोन की बिक्री पश्चिम एशिया के देशों में भी हो सकती है। स्मार्टफोन बनाने वाली चीन की दिग्गज कंपनी शाओमी 'मेड इन इंडिया' यानी यहां भारत में बने स्मार्टफोन को पश्चिमी एशिया के देशों में निर्यात करने की तैयारी में है। यह काम सितंबर तिमाही के आखिरी यानी अगले ढाई महीने के भीतर हो सकता है। इसके लिए कंपनी कांट्रैक्ट मैनुफैक्चरर डिक्सन टेक और अन्य कंपनियों के साथ स्थानीय स्तर पर फोन बनाने के लिए बातचीत कर रही है। इसका खुलासा एक मीडिया रिपोर्ट से हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शाओमी की योजना अपने हैंडसेट में भारत में बने पार्ट्स का इस्तेमाल दोगुना कर 70 फीसदी तक ले जाने की है। हालांकि इसमें सेमीकंडक्टर यानी चिप नहीं शामिल है।

# नागर विमानन क्षेत्र में वृद्धि के दौर की शुरूआतः सिंधिया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि मौजूदा वक्त देश में नागर विमानन क्षेत्र के वृद्धि के दौर की शुरूआत का है। यह एक आर्थिक शक्ति के रूप में देश के उदय में योगदान दे रहा है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (आईजीआईए) पर चौथी हवाई पट्टी और ईस्टर्न क्रॉस टैक्सी-वे (ईसीटी) के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। देश के सबसे बड़े हवाईअड्डे आईजीआईए पर नई सुविधाएं शुरू होने से विमानों की आवाजाही में सहूलियत बढ़ जाएगी। आईजीआईए अब देश का इकलौता हवाईअड्डा हो गया है, जहां एक एलिवेटेड टैक्सी-वे होगा और उसके नीचे से सड़कें गुजरेंगी। इसके साथ ही दिल्ली हवाईअड्डे पर चौथा रनवे भी शुरू हो गया है। इसके पहले तीन रनवे के सहारे विमानों का परिचालन होता था। आईजीआईए पर हर दिन 1,500 से ज्यादा विमानों की आवाजाही होती है। दरअसल, ईसीटी आईजीआईए हवाईअड्डे के पूर्वी हिस्से में उत्तरी और दक्षिणी हवाई क्षेत्रों को जोड़ने का काम करेगा। यह ए-380, बी-777 और बी-747 जैसे चौड़े आकार वाले बड़े विमानों को भी संभाल सकता है। आईजीआईए का परिचालन दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) के पास है।

### भारत में रह रहे मुसलमानों को संविधान पर गर्व

# सभी के साथ भाईचारे के रिश्ते : अल-इस्सा



**एजेंसी। यूएई**

मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव डॉ. मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा भारत दौरे पर हैं, हाल ही में उन्होंने प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद उन्होंन उनकी काफी तारीफ की थी। वहीं अब एक चैनल को दिए इंटरव्यू में अल इस्सा ने कहा कि भारत में मुसलमानों को देश के संविधान पर गर्व है, साथी नागरिकों के साथ भाईचारे का रिश्ता है और समुदाय का नेतृत्व करने वाले लोग समाज के सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि अगर कुछ मतभेद हैं तो उन पर संविधान के तहत चर्चा होनी चाहिए। इंटरव्यू में अल-इस्सा ने कहा कि इस्लाम ऐसे किसी भी विचार को खारिज करता है जो लोगों के बीच संघर्ष को बढ़ावा देता है और उन सभी विचारों को जो आतंकवाद या उग्रवाद को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बहुत उपयोगी और सफल बैठकें हुईं। उन्होंने भारत के संविधान को समावेशी और सर्वव्यापी बताया। अल-इस्सा ने समावेशी विकास के प्रति प्रधानमंत्री के ह्यचाहतपूर्ण दृष्टिकोण' की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चरमपंथ और घृणा के सभी पहलुओं का मुकाबला करने के लिए मिलकर काम करने के महत्व पर सहमत हुए, भले ही ऐसी घटनाओं का स्रोत कुछ भी हो। अल-इस्सा ने कहा कि भारत में रहने वाले मुसलमानों को अपने संविधान पर गर्व है और साथी नागरिकों के साथ उनका भाईचारा का रिश्ता भी है। और निश्चित रूप से हम कहते हैं कि जिन मुद्दों पर कुछ मतभेद हो सकते हैं, उन मुद्दों पर संविधान के भीतर, प्रेम और भाईचारे के ढांचे में चर्चा की जानी चाहिए। अल-इस्सा मुस्लिम स्कॉलर्स के संगठन के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने भारत में इस्लामी नेतृत्व के साथ अपनी दोस्ती का भी उल्लेख किया।

# इंग्लैंड में चिकित्सकों ने इतिहास की 'सबसे लंबी' हड़ताल की शुरू


**एजेंसी। लंदन**




ब्रिटेन में हजारों चिकित्सकों ने बृहस्पतिवार को पांच-दिवसीय वॉकआउट' शुरू कर दिया । मेडिकल की पढ़ाई के बाद के वर्षों में अपने करियर के शुरूआती चरण वाले तथाकथित जूनियर चिकित्सकों ने सुबह सात बजे अपनी हड़ताल शुरू की। इनमें से कई ने इंग्लैंड के अस्पतालों के बाहर पंक्तिबद्ध होकर 35 प्रतिशत वेतन वृद्धि को लेकर अपना पक्ष रखा। इसे सरकारी वित्त-पोषित स्वास्थ्य देखभाल सेवा की अब तक की सबसे लंबी हड़ताल माना जा रहा है। इंग्लैंड चिकित्सकों के संघ 'ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन' ने मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए जूनियर चिकित्सकों के वेतन को 2008 के स्तर पर वापस लाने के लिए 35 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग की है। इस बीच, इंग्लैंड के 75,000 या उससे अधिक जूनियर चिकित्सकों पर काम का बोझ बढ़ गया है, क्योंकि कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर इलाज के लिए प्रतीक्षारत मरीजों की संख्या रिकॉर्ड कायम कर चुकी है। बीएमए नेता डॉ रॉबर्ट लॉरिनसन और डॉ विवेक त्रिवेदी ने कहा, आज एनएचएस के इतिहास में चिकित्सकों द्वारा सबसे लंबे 'वॉकआउट' की शुरूआत हुई है, लेकिन यह अभी भी एक रिकॉर्ड नहीं है जिसे इतिहास की किताबों में दर्ज किया जाए। उन्होंने सरकार से हड़ताल की घोषणा होने पर बात न करने की अपनी 'निरर्थक पूर्व शर्त' को छोड़ने का आग्रह किया। स्वास्थ्य मंत्री स्टीव बार्कले ने कहा, जूनियर चिकित्सकों के इस पांच-दिवसीय 'वॉकआउट' का हजारों मरीजों पर असर पड़ेगा। मरीजों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी और एनएचएस प्रतीक्षा सूची को कम करने के प्रयासों में बाधा आएगी।" उन्होंने कहा, पैंतीस प्रतिशत या उससे अधिक वेतन बढ़ोतरी की मांग अनुचित है और इसमें मुद्रास्फीति को बढ़ावा देने का जोखिम है, जो हर किसी को गरीब बनाती है।

# 32 रुपये में खरीदी गई 26 साल पुरानी हरी पॉटर की किताब आज 11 लाख रुपये में हुई नीलाम

**एजेंसी। लंदन**




जादूई दुनिया को सिनेमा के आगे प्रदर्शित करने वाली अब तक सबसे फेमस सीरीज हैरी पॉटर में दिलचस्पी रखने वालों के लिए बड़ी खबर है। दरअसल, जादूई दुनिया को लेकर बनी हैरी पॉटर फिल्म आने से पहले राइटर जेके रॉलिंग द्वारा लिखी एक किताब की हैरान कर देने वाली निलामी हुई। इस किताब की पहली कड़ी हरी पोटर एंड द फिलोस्फर्स स्टोन के पहले 500 एडिशन में से एक आज जिस कीमत लगभग ईरो 10,500 (लगभग 11 लाख रुपये) में नीलाम हुई है। सबसे ज्यादा बोली रिचर्ड विंटनर ने लगाई और 11.26 लाख में इस किताब के मालिक बन गए। इसे खरीदने के बाद रिचर्ड ने कहा कि ये मेरे लिए बड़ी स्पेशल है क्योंकि ये जे के रॉलिंग की की किताब की ऑरिजिनल सीरीज की पहली किताब है। ब्लूम्सबरी द्वारा 1997 में लेमिनेटेड बोर्ड कवर के साथ प्रकाशित, यह पुस्तक केवल 500 कॉपी छपी थी जिसमें 300 को यूके की लाइब्रेरी में भेज दिया गया और वहीं इस किताब के लिए आखिरी बोली ऑनलाइन लगाई गई। फटी-पुरानी किताब को 1997 में केवल 32 रुपए में खरीदा गया था जिसकी आज बोली अब 11 लाख रुपए में लगी है। 26 साल बाद अब इस किताब को वल्र्भहेम्टून लाइब्रेरी ने बेचने का फैसला किया।

## पेज एक के शेष

### 'चंद्रयान-3' मिशन ...

एक प्रोपल्शन मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), एक लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल है। चंद्रयान-3 का मुख्य उद्देश्य लैंडर को चंद्रमा की जमीन पर सुरक्षित उतारना है। उसके बाद रोवर प्रयोग करने के लिए बाहर निकलेगा। लैंडर से बाहर निकलने के बाद प्रोपल्शन मॉड्यूल द्वारा ले जाए गए पेलोड का जीवन तीन से छह महीने के बीच है। दूसरी ओर, इसरो ने कहा कि लैंडर और रोवर का मिशन जीवन एक चंद्र दिवस या 14 पृथ्वी दिवस है।

### शिक्षकों की...

लिए वन विभाग को भी अपने साथ जोड़ें। इससे विद्यालयों में हरियाली बनी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय के बच्चे जिस तरह पढ़ाई के साथ कृषि और बागवानी करते हैं, उसी तरह कुछ सरकारी विद्यालयों को भी चयनित कर यहां के विद्यार्थियों के लिए भी ऐसी ही व्यवस्था शुरू करें ताकि उनका स्किल डेवलपमेंट हो सके। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, हजारीबाग राज्य के सबसे उत्कृष्ट विद्यालयों में एक है। यहां का बोर्ड का परिणाम शुरू से शानदार रहा है। विद्यालय की बच्चियां हर वर्ष मैट्रिक बोर्ड की मेधा सूची में अपना नाम दर्ज कराती रही हैं लेकिन वर्तमान में यहां की पढ़ाई की गुणवत्ता कुछ वजह से प्रभावित होने की बात सामने आई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे इस विद्यालय में जाकर पूरी व्यवस्था का आकलन करें और जो भी खामियां हो उसे दूर करें, ताकि इस विद्यालय की उत्कृष्टता हमेशा की तरह बरकरार रहे। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना किरण कुमारी पासी, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा सुनील कुमार, निदेशक, प्राथमिक शिक्षा नेहा अरोड़ा और अपर सचिव कुमुद सहाय मौजूद थे।

### संजय मर्डर केस...

मां सुशीला को जरूर सहित परिवार के कई सदस्य शामिल थे। मामले में कार्रवाई करते हुए रांची पुलिस की टीम ने हत्या की वारदात में शामिल दो शूटर अकाश कुमार और संदीप कुमार प्रसाद, राहुल कुजूर की मां सुशील कुजूर के अलावा राहुल कुजूर के दो करीबी विवेक कुमार शर्मा शाहिल बाड़ा को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से हत्या में प्रयोग किए गए पिस्टल और बातचीत में प्रयोग किए गए सात मोबाइल बरामद किए गए हैं।

**सुशीला ने 80 हजार रुपये दिए थे :** अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या की साजिश रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अंदर से रची गई थी। बिल्डर कमल भूषण के हत्याकांड के मुख्य आरोपी राहुल कुजूर (कमल भूषण का दामाद)और डब्लू कुजूर ने ही भाड़े के हत्यारों से संजय सिंह की हत्या करवाई थी। रांची जेल में बंद राहुल कुजुर कमल भूषण की हत्या के बाद उनकी संपत्ति पर अपना हक इसलिए जता रहा था क्योंकि उसने कमल भूषण की बेटी से शादी की थी। चुकी संजय सिंह कमल भूषण के हत्या के बाद सारा कारोबार कमल भूषण के बेटे पवन के साथ मिलकर संभाल रहे थे ,उन्हें कमल भूषण के करोड़ों की संपत्ति की हर जानकारी थी। राहुल कुजूर यह जानता था कि अगर संजय सिंह को रास्ते से हटा दिया जाए तो कमल भूषण का परिवार एक बड़ी संपत्ति को संभाल नहीं पाएगा और फिर वह संपत्ति राहुल की हो जाएगी। इसी प्लानिंग के तहत राहुल ने अपने पुराने परिचित साहिल को जेल गेट बुलाया और उससे कहा कि वह दो भाड़े के हत्यारों का जुगाड़ करें ताकि संजय सिंह को रास्ते से हटाया जा सके। राहुल के इशारे पर शाहिल अपने मोहल्ले में ही रहने वाले दो पुराने अपराधी अकाश वर्मा और संदीप कुमार से मिला और उन्हें राहुल कुजूर के द्वारा कही गई बातें बताई। दोनों के हामी भरने के बाद संदीप और आकाश वर्मा ने रांची जेल में दूसरे कैदी से मिलने के बहाने राहुल से मुलाकात की। जिसके बाद राहुल ने संदीप और आकाश को संजय सिंह की हत्या की सुपारी दी। सुपारी की पहली किस्त के तौर पर राहुल की मां सुशीला ने दोनों अपराधियों को 80 हजार रुपये दिए। जिसके बाद दोनों अपराधियों ने लगभग 2 महीने तक संजय सिंह की रेकी की ओर उसके बाद 7 जुलाई को गोली मारकर संजय सिंह की हत्या कर दी गई।

**हत्या के बाद हेलमेट कपड़े जलाए :** हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी रांची के रिंग रोड की तरफ फरार हो गए और वहां जाकर अपना हेलमेट और कपड़ा जला दिया ताकि उनकी पहचान नहीं हो सके। उसके बाद उन्होंने नए कपड़े खरीदा और उसे पहनकर वापस अपने मोहल्ले में ही आकर रहने लगे। लेकिन रांची पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी हुई थी सीसीटीवी फुटेज की कड़ी से कड़ी जब जोड़ी गई तो रिंग रोड में दोनों अपराधी पहचान लिए गए जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों अपराधियों ने हत्या के बाद हथियार विवेक कुमार शर्मा को छुपाने के लिए दिया था जानकारी मिलने के बाद विवेक को भी गिरफ्तार किया गया।

### हर बच्चे का बने ...

की पॉलिसी में भी महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि पहले इस तरह के दस्तावेज सटीक नहीं बनते थे, जिससे लोगों को कई तरह की परेशानियों से गुजरना पड़ता था। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य लक्ष्य ही है कि लोगों को जागरूक किया जाये, ताकि इसके लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। शिक्षा विभाग के सचिव के रविकुमार ने कहा कि सभी स्कूलों में बच्चों के जन्म का निबंधन इस अभियान के माध्यम से होगा। राज्य में हर साल करीब 6 लाख छोटे बच्चों का नामांकन होता है। सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक को इस संबंध में निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भी 31 जुलाई से मतदाता पुनरीक्षण अभियान चला रहा है। ऐसे में जन्म एवं मृत्यु निबंधन अभियान से आयोग भी समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची अपग्रेड कर सकेगा। योजना एवं विकास विभाग के सचिव श्री प्रशांत कुमार ने कहा कि हमारा विजन है कि निबंधन प्रणाली सरल हो, बैकलॉग नहीं रहे। जन्म-मृत्यु निबंधन का महत्व आज प्रत्येक क्षेत्र में है। आप स्कूल, आधार, पासपोर्ट और किसी भी योजना से जुड़ना चाहते हैं, तो आपको निबंधन के प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ेगी ही। उन्होंने बताया कि विभागीय स्तर पर निबंधन के लिए एक पोर्टल बनाने की प्रक्रिया चल रही है। हमारा प्रयास है कि राज्य में एक ऐसा मैकेनिज्म तैयार किया जाए जिससे लोगों के घरों तक निबंधन प्रमाण पत्र पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी लोगों का डाटा सेंट्रलाइज्ड करने पर भी काम चल रहा है, जिससे डुप्लिकेसी पर लगाम लग सकेगी। यूनिसेफ की राज्य प्रमुख कनीनिका मित्र ने कहा कि जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य है। इसके लिए 1969 में कानून बनाया गया था। जन्म का पंजीकरण हर बच्चे का अधिकार है। यह एक कानूनी दस्तावेज होता है। पूरे राज्य में इस अभियान से लोगों को लाभ होगा और सरकार के पास राज्य की जनसंख्या के बारे में एक पुख्ता जानकारी उपलब्ध रहेगी।

**झारखंड ए स्टैटिस्टिकल प्रोफाईल 2022 का विमोचन :** इस मौके पर रामेश्वर उरांव ने अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखंड के द्वारा 'झारखंड ए स्टैटिस्टिकल प्रोफाईल 2022 का विमोचन किया। पुस्तक के विषय में जानकारी देते हुए निदेशक सह अपर मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म - मृत्यु) राजीव रंजन ने बताया कि इस पुस्तक में वित्तीय वर्ष 2020-2021 एवं 2021-2022 के आंकड़ों को शामिल किया गया है। पुस्तक में अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा कृषि सांख्यिकी, जीवनांक, राज्य की आय, कृषि श्रमिकों की दैनिक मजदूरी एवं औद्योगिक सांख्यिकी से संबंधित आंकड़ों को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त इस पुस्तक में विभिन्न विभागों यथा स्वास्थ्य, ऊर्जा, पथ, खान, पशुपालन, जल संसाधान, शिक्षा, ग्रामीण कार्य, यातायात, ग्रामीण विकास, पर्यटन, पेयजल एवं स्वच्छता, समाजिक सुरक्षा, वन, सहकारिता, पंचायती राज, वाणिज्य कर, खाद्य आपूर्ति, रोजगार एवं सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित आंकड़ों को शामिल किया गया है। निदेशालय के द्वारा प्रयास किया गया है कि इस पुस्तक में सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से संबंधित आंकड़ों को शामिल किया जाये। उन्होंने कहा कि पुस्तक में 28 चैप्टर हैं, जिसमें विभिन्न विभागों के आंकड़े प्रकाशित किए गए हैं। विदित हो कि यह पुस्तक योजना बनाने वाले, शोधकर्ता, आर्थिक एवं वित्तीय निति निर्धारकों, प्रशासकों एवं अर्थशास्त्रियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

### क्रिप्टोकरेंसी की...

की बिक्री वहां होती है। कुछ ऑनलाइन बाजारों में तो यहां तक कि क्रेडिट कार्ड संबंधी जानकारियां और नकली दस्तावेज भी बेचे जाते हैं। इसके लिए पसंदीदा भुगतान विकल्प कोई और नहीं, बल्कि क्रिप्टोकरेंसी ही है। वैसे तो बिटकॉइन ही अभी भी इसके लिए प्रमुख मुद्रा है, लेकिन कहीं अधिक गोपनीयता और गुमनामी सुनिश्चित करने वाले टोकन का चलन काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। कोविड का प्रकोप बढ़ने के बाद टोर के उपयोगकताओं की संख्या काफी तेजी से बढ़ गई थी। प्रमुख डार्कनेट में अक्सर डेटा को कई भागों में विभाजित करने, उसे एन्क्रिप्ट करने और फिर समकक्ष नोड्स के बीच उसे वितरित करने की विकेंद्रीकृत वितरित विधि का उपयोग किया जाता है। केवल इच्छित उपयोगकर्ता ही उनके साथ साझा की गई विभिन्न सीक्रेट की के माध्यम से इस तक पहुंच पाते हैं। उनमें से जो भी अगुवाई करता है वह एकतरफा टनल पर निर्भर करता है, जो कि या तो किसी गंतव्य पर ट्रैफिक भेजने के लिए बाहर की ओर अग्रसर हो सकती हैं या ट्रैफिक स्वीकार करने के लिए अंदर की ओर अग्रसर हो सकती हैं।

वहीं, दूसरी ओर टोर ब्राउजर दरअसल टोर सर्किट नामक नेटवर्कों पर चलता है ताकि वेबसाइटों को ब्राउज करते समय उपयोगकर्ताओं को गुमनाम रखा जा सके। यह वितरित नेटवर्क रिले के माध्यम से उपयोगकर्ता ट्रैफिक को भेजता है जिसका प्रबंधन स्वयंसेवकों द्वारा किया जाता है, जो कि टोर नेटवर्क के रूप में भी जाने जाते हैं। डिस्क फोरेंसिक, मेमोरी फोरेंसिक, और नेटवर्क फोरेंसिक को जब डार्कवेब की मॉनिटरिंग के साथ जोड़ा जाता है, तो वे कलाकृतियों के निष्कर्षण, एम्बेडेड एंटी-फोरेंसिक तत्वों का पता लगाने, टोर ब्राउजर के पथ को जानने, संबंधित ट्रैफिक में अवरोध उत्पन्न करने, फाइल सिस्टम की मैपिंग करने और समयावधि का विश्लेषण करने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। कानून प्रवर्तन एजेंसियां इन चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर रही हैं। क्रिप्टो टोकन से जुड़ी आपराधिक जांच और संबंधित संचालन कार्य धीरे-धीरे बेहतर हो रहे हैं। निजी क्षेत्र के साथ सहयोग देश की सीमाओं के भीतर और उसके पार काफी अधिक देखा जाता है। क्रिप्टोकरेंसी बाजार के हितधारकों, विशेषकर क्रिप्टो एक्सचेंजों ने गैरकानूनी इस्तेमाल पर लगाम लगाने के लिए शिकंजा कसना शुरू कर दिया। जिम्मेदार क्रिप्टो एक्सचेंज कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए प्रतीत होते हैं। ब्लॉकचेन के विश्लेषण और क्रिप्टो जांच के अनेक तरीके उभर रहे हैं। इस प्रयास में सहायता के लिए अब विशिष्ट उपकरण, क्षमताएं, और सेवाएं तैयार की गई हैं। दुनिया भर की कई कानून प्रवर्तन एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से कुछ सफलता मिली। वे कुछ मामलों में कुछ लोगों या बाजारों की पहचान करने में सक्षम साबित हुई थीं। ठोस कार्रवाई के लिए खुफिया जानकारी जुटाने और समन्वित कार्यों का समय पर निष्पादन करने के लिए उच्च स्तर पर सहयोग की आवश्यकता होती है। भौगोलिक सीमाओं से बाधाएं उत्पन्न होती हैं, क्षेत्राधिकार संबंधी चिंताएं बाधाओं का कारण बनती हैं, खुफिया जानकारियों के आदान-प्रदान के लिए अनुकूल नियम न होने से संबंधित जांच पटरी से उतर सकती है, और कानूनी प्रावधान न होने से आपराधिक अवसंरचना को जब्त करना मुश्किल हो सकता है। सुसंगत, मात्रात्मक और गुणात्मक डेटा की कमी अभी भी एक चुनौती है, जो कानून प्रवर्तन एजेंसियों की खतरा-पहचान क्षमता, प्राथमिकता निर्धारित करने और संसाधन जुटाने को काफी सीमित कर रही है। हालांकि, ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस (ओएसआईएनटी) तरीकों को देखते हुए संबंधित सूचनाएं साझा करने, डेटा विश्लेषण, विशेष उपकरणों का उद्भव करने, और विशेष कौशल का उपयोग करने को अक्सर क्रिप्टो और डार्क वेब से जुड़े अपराधों की जांच के लिए निर्दिष्ट किया जाता है। कानून प्रवर्तन अधिकारियों को अपनी क्षमताओं में वृद्धि करनी चाहिए, विभिन्न युक्तियां सीखनी चाहिए, विभिन्न उपकरणों एवं तरीकों के बारे में स्वयं सचेत रहना चाहिए, और निजी क्षेत्र में उपलब्ध कौशल के साथ सहयोग करना चाहिए। उन्हें संबंधित जानकारियों को आपस में जोड़ने, डार्कनेट पर हो रही विभिन्न गतिविधियों का खुलासा करने, और इस नेटवर्क के खिलाफ अभियानों में सक्रिय रूप से शामिल होने के तरीके तलाशने चाहिए। डार्कनेट नेटवर्कों, सेवाओं, क्रिप्टोकरेंसी जांच, और सूचना एकत्र करने की विशेष राजनीतिक, नीतिगत और परिचालन समझ ही इसमें सफलता की कुंजी होगी, जैसा कि यूएनओडीसी ने सलाह दी है। एनएफटी, एआई, और मेटावर्स के मौजूदा दौर में 13 और 14 जुलाई को एनसीआर में अपराध और सुरक्षा पर होने वाले जी20 सम्मेलन में इस बात पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा कि एक समाज के रूप में हम क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट के वर्तमान जमाने में कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने में व्यापक प्रगति आखिरकार कैसे हासिल करते हैं।

**(लेखक, भारतीय डेटा सुरक्षा परिषद के सीईओ हैं, इनका डीएससीआई और दूरसंचार बुनियादी ढांचे, सूचना सुरक्षा और आईटी परिवर्तन में 27 से अधिक वर्षों का अनुभव है।)**

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



# समावेशी विकास पर ध्यान दें : राष्ट्रपति

## संसद के दोनों सदनों के अध्यक्ष राजस्थानी, यह गर्व की बात

**एजेंसी। जयपुर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि जनप्रतिनिधियों को मैं, मेरा के स्थान पर मेरा देश, मेरी जनता, मेरा समाज की सोच रखते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने विधायकों से समावेशी विकास और जनहित की परम्परा को मजबूत बनाते हुए विधानसभा के जरिए संसदीय गरिमा को बढ़ाने और राजस्थान के समग्र विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति मुर्मू 15वीं राजस्थान विधान सभा के आठवें सत्र के पुनः आरम्भ होने पर शुक्रवार को यहां आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विशेष रूप से सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता बहुत प्यार से चुनकर भेजती है, ऐसे में उनका चाल-चलन, व्यवहार, आचार-विचार सब जनता के हित को ध्यान में रखते हुए ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि कानून बनाते समय जनता की वर्तमान जरूरतों और व्यापक जनहित का ध्यान रखें। उन्होंने स्वाधीनता संग्राम के आदर्शों को अपनाते हुए सामाजिक न्याय और बंधुत्व की भावना के लिए कार्य किए जाने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान संसद के दोनों सदनों के अध्यक्ष राजस्थान से आते हैं, यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 168 के अंतर्गत प्रदेश में विधानसभाओं के गठन का प्रावधान लागू हुआ। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पहली विधानसभा 1952 में अस्तित्व में आई लेकिन 1956 में प्रदेश के एकीकरण के साथ विधानसभा का वर्तमान स्वरूप निर्धारित होने लगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गणतंत्र की परम्परा प्राचीन काल से ही देखने को मिलती हैं, यहां उत्तरी राजस्थान के भूभाग में पांचवीं शताब्दी तक यौधेय जनजाति का गणराज्य था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थानी भाषा में सभी के अभिनंदन से अपने उद्बोधन की शुरूआत की। उन्होंने राजस्थान विधानसभा के निर्माण और उसकी ऐतिहासिक यात्रा को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि राजस्थान अपनी गौरवमय परम्पराओं, स्थापत्य और शिल्प धरोहर में अनूठा है। उन्होंने जयपुर को यूनेस्को द्वारा ऐतिहासिक नगरी का दर्जा दिए जाने के लिए बधाई भी दी। उन्होंने अपने सम्बोधन में राजस्थान के गौरवशाली इतिहास, शूर-वीरता, सभ्यता, संस्कृति, साहित्य और पधारो म्हारे देस के आतिथ्य सत्कार सहित सभी आयामों की चर्चा की।

राष्ट्रपति ने महाकवि माघ, चन्दवरदाई, मीराबाई के साहित्यिक अवदान को स्मरण किया, तो उन्होंने पृथ्वीराज चौहान, राणा सांगा और महाराणा प्रताप के साथ-साथ उनके सहयोगी रहे राणा पूंजा को भी याद किया। उन्होंने डूंगरपुर की आदिवासी बालिका कालीबाई के आजादी में रहे योगदान को याद करते हुए गोविंद गुरु को महान स्वतंत्रता सेनानी बताते हुए कहा कि स्वाभिमान की भावना राजस्थान के लोगों में कूट-कूट कर भरी है।

राष्ट्रपति ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मोहनलाल सुखाड़िया से लेकर पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. भैरोंसिंह शेखावत द्वारा राजस्थान के विकास के लिए किए गए कार्यों को याद किया। उन्होंने बाल विवाह निरोधक कानून (शारदा एक्ट) को महत्वपूर्ण बताते हुए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए प्रदेश में किए गए कार्यों की भी चर्चा की।

# भारत-फ्रांस का रिश्ता अटूट ऐतिहासिक : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पेरिस के ला सीन म्यूजिकल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय समुदाय के बीच अपने संबोधन की शुरूआत 'भारत माता की जय' के नारे के साथ की। उन्होंने कहा कि आज का ये नजारा, ये दृश्य अपने आप में अद्भुत है। ये उत्साह अभूतपूर्व है। ये स्वागत उल्लास से भर देने वाला है। भारत माता की आवाज सुनकर ऐसे लगता है कि घर आ गया हूं। आप सभी का यहां आने के लिए हृदय से आभार। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस का रिश्ता ऐतिहासिक है। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं इससे पहले भी कई बार फ्रांस आ चुका हूं लेकिन इस बार मेरा फ्रांस आना और भी विशेष है। कल फ्रांस का नेशनल डे है। मैं फ्रांस की जनता को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुझे आमंत्रित करने के लिए मैं फ्रांस के लोगों का हृदय से धन्यवाद करता हूं। मोदी ने कहा कि आज दिन में प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न मुझे एयरपोर्ट पर रिसीव करने आई थीं और कल मैं अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ नेशनल डे परेड का हिस्सा बनूंगा। ये आत्मीयता सिर्फ दो देशों के नेताओं के बीच नहीं है बल्कि ये भारत-फ्रांस की अटूट दोस्ती का प्रतिबिंब है, रिफ्लेक्शन है।

उन्होंने यहां भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश से दूर जब मैं भारत माता की जय का आह्वान सुनता हूं, कहीं से आवाज आती है- नमस्कार तो ऐसा लगता है जैसे घर आ गया हूं पर हम भारतीय जहां भी जाते हैं, एक मिनी इंडिया जरूर बना लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे आज बताया गया कि इस समारोह में बहुत लोग ऐसे हैं, जो 11-11, 12-12 घंटे सफर करके यहां पहुंचे हैं। इससे बड़ा प्यार क्या हो सकता है। हम जानते हैं कि टेक्नोलॉजी के जमाने में किसी के लिए भी घर बैठकर के मोबाइल फोन पर लाइव टेलीकास्ट सुनना तो मुश्किल काम नहीं है लेकिन उसके बावजूद भी इतनी बड़ी तादात में, इतने दूर से लोगों का आना, समय निकालकर आना... मेरे लिए तो एक बहुत बड़ा सौभाग्य का अवसर है कि मुझे आप सबके दर्शन करने का अवसर मिला है। मैं आप सभी का यहां आने के लिए हृदय से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

## हिमाचल में जीप खाई में गिरी, पांच की मौत

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला के सुंदरनगर में एक जीप के गहरी खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई और चार गम्भीर रूप से घायल हैं। हादसा गुरुवार देर रात ग्राम पंचायत घीड़ी के कुशला इलाके में हुआ। पुलिस के मुताबिक बोलेरो (एचपी31-8349) में सवार लोग मंडी जिले के विख्यात मंदिर कमरुनाग से दर्शन करके वापिस अपने घर जा रहे थे। रात करीब 09 बजे बोलेरो जब कुशला लिंक रोड नीचे उतर रही थी, तो चालक ने गाड़ी से अपना नियन्त्रण खो दिया तथा जीप लगभग 700 फीट ढाक से नीचे लुढ़क गई।

## एससी को मिले दो नये न्यायाधीश न्यायमूर्ति भुइयां-भट्टी ने शपथ ली

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एस. वेंकटनारायण भट्टी को शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ दिलाई। इसके साथ ही शीर्ष अदालत में प्रधान न्यायाधीश सहित कुल न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 32 हो गई। उच्चतम न्यायालय में कुल 34 न्यायाधीश नियुक्त किए जा सकते हैं। शीर्ष अदालत के सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधान न्यायाधीश ने दो नये न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। केंद्र सरकार ने 12 जुलाई को न्यायमूर्ति भुइयां और न्यायमूर्ति भट्टी को पदोन्नत कर उच्चतम न्यायालय में नियुक्त करने की मंजूरी दी थी। न्यायमूर्ति भुइयां तेलंगाना उच्च न्यायालय के और न्यायमूर्ति भट्टी केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे।

## बाढ़ से हुआ नुकसान डराने वाला : नड्डा

**एजेंसी। कुल्लू**



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार इस आपदा की घड़ी में प्रदेश के प्रभावितों के साथ खड़ी है। बारिश बाढ़ के कारण करोड़ों रुपये की निजी और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आश्वस्त किया है कि प्रदेश को इस मुसीबत की घड़ी में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। जिनका नुकसान हुआ, उनके प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुक्रवार को भुंतर में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी को जैसे ही प्राकृतिक आपदा की खबर मिली, उन्होंने तुरंत प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात कर पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने एनडीआरएफ की 13 टीमें राहत और बचाव कार्य के लिए राज्य में भेज दी थी, जिससे राहत और बचाव कार्यों को गति मिली है। नड्डा ने कहा कि बारिश और बाढ़ से बहुत अधिक नुकसान हुआ है, यह दिल को डरा देने वाला है। राहत के लिए केंद्र सरकार ने राज्य को 180 करोड़ रुपये का राहत पैकेज दिया गया है। यहां का दौरा करने के बाद वह नुकसान की पूरी जानकारी मोदी को देंगे और राज्य में राहत कार्यों के लिए और पैकेज जारी कराने का प्रयास करेंगे।

## कश्मीर में आतंकियों ने बिहार के 3 मजदूरों को मारी गोली

**एजेंसी। शोपियां**

शोपियां जिले के गगरान इलाके में गुरुवार रात आतंकियों ने तीन गैर कश्मीरी मजदूरों को गोली मारकर घायल कर दिया जिनका श्रीनगर के श्री महाराजा हरि सिंह अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं, सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को पूरी कश्मीर घाटी में अलर्ट कर दिया है और तलाशी अभियान जारी रखा है। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने आने-जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया है। सुरक्षाबल के जवान हर नाके पर गाड़ियों की भी तलाशी ले रहे हैं। गौरतलब है कि गुरुवार रात घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तथा अर्धसैनिक बल के अधिकारियों ने मौके पहुंच कर वहां मौजूद अन्य लोगों से पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने पूरे इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। वहीं, प्रवासी मजदूरों की बस्तियों तथा जहां वे किराए पर रहते हैं, वहां सुरक्षा बढ़ा दी गई है। गुरुवार रात घटना के बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया जो आज यानी शुक्रवार को भी जारी है। घायल मजदूरों की पहचान अनमोल कुमार, हीरालाल यादव व पिंटू कुमार ठाकुर के रूप में की गई है।

## बदलते रहिए क्रेडिट, डेबिट कार्ड का पिन नम्बर

**आरएनएम। नई दिल्ली**

आप कई वर्ष से अपने क्रेडिट और डेबिट कार्ड का पिन नम्बर बदले नहीं हैं तो हैकरों व फ्रॉड करने वालों को आमंत्रित कर रहे हैं। आपको याद नहीं होगा कि ट्रांजैक्शन के लिए कितनी बार और कहां-कहां अपना पिन डाला है। इसलिए लगातार बढ़ रहे साइबर फ्रॉड से बचने के लिए अपने क्रेडिट व डेबिट कार्ड का पिन नंबर हर तीन माह में बदल दें। इसके लिए ध्यान रखना होगा कि आपका सिक्योरिटी पिन आपके द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे दूसरे पिन की तरह नहीं होना चाहिए। अपने फोन के अनलॉक कोड या ईमेल पासवर्ड को अपना पिन नहीं बनाएं। कुछ लोग आसानी के लिए अपना पिन 1234 या 0000 कर लेते हैं। जबकि ये आसानी से हैक किए जाने वाले पिन हैं। इसलिए नंबर का ऐसा सीक्वेंस इस्तेमाल करें जो रैंडम हो, और जिसका अंदाजा लगाना मुश्किल हो। आप नंबर और अक्षरों के ऐसे कॉम्बिनेशन का इस्तेमाल करें जिसे हैकर्स के लिए क्रैक करना मुश्किल हो। जितना बड़ा आपका सिक्योरिटी पिन होगा, किसी हैकर के लिए उसे क्रैक करना उतना मुश्किल होगा। अपने पिन को 6 से 8 संख्या में रखें।कभी भी अपने कार्ड या वॉलेट पर सिक्योरिटी पिन को लिखकर नहीं रखें। पर्स या कार्ड के चोरी होने की स्थिति में आपका पासवर्ड भी चोरी हो जाएगा। अपने कार्ड और पिन को सुरक्षित रखें और कभी किसी के साथ इसे शेयर ना करें।

## कानून का प्रभाव असंवैधानिक है तो उसे जाना ही होगा : बॉम्बे हाईकोर्ट

**आरएनएम। नई दिल्ली**

बॉम्बे हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने कहा कि फर्जी खबरों के विरूद्ध आया नया आईटी नियम एक तरह का फरमान है, क्योंकि यह कंटेंट को उचित ठहराने या बचाव करने का अवसर नहीं देता है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी हाल ही में संशोधित नए आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए की, जो केंद्र सरकार को सोशल मीडिया में सरकार के खिलाफ फर्जी खबरों की पहचान करने का अधिकार देती है। इससे पहले कोर्ट ने कहा था कि नियम बनाते समय इरादे चाहे कितने भी प्रशंसनीय या ऊंचे क्यों न हों, अगर किसी नियम या कानून का प्रभाव असंवैधानिक है तो उसे जाना ही होगा। खंडपीठ ने यह जानना चाहा कि संशोधित नियमों के तहत सरकारी बिजनेस क्या है क्योंकि इसमें महाराष्ट्र के हालिया राजनीतिक घटनाक्रम का जिक्र है जहां एक पार्टी दूसरे में जा रही है। पीठ ने यह भी सवाल किया कि संशोधित नियमों के तहत, सरकार ने केवल सरकारी बिजनेस से संबंधित कंटेंट के लिए 'लोको पेरेंटिस' (प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा रेगुलेशन या पर्यवेक्षण) क्यों लिया है, जबकि सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई प्रत्येक जानकारी या कंटेंट के लिए ऐसा नहीं है।

बॉम्बे हाईकोर्ट संशोधित आईटी नियमों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स ने नियमों के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की और उन्हें मनमाना, असंवैधानिक बताया और कहा कि इसका नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर भयानक प्रभाव पड़ेगा। इन याचिकाओं में अदालत से संशोधित नियमों को असंवैधानिक घोषित करने और सरकार को नियमों के तहत किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की गई है।




## आलिया करेंगी एक्शन सीन, स्पाई यूनिवर्स में एक्ट्रेस की एंट्री



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस आलिया भट्ट को अब तक हमने ज्यादातर प्रेम कहानियों पर आधारित फिल्मों में ही देखा है। साथ ही पिछले साल गंगा हरजीवनदास काठियावाड़ी के जीवन पर आधारित फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में उनकी भूमिका काफी चर्चा में रही थी, लेकिन अब आलिया एक्शन सीन करती नजर आएंगी। उन्होंने शाहरुख खान और सलमान खान की स्पाई यूनिवर्स में एंट्री ले ली है। यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया है। कई रिकॉर्ड भी टूटे हैं। चाहे वो सलमान की 'टाइगर' हो या शाहरुख की 'पठान' स्पाई यूनिवर्स की फिल्मों को दर्शकों से तूफानी प्रतिक्रिया मिली है। दीपिका पादुकोण और कैटरीना कैफ दोनों को दर्शकों ने इस स्पाई यूनिवर्स की फिल्मों में खतरनाक स्टंट करते हुए देखा है। अब इसमें आलिया की एंट्री हो गई है तो आलिया भी दीपिका और कैटरीना की तरह स्टंट करती नजर आएंगी।

## सुनील शेट्टी ने बेटी को दी सलाह और दामाद को चेतावनी



**बॉलीवुड** एक्टर सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी की छह महीने पहले क्रिकेटर केएल राहुल से शादी हुई है। अब सुनील ने बेटी अथिया को रिश्ते को सफल बनाने की सलाह दी है। इसलिए उन्होंने अपने दामाद केएल राहुल को चेतावनी दी है। सुनील शेट्टी ने मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी लड़की को सलाह दी कि जिंदगी में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन इन उतार-चढ़ाव से रिश्तों को कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाना चाहिए। किसी भी रिश्ते में विश्वास महत्वपूर्ण है। क्योंकि केएल राहुल एक खिलाड़ी हैं और उन्हें काम के सिलसिले में बाहर जाना पड़ता है। ऐसे में वह उसे पूरे समय अपने साथ नहीं रख सकता।

**सेहत** — आपका हृदय एक दिन में एक लाख बार धड़कता है

# अपने हृदय को स्वस्थ रखने का उपाय करिए

**आरएनएम। नई दिल्ली**



यदि आपका हृदय कुछ मिनट आराम करने लगे तब तो आपका तो रामनाथ सत्य हो जाएगा। इसलिए उसको स्वस्थ रखने के लिए आपको अपनी जीभ व मन पर लगाम लगाये रखते हुए स्वास्थ्यवर्धक खान -पान से लेकर कसरत करने के हर तरह का उपक्रम करना चाहिए। जानते हैं आपका हृदय आपको ज़िंदा रखने के लिए एक सेकेंड भी आराम नहीं करता है। यह एक दिन -एक रात यानि चौबीस घंटे में लगभग एक लाख बार धड़कता (फैलता और सिकुड़ता) है। एक मिनट में 5 से 6 लीटर तक रक्त पंप करता है जो कि प्रतिदिन लगभग 2,000 गैलन के बराबर है। हम जब सो रहे होते हैं तो भी यह अपना काम करता रहता है। यह हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। यह हर समय पूरे शरीर में रक्त पंप करता है, जिससे सभी अंगों को बेहतर तरीके से काम करते रहने के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और पोषक तत्व प्राप्त होता रहे। यानी कि हृदय को पूरे शरीर का मॉनिटर कहा जा सकता है। लेकिन कुछ दशकों में रहन -सहन , दिनचर्या , में धूम्रपान ,ड्रग सेवन , दारू बाजी का चलन बढ़ते जाने से हृदय पर इतना जोर पड़ने लगा है कि जवाब देने लगा है। इससे संबंधित कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। पहले जहां हृदय रोगों को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या के रूप में जाना जाता था वहीं अब कम उम्र के लोग भी इसके शिकार हो रहे हैं। हृदय रोगों से संबंधित खबरें, जानकारियां तो आप रोज सुनते-देखते रहते होंगे, पर क्या आप अपने हृदय के बारे में जानते हैं? यह कैसे काम करता है, रक्त को पंप कैसे करता है? या किन स्थितियों में हृदय रोगों का खतरा बढ़ सकता है? जहां तक इसके काम करने के तरीके का सवाल है तो हमारा दिल लगातार धड़कता रहता है, स्वस्थ व्यक्ति में प्रति मिनट 60 से 100 बार तक। जैसे ही दिल धड़कता है, यह रक्त वाहिकाओं की एक प्रणाली जिसे सकुर्लेटरी सिस्टम कहा जाता है, उसके माध्यम से रक्त को पंप करता है। हृदय से जुड़ी लोचदार वाहिकाओं के माध्यम से ये रक्त शरीर के हर हिस्से तक पहुंचता है। फेफड़ों से प्राप्त ऑक्सीजन भी इसी खून के साथ शरीर के बाकी हिस्सों में जाता है। शरीर के अंगों-ऊतकों को स्वस्थ रखने के लिए यह प्रक्रिया आवश्यक होती है, इसमें होने वाली किसी भी बाधा का असर पूरे शरीर पर हो सकता है।शरीर के सभी अंगों की तरह आपका हृदय भी ऊतकों से बना होता है जिसे ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति की आवश्यकता होती है।

## बादशाह करेंगे धारावी के बच्चों का मार्गदर्शन



**लोकप्रिय** रैपर बादशाह 'द धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट' (टीडीडीपी) के साथ धारावी में बच्चों के लिए गुरु बन गए हैं। बादशाह ने कहा, ₹म्यूजिक की आईडियोलॉजी प्लेटफॉर्म की विचारधारा धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट के साथ मेरे जुड़ाव को मजबूत करती है। अगली जनरेशन तक इसके बढ़ने का एकमात्र तरीका मेंटरशिप और स्ट्रीट मेंटरशिप के माध्यम से है। 2013 में ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान, फिल्ममेकर शेखर कपूर और सीरियल इंटरप्रेन्योर दिवंगत समीर बंगारा एक गैर-लाभकारी संगठन टीडीडीपी के लॉन्च के साथ धारावी के टैलेंट्स को खोजने और उन्हें आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए एक साथ आए थे। अपने 10वें साल की शुरूआत करते हुए, टीडीडीपी स्वर्गीय समीर बंगारा को श्रद्धांजलि के रूप में 15 जुलाई को संस्थापक दिवस पर धारावी की पहली रिकॉर्डिंग फैसिलिटी शुरू करेगी। टैलेंट के हाथों में सत्ता और स्वामित्व वापस देने के प्रयास में, रिकॉर्डिंग स्टूडियो अपने क्वालिटी इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्लोबल साउंड सिस्टम के साथ, टीडीडीपी में टैलेंट्स को बढ़ाने और सशक्त बनाने के लिए बादशाह के साथ हाथ मिलाएगा।